CMYK

सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:55
अधिकतम तापमान : 35.7
न्यूनतम : 26.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-340 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 02 जून 2026
15 जिलहिज्जा 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## 27 राज्यसभा सीटों, तीन राज्यों में विधान परिषदों के चुनाव की अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सोमवार को 27 राज्यसभा सीटों और 3 राज्यों में विधान परिषदों के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी। सभी चुनावों के लिए वोटिंग 18 जून को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगी। वोटों की गिनती उसी दिन शाम 5 बजे से शुरू होगी।

चुनाव आयोग की तरफ से जारी शेड्यूल के मुताबिक राज्यसभा और विधान परिषद चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि आठ जून है। नामांकन पत्रों की जांच नौ जून को की जाएगी। वहीं, उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि 11 जून है। मतगणना 18 जून को ही मतदान की समाप्ति के बाद की जाएगी।

चुनाव आयोग ने बताया कि राज्यसभा में 10 राज्यों की 24 सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव होंगे। महाराष्ट्र, तमिलनाडु और ओडिशा में राज्यसभा सीटों के लिए उपचुनाव होंगे। इस बीच, बिहार में राज्य विधान परिषदों की नौ सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव होंगे, और एक सीट के लिए उपचुनाव होगा।

# पीएम स्वनिधि योजना के छह साल पूरे

■ 75 लाख से अधिक रेहड़ी और पटरी विक्रेताओं को मिला आर्थिक लाभ



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के छह वर्ष पूरे होने के अवसर पर इसकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना ने लाखों रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को बिना गारंटी ऋण, वित्तीय समावेशन और आर्थिक उन्नति के नए अवसर प्रदान किए हैं। उन्होंने इसे विश्वास, सम्मान और सशक्तिकरण पर आधारित एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

कोविड-19 महामारी के दौरान जून 2020 में शुरू की गई इस योजना को केंद्र सरकार ने वर्ष 2030 तक बढ़ा दिया है। इसके लिए 7,332 करोड़ रुपये का बढ़ा हुआ बजटीय प्रावधान किया गया है तथा ऋण सीमा में भी वृद्धि की गई है। सरकार का लक्ष्य 1.15 करोड़ लाभार्थियों तक पहुंच बनाना और यूपीआई-आधारित क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधाओं के माध्यम से स्वरोजगार को और अधिक प्रोत्साहित करना है।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना ने असंख्य रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल ऋण उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विश्वास, गरिमा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने का माध्यम भी है। प्रधानमंत्री ने सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका परिश्रम और उद्यमशीलता देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रही है। केंद्र सरकार के अनुसार, पीएम स्वनिधि योजना ने लाखों छोटे व्यापारियों के जीवन में आत्मविश्वास, अवसर और बेहतर भविष्य की संभावनाएं पैदा की हैं। सरकार ने इसे प्रधानमंत्री मोदी की स्वरोजगार, स्वावलंबन और स्वाभिमान को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया, जिसने आत्मनिर्भर भारत की नींव को मजबूत किया है। अब तक 75 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को 112 लाख से अधिक ऋण वितरित किए जा चुके हैं, जिनकी कुल राशि 17,800 करोड़ रुपये से अधिक है।

### 800 करोड़ रुपये दिए गए

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, योजना के तहत ब्याज सब्सिडी और कैशबैक प्रोत्साहनों के रूप में लगभग 800 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। इससे डिजिटल भुगतान और समय पर ऋण चुकाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिला है तथा लाभार्थियों में बेहतर वित्तीय अनुशासन विकसित हुआ है।

## पीएम मोदी की म्यांमार के राष्ट्रपति संग बैठक, द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग के साथ सोमवार को व्यापक बातचीत की जिसमें व्यापार, संपर्क, सीमा सुरक्षा और रक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। आंग ह्लाइंग इस समय भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। उनकी भारत यात्रा म्यांमार में संसदीय चुनावों के बाद उनके राष्ट्रपति बनने के दो महीने से भी कम समय में हो रही है। ये चुनाव सत्ताधारी सैन्य जुंटा के खिलाफ वर्षों से जारी विरोध प्रदर्शनों के बाद पिछले साल दिसंबर और इस साल जनवरी में हुए थे।

सैन्य जुंटा ने एक फरवरी, 2021 को तख्तापलट करके आंग सान सू ची की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंका था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर कहा, ''मित्रता और सहयोग के संबंधों को और गहरा करते हुए... प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्विपक्षीय वार्ता के लिए हैदराबाद हाउस पहुंचे म्यांमा के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग का स्वागत किया।'' म्यांमार भारत के लिए रणनीतिक रूप से अहम पड़ोसी देशों में से एक है और वह उग्रवाद प्रभावित नगालैंड तथा मणिपुर सहित कई पूर्वोत्तर राज्यों के साथ 1,640 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है।

## बंगाल में शुभेंदु कैबिनेट का विस्तार 35 नए मंत्रियों ने ली शपथ



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की शुभेंदु अधिकारी सरकार मंत्रिमंडल का सोमवार को विस्तार किया गया और यहां लोक भवन में आयोजित समारोह में 35 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली।

■ राज्यपाल आर. एन. रवि ने सभी मंत्रियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई

नबान्न में आयोजित इस शपथग्रहण समारोह में सबसे पहले सात कैबिनेट मिनिस्टर को शपथ दिलाई गई। इसके बाद तीन राज्य मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की और अंत में 19 राज्य मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की। राज्यपाल आर. एन. रवि ने सभी नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इन 35 नए मंत्रियों के शामिल होने के बाद, मंत्रिमंडल में मंत्रियों की कुल संख्या 40 हो गई है।

इससे पहले, 9 मई को शुभेंदु अधिकारी ने पांच अन्य मंत्रियों के साथ शपथ ली थी। मंत्रिमंडल में, शंकर घोष, तापस रॉय अर्जुन सिंह, रूपा गांगुली , अशोक डिंडा, स्वप्न दास गुप्ता जैसे प्रमुख नेता शामिल हैं।

# जारी रहेगा अपराधियों पर एक्शन : डीजीपी

■ राजीव कृष्ण ने दिया संदेश- जीरो टॉलरेंस, मिशन शक्ति और साइबर एक्शन



**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने सोमवार को बीते एक वर्ष की उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि आने वाले समय में पुलिस बल को एडवांस ट्रेनिंग दी जाएगी। पुलिस मुख्यालय में साइबर सुरक्षा को और सशक्त बनाने के लिए केंद्रीय स्तर पर साइबर सेंटर स्थापित किया जाएगा।

पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में डीजीपी ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं के अनुरूप पिछले एक वर्ष में उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, साइबर अपराध रोकथाम, तकनीक-आधारित पुलिसिंग और पुलिस कल्याण के क्षेत्र में व्यापक उपलब्धियां हासिल की हैं।

राजीव कृष्ण ने कहा कि पिछले सात-आठ वर्षों में प्रदेश में अपराधों में उल्लेखनीय कमी आई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति, साइबर अपराध नियंत्रण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित पुलिसिंग और सड़क सुरक्षा अभियानों ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया है। प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ सख्त एक्शन जारी है। सीएम योगी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि महिला और व्यापारियों के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित एक्शन हो। आपराधिक घटनाओं में पुलिस को पूरी तरह से सक्रिय होकर एक्शन का निर्देश है। इस स्थिति में डीजीपी इसी प्रकार की कार्रवाई की बात करते दिखे। डीजीपी ने बताया कि कार्यभार संभालने के बाद दस प्रमुख प्राथमिकताएं निर्धारित की गई थीं, जिनके आधार पर पूरे वर्ष पुलिसिंग को अधिक जवाबदेह, तकनीक-सक्षम और नागरिक केंद्रित बनाया गया। डीजीपी के अनुसार, ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रदेश में 93 प्रतिशत से अधिक दोषसिद्धि दर दर्ज की गई।

## कमर्शियल एलपीजी की कीमतों में फिर बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** देशभर में वाणिज्यिक रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडरों की कीमतों में सोमवार को एक बार फिर बढ़ोतरी की गयी। इससे होटल, रेस्तरां, कैटरिंग सेवाओं और एलपीजी पर निर्भर अन्य व्यवसायों की परिचालन लागत बढ़ने की आशंका है। दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 42 रुपये बढ़ाकर 3,113.50 रुपये कर दी गयी है।

कोलकाता में सबसे अधिक 53.50 की बढ़ोतरी दर्ज की गयी, जबकि मुंबई और चेन्नई में कीमतें क्रमशः 43.50 रुपये और 46 रुपये बढ़ायी गयी हैं। तेल विपणन कंपनियों ने पांच किलोग्राम के फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी 11 की वृद्धि की है। हालांकि घरेलू इस्तेमाल वाले 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह नवीनतम बढ़ोतरी हाल के महीनों में वाणिज्यिक एलपीजी दरों में लगातार हुई वृद्धि के बाद की गयी है।

# 'शस्त्र उठाना होगा अगर सामने खरदूषण है'

■ बिजनौर में गरजे सीएम योगी, दिया सख्त संदेश



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर में पाकिस्तानी प्रवासियों के बीच जमीन के कागज का वितरण करने के समारोह के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने बड़ा हमला बोला। सीएम योगी ने समाज में नफरत फैलाने और अपराधिक तत्वों को सीधा संदेश दिया। अगर इस प्रकार की हरकत की तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। गाजियाबाद के सूर्या चौहान हत्याकांड का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि समाज को ऐसी घटनाओं के प्रति सजग रहना होगा। उन्होंने कड़े शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि धर्म की रक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। अगर सामने खरदूषण जैसी प्रवृत्तियां हों तो शस्त्र उठाने की जरूरत भी पड़ सकती है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने दोहे के माध्यम से कहा कि 'अहिंसा और करुणा मानवता के भूषण हैं, किंतु शस्त्र उठाना होगा, अगर सामने खरदूषण हैं'। भगवान कृष्ण के श्लोक का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि 'परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम'। सज्जनों के लिए ही हम सज्जन बनें। दुर्जनों के लिए नहीं। सीएम योगी ने भगवान राम का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने भी वही किया था, 'निसिचर हीन करउं महि, भुज उठाइ पन कीन्ह'। मतलब, राक्षसों से ऋषि-मुनियों की रक्षा के लिए शस्त्र उठाया और धरती को राक्षस विहीन कर दिया। भगवान राम के संदेश को दोहराते हुए सीएम योगी ने कहा था कि उस समय भगवान का एक ही लक्ष्य था, इस धरती को राक्षस विहीन कर देंगे। ये राक्षस ऋषि-मुनियों, सामान्य नागरिकों, गरीबों को सता रहे हैं। बहन और बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। हमें भी इनसे लड़ना होगा। सीएम ने कहा कि इस प्रकार के तत्वों से आज हमें भी सख्ती से निपटना होगा। देश के खिलाफ द्रोह करने वाले लोगों के प्रति इतनी कठोरता के साथ, उतनी ही निर्ममता के साथ लड़ने के लिए तैयार होना होगा। सीएम ने इस बयान के जरिए ऐसे तत्वों के खिलाफ आगे भी सख्त एक्शन जारी रखने का संदेश दे दिया।

### गौमता की तस्वीर मामले में हमला

सीएम योगी ने गौमाता की तस्वीर सोशल मीडिया पर बकरीद के दिन लगाए जाने के मामले का जिक्र किया। सीएम योगी ने कहा कि आज ये लोग घटनाओं पर एक्शन को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। इन लोगों का मुंह तब बंद था, जब पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं, सिखों, जैनियों पर अत्याचार हो रहे थे। तब वे लोग कुछ नहीं बोल रहे थे उनका मुंह उस दिन बंद था, जब इन पीड़ित लोगों के बारे में पीएम मोदी ने कानून बनाया। इस कानून का इन लोगों ने विरोध किया।

# 19 पदक जीतने पर पीएम मोदी ने दी बधाई

■ 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने वाले भारतीय टीम को बधाई देते हुए सोमवार को कहा कि यह शानदार प्रदर्शन खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है। भारत ने हांगकांग में आयोजित की गई चार दिवसीय प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य सहित कुल 19 पदक जीतकर चीन (14 स्वर्ण, नौ रजत, दो कांस्य) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया।

मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने के लिए भारतीय टीम को हार्दिक बधाई। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन भारत के युवा एथलीटों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है। उम्मीद है कि यह उपलब्धियां आने वाले वर्षों में और भी कई युवा भारतीयों को खेल में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित करेंगी।'' जापान 18 पदकों (पांच स्वर्ण, पांच रजत, आठ कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

# 29 वर्ष पुराने मामले में अदालत ने सुनाया कड़ा फैसला

■ दरोगा के साथ डॉक्टर को जेल भेजा

(उत्पल दादा) अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** वाराणसी की अदालत ने पुलिस कस्टडी (हिरासत) में मौत के 29 साल पुराने एक मामले में ऐतिहासिक और कठोर फैसला सुनाया है। अदालत ने फैसला सुनाते हुए तत्कालीन चौकी इंचार्ज और एक एएसआई सहित मामले में दोषी पाए गए सभी पुलिसकर्मियों व डॉक्टर को जेल की सजा सुनाई है।

अदालत ने कानून का उल्लंघन करने वाले दो दारोगाओं के साथ पुलिसिया बर्बरता पर पर्दा डालने वाले पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर को भी दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया है। अदालत ने तत्कालीन सुंदरपुर चौकी प्रभारी को 10 साल के कठोर कारावास और थाने के तत्कालीन एएसआई को छह महीने की सजा सुनाई है। वहीं, खाकी के गुनाह को छुपाने के दोषी पाए गए डॉक्टर को पांच साल की सुनाई गई। अदालत ने सोमवार को प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डा. के के जैन, रिटायर्ड दारोगा नरेन्द्र प्रताप सिंह और राधेश्याम सिंह को दोषी करार दिया है। वही अदालत ने डा. के के जैन को पांच वर्ष के कारावास एवं 40 हजार जुर्माना, नरेंद्र प्रताप सिंह को दस साल कारावास एवं 31 हजार तथा राधेश्याम सिंह को छह माह कारावास एवं एक हजार रुपया जुर्माने की सज़ा दी है।

दोषियों द्वारा जुर्माना देने पर अदालत ने 50 प्रतिशत धनराशि मृतक के परिजन को देने का आदेश दिया है. अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी गंगाशरण ने पैरवी करते हुए मृतक की पत्नी समेत 12 गवाहों को परीक्षित कराए। अभियोजन पक्ष के अनुसार घटना पांच फरवरी 1997 की है।

**यह था मामला :** बस में सीट को लेकर किसी यात्री से कहासुनी हो गई। उसी दौरान सुंदरपुर पुलिस चौकी पर तत्कालीन दारोगा नरेंद्र प्रताप सिंह मौजूद थे। राजेन्द्र को पकड़ कर पुलिस चौकी ले गए और उस पर आरोप लगाया कि यात्री दयाराम की जेब से सौ रुपया निकाल लिया है। बाद में, पुलिस की प्रताड़ना से चौकी पर उसी दिन शाम में राजेंद्र की मौत हो गई. मृत्यु के बाद दारोगा नरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा मृतक के खिलाफ लंका थाना पर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया। मानवाधिकार आयोग द्वारा संज्ञान लिए जाने पर जांच सीबीसीआईडी को सौंप दी गई। सीबीसीआईडी ने जांच के बाद थाना लंका 15 अप्रैल 1998 को प्रार्थना पत्र दिया और 22 अप्रैल को तत्कालीन थाना प्रभारी हसन अब्बास सहित 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के बाद 11 लोगों के खिलाफ अलग-अलग तिथियों पर अदालत में दाखिल की गई। मुकदमे की सुनवाई सात दिसंबर 2005 से अदालत में आरंभ हुई। इनमें से दो आरोपितों अपर नगर मजिस्ट्रेट अवध मणि त्रिपाठी व कविंद्र नारायण सिंह को आरोप निर्धारण के स्तर पर न्यायालय द्वारा उन्मोचित कर दिया गया।

## पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणी

# ईरान परमाणु समझौता चाहता है, आलोचक शांत रहें : ट्रंप



**वॉशिंगटन।** अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि ईरान अमरीका के साथ एक समझौते पर पहुंचने के लिए उत्सुक है और उम्मीद है कि किसी भी संभावित समझौते से अमेरिका तथा उसके सहयोगी दोनों को लाभ होगा। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में राजनीतिक विरोधियों और अपनी ही पार्टी के कुछ सदस्यों की आलोचना करते हुए कहा कि जारी बातचीत पर सार्वजनिक टिप्पणियां राजनयिक प्रयासों को ज्यादा कठिन बना रही है।

उन्होंने कहा, 'ईरान वास्तव में समझौता करना चाहता है और यह समझौता अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए फायदेमंद होगा।' उन्होंने डेमोक्रेट्स और कुछ रिपब्लिकन पर बातचीत को कमजोर करने का आरोप लगाया क्योंकि वे बार-बार अलग-अलग दृष्टिकोणों की वकालत कर रहे हैं, जिनमें बातचीत को तेज करना और सैन्य कार्रवाई करना शामिल है। उन्होंने आगे कहा, 'बस आराम से बैठिए क्योंकि अंत में सब कुछ ठीक हो जाएगा - हमेशा ऐसा ही होता है।'

ट्रंप की ये टिप्पणियां पश्चिम एशिया में जारी राजनयिक प्रयासों एवं बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच आई हैं। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान के साथ प्रस्तावित समझौते में और संशोधन करने की मांग की है जिसका उद्देश्य युद्धविराम को बढ़ाना और तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर नए सिरे से बातचीत के लिए परिस्थितियां बनाना है। नवीनतम मसौदे में 60 दिनों के लिए संघर्ष विराम, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के उपाय और ईरान की परमाणु गतिविधियों पर वार्ता फिर से शुरू करने के लिए एक रूपरेखा शामिल है। अभी तक किसी अंतिम समझौते की घोषणा नहीं की गई है।

## ईरानी विदेश मंत्री की सीधी चेतावनी

■ लेबनान या ईरान में किसी भी आक्रामकता को हम सीजफायर का उल्लंघन मानेंगे



**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका और इजरायल को सख्त संदेश दिया गया है। अमेरिका से शांति समझौते पर बातचीत के बीच ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान या लेबनान में किसी भी तरह के हमले हुए तो इसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लेबनान या ईरान में किसी भी आक्रामकता को हम सीजफायर का उल्लंघन मानेंगे।

अराघची का यह बयान ऐसे समय आया है, जब इजरायल ने लेबनान में भीषण हमले किए हैं तो ईरान के कुछ साइट पर अमेरिकी की ओर से अटैक किए गए हैं। अब्बास अराघची ने सोमवार शाम एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, 'ध्यान दीजिए: ईरान और अमेरिका के बीच हुआ संघर्षविराम बिना किसी संदेह के सभी मोर्चों पर लागू है, जिसमें लेबनान भी शामिल है। किसी एक मोर्चे पर इसका उल्लंघन, सभी मोर्चों पर संघर्षविराम का उल्लंघन माना जाएगा। किसी भी प्रकार के उल्लंघन के परिणामों के लिए अमेरिका और इजरायल जिम्मेदार होंगे।

# भारत ओमान व्यापार समझौता सोमवार से लागू

■ द्विपक्षीय संबंधों में एक नए अध्याय की शुरूआत



**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौते के सोमवार से लागू होने को दोनों देशों के संबंधों में एक नये अध्याय की शुरुआत बताया। पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया पर कहा, आज से भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) लागू हो रहा है, और मैं इस बारे में लिख रहा हूँ कि यह समझौता दोनों देशों के बीच आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को कैसे और मजबूत करेगा।

वाणिज्य मंत्री ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के भारत की वैश्विक व्यापार साझेदारी को विस्तार देने के दृष्टिकोण से प्रेरित यह समझौता नए बाजार खोलकर, निर्यात बढ़ाकर, निवेश आकर्षित करके और रोजगार सृजन में तेजी लाकर भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और लघु एवं मध्यम उद्यमों को महत्वपूर्ण रूप से लाभ पहुंचाएगा।'

गौरतलब है कि दोनों देशों ने पिछले वर्ष दिसंबर में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यह समझौता ऐसे समय प्रभावी हो रहा है जब खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष की स्थिति के कारण क्षेत्र के देशों के साथ भारत का व्यापार प्रभावित हुआ है। ओमान छोटा देश है और वहां की आबादी 55 लाख तथा सकल घरेलू उत्पाद 110 अरब डॉलर का है इसलिए भारत और ओमान के उपेक्षित व्यापार का स्तर आबादी और अर्थव्यवस्था की सीमाओं में रहने की संभावना है। भारत और ओमान के बीच 2024 25 में द्विपक्षीय व्यापार 10.61 अरब डॉलर के बराबर था।

### 98 प्रतिशत वस्तुओं पर शुल्क में शत प्रतिशत छूट

द्विपक्षीय समझौते के तहत भारत को ओमान के बाजार में अपनी निर्यात सूची की 98. 08 प्रतिशत वस्तुओं पर शुल्क में शत प्रतिशत छूट मिलेगी। इससे इंजीनियरिंग, औषधि समुद्री उत्पाद, कपड़ा ,रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स, प्लास्टिक और रत्न -आभूषण क्षेत्र को फायदा मिलने की संभावना है। सरकार ने इस समझौते के तहत श्रम गहन घरेलू क्षेत्र के हितों को ध्यान में रखा है।

CMYK

# मेहनत, समर्पण और अनुशासन ही सफलता की असली कुंजी हैं: अंजनी कुमार सिंह

## खीरी के होनहारों पर बरसी सम्मान की बारिश, मेडल-शील्ड और 21 हजार के चेक पाकर खिल उठे चेहरे




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** खीरी में सोमवार का दिन टॉपर विद्यार्थियों के लिए खास रहा। जिला प्रशासन की ओर से कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में यूपी बोर्ड परीक्षा के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप टेन विद्यार्थियों का भव्य अलंकरण समारोह आयोजित हुआ, जिसमे मेधावियों को प्रोत्साहन राशि की 21 हजार की डेमो चेक के साथ ही शील्ड और मेडल भी प्रदान किया माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। कार्यक्रम में डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। इसके बाद डीएम अंजनी कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सदर विधायक योगेश वर्मा, धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी और सीडीओ अभिषेक कुमार ने मेधावियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हुए सकारात्मक बदलावों का परिणाम आज विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धियों के रूप में दिखाई दे रहा है। उन्होंने छात्रों से मेहनत, ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते हुए विकसित भारत के निर्माण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। वहीं विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि सफलता उन्हीं के कदम चूमती है जो निरंतर प्रयास करते हैं। जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने शिक्षा को सफलता की सबसे मजबूत नींव बताते हुए विद्यार्थियों से अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था ने प्रतिभाओं को सही पहचान दिलाई है। उन्होंने छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और गुरुजनों को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत, समर्पण और अनुशासन ही सफलता की असली कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राओं ने कठिन परिश्रम से बोर्ड परीक्षा को उल्लेखनीय अंकों के साथ उत्तीर्ण कर परिवार व जिले का नाम रोशन किया है।

### हाईस्कूल के मेधावी

अर्जित गुप्ता, हर्षित तिवारी, आयुष वर्मा, अरविंद कुमार गौतम, प्रांशु, आर्यन वर्मा, आयुष, इशांत शर्मा, हृदयानशी, अंश पटेल, सिद्धार्थ दीक्षित।

### इंटर के मेधावी

उमाशंकर, शौर्य गुप्ता, अचल वर्मा, आयुष, प्रियांशु सिंह, शुभम कुमार मौर्या, श्रद्धेय श्रीवास्तव, रजत चक्रवर्ती, तेजस्वी नारायण शर्मा, अनुरुद्ध कुमार।

## कार में अचानक लगी आग फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुचकर बुझाई आग

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन हाईवे पर ग्राम सुन्सी मोड़ के पास एक कार में अचानक आग लग गई। कार में बैठे दो लोग जैसे-तैसे कर कार का गेट खोल भागे और अपनी जान बचाई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने किसी तरह आग बुझाई, लेकिन तब तक कार जलकर खाक हो चुकी थी। राजकुमार पुत्र सुकई निवासी ग्राम सरपतहा थाना ईसानगर ने बताया कि शुक्रवार को कार खरीदने के बाद सोमवार सुबह वह खैराबाद आरटीओ ऑफिस सीन कराने गए थे। वापस लौटते समय दोपहर लगभग 12 बजे जैसे ही ओयल क्षेत्र के सुंसी मोड़ पर पहुंचे तो अचानक गाड़ी की रेस छूट गई उन्होंने कार किनारे रोक दी। जैसे ही कार रोकी, वह बहुत तेजी से जलने लगी। कार में आग लगी देख वह और कार में मौजूद सुधाकर दोनों ही कार से उतर कर दूर भागे। कार जलने की सूचना पर चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे। दोनों तरफ निकलने वाले वाहनों को रोका, जिससे कोई घटना ना हो। लगभग एक घंटा यातायात बाधित रहा। जैसे ही आग की स्थिति सामान्य होने लगी वैसे ही दोनों तरफ के वाहनों को सुचारू रूप से आवागमन शुरू करा दिया गया। वहीं घटना के करीब एक घंटे बाद पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया, तब तक कार पूरी तरह जल कर राख हो चुकी थी।

## सीएमओ के आधीन तैनात रहकर काम कर रहे चार डाक्टरों का तबादला

**लखीमपुर-खीरी।** जिले में सीएमओ के आधीन तैनात रहकर काम कर रहे चार डाक्टरों का तबादला हो गया। निदेशालय की जारी लिस्ट में डाक्टरों के खुद के अनुरोध पर दूसरे जिलों में भेजा गया है। कुछ दिनों पहले गोला सीएचसी अधीक्षक डा गणेश को लखनऊ भेजा गया। डा निशांत गुप्ता, डा अनूप कुमार को लखनऊ और डा सर्वेश कुमार को जिला अस्पताल रायबरेली भेजा गया है।

## खेत में मगरमच्छ देखे जाने से मचा हड़कंप



**लखीमपुर-खीरी।** उत्तर निघासन वन रेंज के अयोध्या पुरवा गांव के पास एक खेत में मगरमच्छ देखे जाने से हड़कंप मच गया, ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित जौरहा नदी में छोड़ दिया।

## अवैध तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** मितौली पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 218/2026 धारा 109(1)/352/351(3) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट के वांछित अभियुक्त वीरेन्द्र यादव पुत्र विश्राम लाल निवासी ग्राम मोहम्मदपुर नगरा थाना मितौली को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व दो खोखा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुऐ न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

## कर्मचारी संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन में शामिल होने का लिया निर्णय

**लखीमपुर-खीरी।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा, संविदा कर्मचारी संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन में शामिल होने का निर्णय लिया है। इस संबंध में संघ की जनपद इकाई लखीमपुर खीरी द्वारा अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण को पत्र देकर आंदोलन कार्यक्रम की जानकारी दी गई है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों के साथ वेतन भुगतान एवं सेवा शर्तों में भेदभाव किया जा रहा है। कर्मचारियों ने कार्य के अनुरूप अनुबंध लागू करने, न्यूनतम वेतन 18 हजार रुपये निर्धारित करने तथा पूर्व में जारी आदेशों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग उठाई है।इसके अलावा आउटसोर्स कर्मचारियों की सुरक्षा, दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की रोकथाम तथा कुशल श्रमिकों के स्थान पर अकुशल कर्मियों की तैनाती बंद करने की मांग भी प्रमुख रूप से शामिल है।संघ के अनुसार प्रदेशभर के लगभग 29 हजार आउटसोर्स कर्मचारी आंदोलन में भाग लेंगे। घोषित कार्यक्रम के तहत जून माह में विभिन्न जनपदों में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा तथा जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। इसके बाद 5 जून को जिलाधिकारियों के माध्यम से शासन को ज्ञापन भेजा जाएगा।

## शिया वक्फ बोर्ड के स्थायी अधिवक्ता मंजर हुसैन काजमी ने दिया इस्तीफा, लगाए गंभीर आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के जिला जज न्यायालय सहारनपुर में नियुक्त अवैतनिक स्थायी अधिवक्ता मंजर हुसैन काजमी एडवोकेट ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैनध्कार्यपालक अधिकारी को भेजते हुए इसे स्वीकार किए जाने की मांग की है। अपने त्यागपत्र में मंजर हुसैन काजमी ने कहा है कि उन्हें वर्ष 2019 में वक्फ बोर्ड द्वारा सहारनपुर जनपद में वक्फ संबंधी मुकदमों की पैरवी के लिए अवैतनिक स्थायी अधिवक्ता नियुक्त किया गया था और उन्होंने पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ वक्फ बोर्ड के हित में कार्य किया। उन्होंने बताया कि वक्फ गुलाम मुस्तुफा खां मस्जिद अंसारियान (वक्फ संख्या आई-707) के प्रबंधन को लेकर स्थानीय शिया समाज के प्रतिष्ठित लोगों द्वारा 11 सदस्यीय समिति के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसकी उन्होंने स्थायी अधिवक्ता होने के नाते संस्तुति की थी। त्यागपत्र में काजमी ने आरोप लगाया है कि उनकी संस्तुति के बाद कुछ लोगों ने उनसे मतभेद शुरू कर दिए और उन पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया। उनका कहना है कि वह किसी भी प्रकार के दबाव में रहकर वक्फ संपत्तियों के हितों के विरुद्ध कार्य नहीं कर सकते। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोग सहारनपुर की विभिन्न वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन पर अपने परिजनों का प्रभाव स्थापित करना चाहते हैं। मंजर हुसैन काजमी ने कहा कि वक्फ संपत्तियों के हितों से समझौता करने के बजाय उन्होंने अपने पद से त्यागपत्र देना उचित समझा। उन्होंने अपना त्यागपत्र पंजीकृत डाक, जनसुनवाई पोर्टल तथा अन्य माध्यमों से वक्फ बोर्ड को प्रेषित कर दिया है और इसे स्वीकार करने का अनुरोध किया है।

## विद्युत निजीकरण व मूल्य वृद्धि के विरोध में माकपा का प्रदर्शन

**सहारनपुर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) माकपा, ने राष्ट्र व्यापी आंदोलन के अर्न्तगत विद्युत निजीकरण, बिजली दरों में वृद्धि तथा स्मार्ट मीटर योजना के विरोध में सोमवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। जिलाध्यक्ष नवनीत सिंह के नेतृत्व में सीटू एवं माकपा कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पहुंचे और सरकार की विद्युत नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। ज्ञापन में बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाने, बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी वापस लेने तथा स्मार्ट मीटर योजना को समाप्त करने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि बिजली के निजीकरण और बढ़ती दरों का सीधा असर आम जनता, किसानों एवं श्रमिकों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां केवल अंबानी और अडाणी के लिए ही बनाई जा रही है उन्हें आम जनता से कोई सरोकार नहीं है जिस कारण आज हर वर्ग परेशान है।

# नए जिला गन्ना अधिकारी के आने पर होगी गन्ना मूल्य वार्ता: चै. विनय कुमार



सहारनपुर में जिला मुख्यालय पर आयोजित मासिक बैठक को सम्बोधित करते राष्ट्रीय सचिव चै. विनय कुमार।

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय सचिव चै. विनय कुमार ने कहा किसानों की समस्याओं को लेकर संगठन पूरी तरह से गंभीर है, लेकिन जिला गन्ना अधिकारी का स्थानांतरण होने के कारण वार्ता को स्थागित किया गया तथा हरिद्वार में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय सम्मेलन में भागेदारी को आह्वान किया। आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित खनन कार्यालय परिसर में मासिक बैठक में राष्ट्रीय सचिव विनय कुमार ने बताया कि बजाज व टोडरपुर चीनी मिल के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर एक जून का समय दिया गया था, लेकिन इसी बीच जिला गन्ना अधिकारी का स्थानांतरण हो जाने कारण वार्ता स्थागित कर दिया गया है, नये जिला गन्ना अधिकारी के आने पर ही वार्ता की जायेगी। डिप्टी सीसी का घेराव अगली नियत तिथि को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरिद्वार चिंतन शिविर 15, 16, 17 व 18 जून को लाल कोठी हरिद्वार में हो रहा है, जिसमें सभी की भागेदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। सभा में मंडल अध्यक्ष चैधरी अशोक कुमार, जिला प्रवक्ता चैधरी संजय, पश्चिम प्रदेश प्रवक्ता मास्टर रघुवीर सिंह, अमित मुखिया बबलू, चैधरी भाग सिंह, चैधरी पहल, युवा जिला अध्यक्ष नदीम अंसारी, सचिन, श्यामवीर सैनी, सोनू ,मनोज, संजय चैधरी, मूसा प्रधान, सचिन, अरुण राणा, धर्मवीर, प्रवीण, सोनवीर, योगेंद्र, भूरा, प्रेम, ललित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ड्यूटी कर बाइक से जाते समय आंधी से गिरे पेड़ से टकरा गया पीआरडी जवान हुई मौत

**लखीमपुर-खीरी।** ड्यूटी कर घर से बाइक से जाते समय रविवार रात पीआरडी जवान आंधी से गिरे पेड़ से टकरा गया। हादसे में पीआरडी जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। जिनकी हालत गंभीर होने पर इलाज के लिए परिजन बरेली लेकर गए थे, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस के अनुसार गांव खाखिन निवासी ओम प्रकाश (46) पुत्र केसरी पीआरडी के जवान थे, जो मोहम्मदी में कार्यरत थे। ड्यूटी समाप्त के बाद वह बाइक से घर जा रहे थे। नेशनल हाईवे पर गांव बड़खर में लगे पेट्रोल पंप के पास तेज आंधी में सड़क पर गिरे पेड़ से टकरा गए जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें मोहम्मदी सीएचसी पर भर्ती कराया गया था। हालत नाजुक होने के चलते इलाज के लिए बरेली भेजा गया था, जहां रविवार की रात मौत हो गई। सोमवार को परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

## एक राहगीर को बाइक सवार ने मारी टक्कर इलाज के दौरान मौत

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर में एक राहगीर को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में राहगीर इश्तियाक खान घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना बसहा माफी गांव के पास हुई थी शहर से मजदूरी कर वापस पैदल घर जा रहे राहगीर को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार और राहगीर घायल हो गये। घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान राहगीर की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के बसहा माफी गांव निवासी 40 वर्षीय इश्तियाक खान पुत्र नसरत खान रविवार सुबह लखीमपुर मजदूरी करने गया था। शाम को काम करके वापस पतरासी तक बस से आया। पतरासी चौराहे पर बस से उतर कर वह अपने घर बसहा पैदल जा रहा था। वह बसहा गांव के बाहर पहुंचा ही था कि तभी गांव की तरफ से पतरासी जा रहे गांव के ही बाइक सवार अमरजीत और उपेन्द्र की बाइक राहगीर से टकरा गयी टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिसमे तीनों लोग घायल हो गये। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान रात को इश्तियाक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## जेईई एडवांस्ड 2026 में बीएनएसडी शिक्षा निकेतन के छात्र दिव्यांश कुमार गुप्ता ने लहराया परचम



**कानपुर।** बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के मेधावी छात्र दिव्यांश कुमार गुप्ता ने जेईई (एडवांस्ड) 2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। दिव्यांश ने ऑल इंडिया सीआरएल रैंक 1923 प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं जनपद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। दिव्यांश की यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि उन्होंने यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में विद्यालय टॉपर बनने का गौरव भी प्राप्त किया था। लगातार शानदार प्रदर्शन कर उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि दृढ़ संकल्प, कठिन परिश्रम और लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। दिव्यांश की सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उनकी इस उपलब्धि को प्रेरणादायक बताते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजमोहन कुमार सिंह ने दिव्यांश कुमार गुप्ता को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दिव्यांश भविष्य में भी अपनी प्रतिभा से नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दिव्यांश को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## नवाबगंज में कोचिंग संचालक की खून से सनी लाश मिलने से सनसनी

**कानपुर।** नवाबगंज इलाके में सोमवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक कोचिंग इंस्टीट्यूट के अंदर संचालक का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। IPL फाइनल देखने की बात कहकर रात में कोचिंग पर रुके संचालक की मौत ने पूरे इलाके को दहला दिया। छात्रों की सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए, जबकि परिजनों ने हत्या के पीछे लूटपाट की आशंका जताई है। यशोदा नगर निवासी 47 वर्षीय प्रकाश चंद्र गुप्ता विष्णुपुरी स्थित डाटा एक्सपर्ट कोचिंग इंस्टीट्यूट चलाते थे। करीब दस वर्षों से वह इसी कोचिंग की फ्रेंचाइजी संचालित कर रहे थे। रविवार रात उन्होंने छोटे भाई विकास गुप्ता को फोन कर बताया था कि गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल फाइनल देखकर ही घर लौटेंगे। लेकिन रात बीत गई और वह वापस नहीं पहुंचे। सोमवार सुबह करीब नौ बजे जब छात्र कोचिंग पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। फर्श पर खून फैला था और प्रकाश गुप्ता का शव पड़ा था। छात्रों ने तुरंत डॉयल-112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंचे भाई विकास गुप्ता ने दावा किया कि हत्या से पहले लूटपाट की गई। उनका कहना है कि ऑफिस का सामान टूटा पड़ा था, शव को घसीटकर अंदर ले जाया गया था और मृतक की चेन, ब्रेसलेट व मोबाइल गायब थे। उन्होंने आरोप लगाया कि चेहरे और आंखों पर गंभीर चोटों से साफ है कि हमलावरों ने बेरहमी दिखाई। डीसीपी सेंट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक की आंख के ऊपर चोट के निशान मिले हैं और मुंह से खून बह रहा था।

## गंगा बैराज बना रणक्षेत्र, मछली पकड़ने के विवाद में चली गोली-तलवार

**कानपुर।** गंगा बैराज इलाके में मछली पकड़ने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। रामपुर गांव में दो पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट के दौरान गोली व तलवारें चलने से इलाके में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान आकाश निषाद ने शुभम उर्फ माका पर गोली चला दी। गोली लगते ही शुभम लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा, जिसके बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया। डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, मामूली कहासुनी अचानक हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि दोनों पक्षों के लोगों ने जमकर लाठी-डंडे चलाए, वहीं तलवारें लहराने से गांव में अफरा-तफरी मच गई।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर चला जागरूकता अभियान, तम्बाकू छोड़ने की दिलाई शपथ

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के तहत जनपदभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार के निर्देश पर नोडल अधिकारी श्रीमती शिवांका गौड़ के नेतृत्व में तम्बाकू सेवन की रोकथाम और लोगों को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की गईं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने वीडियो संदेश के माध्यम से जनपदवासियों, विशेषकर युवाओं से अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा तम्बाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों का सेवन न करने की अपील की। इस दौरान कार्यालय में अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन को तम्बाकू सेवन न करने की शपथ भी दिलाई गई। नोडल अधिकारी श्रीमती शिवांका गौड़ ने तम्बाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए बताया कि इससे हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, कैंसर तथा श्वास संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इस वर्ष विश्व तम्बाकू निषेध दिवस की थीम रखी गई है। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को तम्बाकू उद्योगों द्वारा विभिन्न माध्यमों से आकर्षित किए जाने के खतरों के बारे में जागरूक किया गया तथा निकोटीन और तम्बाकू की लत से दूर रहने का संदेश दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय और जिला चिकित्सालय में हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं सभी ब्लॉक स्तरीय एवं शहरी स्वास्थ्य केंद्रों पर आशा, एएनएम और सीएचओ को स्वयं के साथ-साथ आमजन को भी तम्बाकू उत्पादों का प्रयोग न करने के लिए जागरूक करने तथा शपथ दिलाने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और तम्बाकू मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का संदेश दिया गया।

## पुलिस ने अवैध खनन से भरे दो ट्रैक्टर-ट्राली किए सीज

**सहारनपुर।** थाना नकुड़ पुलिस ने अवैध खनन सामग्री परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़कर सीज कर दिया। जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी अभिमन्यु के निर्देश पर अवैध खनन परिवहन करने वालों के विरूद्ध सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना नकुड़ पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा व उपनिरीक्षक रविंद्र धामा के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान अवैध खनन की सूचना पर ग्राम टाकर के पास दो नीले रंग के सोनालिका ट्रैक्टरों को रेत से भरे डबल ट्राला को रोककर चैकिंग करने का प्रयास किया तो चालक मौके से फरार हो गए। दोनों ट्रैक्टर-ट्रालियों से अवैध खनन का कार्य किया जा रहा था। दोनों ट्रैक्टरों को मय खनिज यमुना की बालू से भरी ट्रालियों सहित थाना परिसर में लाकर खड़ा कर दिया। पुलिस ने खनन सम्बंधी अग्रिम कार्यवाही के लिए सम्बंधित विभागों को रिपोर्ट भेज दी है।

## गोला नगर पालिका परिषद के नए ईओ बने मुकेश कुमार

**लखीमपुर-खीरी।** नगर पालिका परिषद गोला के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार का तबादला फतेहपुर कर दिया गया है। उनके स्थान पर उन्नाव नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार को गोला नगर पालिका परिषद का नया ईओ नियुक्त किया गया है। शासन के आदेश के बाद स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जल्द ही मुकेश कुमार अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे।

## सर्जरी के बिना भी संभव है वाल्वुलर हार्ट डिजिज का इलाज: डा. सुधांशु

**सहारनपुर।** फोर्टिस हास्पिटल मोहाली से आए वरिष्ठ कार्डियोलोजिस्ट डॉ. सुधांशु बुडाकोटी न कहा कि अब वाल्वुलर हार्ट डिजिज का इलाज सर्जरी के बिना भी सम्भव है। उन्होंने कहा कि वाल्व में क्लीपिंग लगाकर उसका इलाज किया जाता है। डा. सुधांशु आज जीपीओ रोड स्थित एक होटल के सभागार में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित वैज्ञानिक गोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब हार्ट मे लीडलैस पेसमेकर लगाए जाते हैं, जिसमें बैट्री की कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था में जब बाईपास सर्जरी या स्टेन्ट डालना, बहुत मुश्किल होता है। ऐसी स्थिति में इन्ट्रा वैसकलर लिथोट्रिप्सी के जरिए स्टेन्ट डाला जाता है। आईएमए के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण शर्मा ने कहा कि नई तकनीक के आने वाल्वुलर हार्ट डिजिज का इलाज बहुत आसान हो गया है।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आरोग्यधाम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम

*अवधनामा संवाददाता*



**कानपुर।** आज प्रातः 7:00 बजे आर्य नगर स्थित परशुराम वाटिका में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 250 से अधिक बच्चों बुजुर्गों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति मे टोबेकोसूर नाम के राक्षस से लोगों के अंदर कैंसर रूपी बीमारी का भय प्रदर्शित किया गया। आरोग्यधाम के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर हेमंत मोहन डॉक्टर आरती मोहन ने मुख्य अतिथि आईसीएसई बोर्ड के वरिष्ठ शिक्षक एसके तिवारी विशिष्ट अतिथि लाल इमली के वरिष्ठ अधिकारी सुधीर उपाध्याय एवं वरिष्ठ समाजसेवी राजीव तिवारी आर्य नगर मंत्री की उपस्थिति में आरोग्यधाम संस्थापिका श्रीमती पुष्पा मोहन ने तंबाकू सिगरेट निकोटीन एवं धूम्रपान के दुष्प्रभावों पर परिचर्चा करते हुए डॉक्टर आरती मोहन ने कहा कि जो महिलाएं धूम्रपान तंबाकू निकोटिन का सेवन कर रही है गर्भावस्था के दौरान बच्चों पर मानसिक व शारीरिक रूप से विपरीत प्रभाव पड़ रहा है इस अवसर पर मुख्य अतिथि एस के तिवारी ने कहा कि 10% बच्चों में प्रातः स्कूल जाने के पहले तंबाकू व सिगरेट की लत के शिकार हो रहे हैं ऐसे बच्चों की काउंसलिंग के द्वारा कैंसर रूप ए बीमारियों के प्रति उनको अगाह किया जाना चाहिए जिस समय से इस बुरी आदत से छुटकारा मिल जाए।

वरिष्ठ होम्योपैथिक फिजिशियन डॉक्टर हेमंत मोहन ने कहा कि यदि मुंह में चले लंबे समय से ठीक ना हो रहे हो तो मेडिकल स्टोर ना जाकर विशेषज्ञ से चिकित्सी सलाह लेनी चाहिए तंबाकू निषेध दिवस पर फेफड़ों के कैंसर होने पर ऑक्सीजन की मात्रा काम हो जाती है साथ ही साथ ग्लोबल वार्मिंग में पौध रोपण पर भी चिकित्सकों ने जोर दिया और कहा कि अगर यह काम नहीं करेंगे तो तापमान आज जो 48 डिग्री है वह 55 डिग्री पार कर जाएगा जो मानव जीवन के लिए खतरा है इस अवसर पर सीलिंग हाउस की छात्रा अरुणिमा मोहन ने तंबाकू के साथ सिगरेट स्मोकिंग पर स्पीच देते हुए जन जागरण को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में रैली निकाली गई साथ ही साथ तंबाकू से संबंधित मेडिकल क्विज में बच्चों से सवाल जवाब किए गए सही जवाब देने वाले बच्चों को आरोग्यधाम परिवार ने जागरूकता करने के लिए सम्मानित किया।

जिसमें प्रमुख रूप से अनन्या गुप्ता, मान्य गुप्ता, दिव्या गुप्ता, आदित्य शर्मा, हार्दिक निगम, देवनाथ गुप्ता, आराध्या सिंह ने मेडिकल क्विज में सही जवाब देकर सम्मान प्राप्त किया।

## मोती झील में लगा कानपुर समर कार्निवल में उमडा जन सैलाब



*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** मोती झील प्रांगण में ड्रीमलैंड एवं दिल्ली अम्यूजमेंट द्वारा कानपुर समर कार्निवल 24 में से शुरू है । बकरीद के उपलक्ष्य में आज भारी संख्या में जन सैलाब उमड़ा है । यहां पर देसी विदेशी झूलो का आधुनिक संसार ड्रीमलैंड कई वर्षो से मोती झील में कानपुर की जनता को मनोरंजन करता चला रहा है । मेला प्रबंधन मुजीव जी ने बताया कि बकरीद के उपलक्ष्य में आज भारी संख्या में जन सैलाब उमडा है। हमने सारी व्यवस्थाएं पहले से ही कर ली थी। जिससे आने वाले दर्शकों को कोई परेशानी ना हो सिक्योरिटी पर्याप्त मात्रा में लगाई गई है। सीसीटीवी कैमरे लगे हैं पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मेरी कानपुर जनता से अपील है कि अपने परिवार के साथ एक बार आए मेले का आनंद उठाएं। हम लोगों ने पहली बार कानपुर समर कार्निवल लगाया है। उसका एक बार आनंद अवश्य लें।

# बोर्ड परीक्षा के जिला टॉपरों को डीएम ने मेडल व नकद राशि देकर नवाजा

- कलेक्ट्रेट में गूंजीं मेधावियों की किलकारियां, मुख्यमंत्री के सम्मान समारोह कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया

अवधनामा संवाददाता




**महोबा।** उत्तर माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में प्रदेश स्तर टापटेन मेधावियों को लखनऊ में आयोजित सम्मन समारोह में मुख्यमंत्री ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जबकि जिला स्तर की टापटेन सूची में शामिल यूपी बोर्ड और अन्य बोर्ड के परीक्षार्थियों को कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने फूलमाला पहनाकर और मेडल देकर मेधावियों को सम्मानित किया साथ ही लखनऊ में मुख्यमंत्री के सम्मान समारोह कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद्, प्रयागराज परीक्षा वर्ष 2026 के हाईस्कूल और इंटर में प्रथम 10 स्थान प्राप्त एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद्, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली व काउन्सिल फॉर दि इण्डियन स्कूल सर्टिफिकेट इग्जामिनेशन, नई दिल्ली के सर्वोच्य 223 राज्य स्तरीय मेधावी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों (प्रत्येक विद्यार्थी के 01 अभिभावक) को राज्य स्तर पर लोक भवन, लखनऊ में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री के कर कमलों से सम्मानित किया गया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में मेधावी विद्यार्थियों को दिखाया गया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद्, परीक्षा वर्ष 2026 के जिला स्तरीय प्रथम हाईस्कूल स्तर के 10 और इंटरमीएिडट स्तर के 10 मेधावी विद्यार्थियों, कुल 20 मेधावी विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र के अलावा 21 हजार रुपये की धनराशि कोषागार के माध्यम से सम्बन्धित के खातों में हस्तान्तरित करते हुये जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने जिले में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2026 में प्रथम 10 स्थान लाने वाले छात्र छात्राओं को बधाई दी और संदेश दिया कि सफलता की कुंजी कठिन परिश्रम है। कार्यक्रम का संचालन राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद्र यादव, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, सरस्वती विद्या मंदिर चरखारी के प्रधानाचार्य नवीन कुमार अवस्थी, काशीप्रसाद इंटर कालेज खेरला प्रधानाचार्य गया प्रसाद त्यागी, मौजूद रहे।

## डीएम ने गौ आश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक में लापरवाही पर जताई नाराजगी

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी ने की गो आश्रय स्थलों की समीक्षा, लापरवाही पर जताई नाराजगी, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए कड़े निर्देश जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में गो आश्रय स्थल जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न गो आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं, संरचनात्मक सुविधाओं, गोवंश संरक्षण, वित्तीय प्रबंधन तथा संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त गौशालाओं में आगामी वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधरोपण की तैयारी सुनिश्चित की जाए तथा तीन दिवस के भीतर कार्ययोजना सहित रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। समीक्षा के दौरान गौशाला कड़ियोली एवं मौधा में भूमि ऊसर होने के कारण लगाए गए पौधों के सूखने की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को भूमि उपचार एवं पौधों की बेहतर वृद्धि हेतु तकनीकी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## विश्व धूम्रपान निषेध दिवस : 'धूम्रपान छोड़ें, जीवन चुनें' जिला नशा मुक्ति केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- जागरूकता कार्यक्रम में दिलाई नशामुक्ति की शपथ

अवधनामा संवाददाता




**महोबा।** इंटीग्रेटेड रि-हैबिलिटेशन एंड रिसोर्स द्वारा संचालित जिला नशा मुक्ति केंद्र बजरिया महोबा में विश्व धूमपान निषेध दिवस पर रविवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धुमपान न करने प्रति लोगों को प्रेरित किया गया साथ ही धूम्रपान से होने वाले शारीरिक और सामाजिक प्रभावों पर विस्तारण से डाक्टरों ने जानकारी दी। इस मौके पर लोगों को धुमपान के प्रति जागरूकता लाने के लिए पंपलेट वितरित कर नशा मुक्त जीवन बनाए जाने की शपथ ग्रहण कराई गई।

फतेहपुर बजरिया में संचालित जिला नशा मुक्ति केंद्र के चिकित्साधिकारी डॉ. तनवीर कौसर ने धूमपान से होने वाली हानियों से लोगों को रुबरू कराते हुए कहा कि धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है, इसमें मौजूद हजारों जहरीले रसायन फेफड़ों, दिल और मस्तिष्क सहित पूरे शरीर को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाते हैं। डाक्टर ने कहा कि जो व्यक्ति जीवन भर धूम्रपान करता है, उसे फेफड़े, मुंह, नाक, स्वरयंत्र, जीभ, नाक के साइनस, अन्नप्रणाली, गला, अग्न्याशय, अस्थि मज्जा (मायलोइड ल्यूकेमिया), गुर्दा, गर्भाशय ग्रीवा, अंडाशय, मूत्रवाहिनी, यकृत, मूत्राशय, आंत और पेट का कैंसर आदि कई संभावित घातक बीमारियों के होने का उच्च जोखिम होता है।

आडीआईसी शिवानी ने कहा कि धूम्रपान छोड़ने के लिए व्यक्ति को पक्का इरादाए मजबूत इच्छाशक्ति और सही योजना प्लान का होना सबसे जरूरी है स साथ ही धूम्रपान छोड़ने के लिए पक्का इरादाए मजबूत इच्छाशक्ति और सही योजना यप्लानद्ध का होना सबसे जरूरी है। उन्होंने सभी लोगों से धुमपान न करने की सलाह दी। काउंसलर नीलू चतुर्वेदी ने कहा कि धूम्रपान केवल एक व्यक्तिगत स्वास्थ्य समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज को प्रभावित करता है। इसके प्रमुख सामाजिक दुष्प्रभावों में परिवार का टूटना, पारिवारिक आय का अपव्यय, बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव और दूसरों को होने वाली गंभीर स्वास्थ्य हानियां शामिल हैं। अंत में उपस्थित लोगों को चिकित्साधिकारी ने धूमपान न करने की शपथ ग्रहण दिलाई।

# हास्य-व्यंग्य-इमोशन्स का तड़का 'छोड़ो यार जाने दो' वेब सिरीज़

- सिचुएशनल कॉमेडी पर आधारित रोचक धारावहिक 20 जून को हो रही रिलीज़ -
- बनारस व यूपी के वास्तविक लोकेशन्स पर हुई पूरी शूटिंग

(उत्पल दादा) अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** सोशल मीडिया पर ट्रेलर और शॉर्ट्स के जरिये हंगामा मचा रही आने वाली हिन्दी वेब सिरीज़ 'छोड़ो यार जाने दो' सीज़न-1 की क्लिपिंग्स सम्पूर्ण भारत के दर्शकों को आकर्षित कर रही है. यूट्यूब पर डीजी फिलमिंग ओटीटी ओरिजिनल्स ( डिजिटल फिल्मांकन ओटीटी ओरिजिनल्स ) पर ये आगामी 20 जून को रिलीज़ होगी।

ग्रामीण भारत के प्राइमरी हेल्थ सेंटर (पीएचसी ) की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सटायरिकल ड्रामेडी हास्य, इमोशन, राजनीति और गांव की जिंदगी की सच्चाइयों का अनोखा सम्मिश्रण दर्शकों के सामने पेश करेगी। वेब सीरीज का निर्देशन समर के. मुखर्जी ने किया है, लेखक इमरान और स्क्रीनप्ले-संवाद शकील कुरैशी का है। सुप्रसिद्ध एक्टर हितेन तेजवानी, डेज़ी बोपन्ना, अनंत जोग, प्रिंस दुआ से सजी इस वेब सीरीज़ में बनारस के कलाकार सुरोजीत चैटर्जी, अमर मुखर्जी, आनंद कुमार, अखिलेश शुक्ला, शिल्पी बैनर्जी तथा सुनील कटियार आदि अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। सीरीज की शूटिंग वाराणसी समेत यूपी के ओरिजनल लोकेशंस पर की गई है। समर के मुताबिक इस वेब सीरीज़ का ये सीज़न-1 है. इसे पहले यूट्यूब पर रिलीज़ करने के बाद विभिन्न फ्री टीवी चैनलों पर प्रदर्शित किया जाएगा।

## गेल इंडिया ने संझा चूल्हा' मे नेचुरल गैस पीएनजी सेवा प्रारंभ की

अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वाराणसी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन परियोजना के अंतर्गत स्वच्छ, सुरक्षित एवं किफायती ऊर्जा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हासिल करते हुए शिवपुर क्षेत्र स्थित होटल 'संझा चूल्हा' (यूनिट-1) में पीएनजी आपूर्ति का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया। गेल इंडिया ने बताया कि,यह कदम वाणिज्यिक एवं आतिथ्य क्षेत्र को हरित ऊर्जा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस आपूर्ति परियोजना का सफल क्रियान्वयन गेल की प्रोजेक्ट्स टीम द्वारा किया गया, जिसका नेतृत्व नवाज़िश अली अंसारी, (उप महाप्रबंधक डीजीएम-प्रोजेक्ट्स) द्वारा किया जा रहा है। वहीं,वाराणसी सीजीडी परियोजना का



समग्र संचालन सुशील कुमार, महाप्रबंधक (जीएम) के मार्गदर्शन में सुचारु रूप से संचालित हो रहा है। सुशील कुमार ने बताया कि,

शिवपुर स्थित होटल 'संझा चूल्हा जो प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करता है, पूर्व में अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रति माह लगभग 30 एलपीजी सिलेंडरों पर निर्भर था। वही पीएनजी आपूर्ति प्रारंभ होने के बाद अब होटल को निरंतर, सुरक्षित एवं निर्बाध गैस उपलब्ध हो रही है।

## प्राचीन संत कबीर प्राकट्य स्थली में 10 दिवसीय 'कबीर गायन-वादन प्रशिक्षण कार्यशाला' के आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** महान प्रणेता संत कबीर दास जी का प्राकट्य ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा को हुआ था। कबीर साहेब का प्राकट्य वाराणसी के लहरतारा स्थित तालाब में हुआ था। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्राचीन संत कबीर प्राकट्य जन्मस्थली, लहरतारा (वाराणसी) में ज्येष्ठ माह के पावन अवसर पर 10 दिवसीय 'कबीर गायन-वादन एवं व्याख्यान कार्यशाला' का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन प्राचीन संत कबीर प्राकट्य जन्मस्थली लहरतारा वाराणसी एवं संत कबीर अकादमी मगहर संत कबीर नगर (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश ) के संयुक्त तत्वावधान में 2 जून से 11 जून 2026 तक आयोजित होगा। इस निशुल्क कार्यशाला में देश के किसी भी कोने से कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है। इसके लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है, यह पूरी तरह निशुल्क है।

बताया गया कि, यह कार्यशाला 2 जून से 11 जून तक प्रतिदिन सायं 5:00 बजे से 7:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्राचीन संत कबीर प्राकट्य स्थल के पीठाधीश्वर महंत गोविंद दास शास्त्री ने बताया कि, इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण का नेतृत्व 'कबीर ताना-बाना ग्रुप' के मुख्य गायक संत देवेंद्र दास देव जी करेंगे।

**विद्वानों का व्याख्यान:** कार्यशाला में विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्वान प्रोफेसर, साहित्यकार और कबीर पंथ के मर्मज्ञ वक्ता के रूप में आमंत्रित किए गए हैं। इस भव्य आयोजन का मुख्य उद्देश्य कबीर प्रेमियों और आम जनमानस को कबीर साहेब के विचारों, दर्शन और संगीत से गहराई से जोड़ना है, ताकि वे उनके बताए सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा ले सकें।

## स्टंट वाजो पर एसएसपी की सख्त कार्यवाही, दरोगा के साथ की थी मारपीट




अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** महानगर के सासनी गेट चौराहे पर अहिल्या बाई होलकर की जन्म सतब्दी का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें की कुछ हुडदंग बाजो ने ट्रैक्टर और मोटरसाइकल से स्टंट करना शुरू कर दिया। वहां बहुत भीड़ थी कोई भी घटना हो सकती थी जिसको ध्यान में रखकर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने हुडदंग बाजो को रोकना चाहा तो नहीं माने। उसी दौरान वहां मौजूद दरोगा राजकुमार धाकड़ के साथ मारपीट की जिससे दरोगा की वर्दी तक फट गई और हाथ पैर में गंभीर चोट आई। भीड़ ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। जिसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई। सूचना पर पुलिस अधिक्षक नगर आदित्य बंसल पहुंचे। उन्होंने भीड़ को समझना चाहा परंतु भीड़ नहीं मानी। जिसके बाद उन्होंने हुडदंग कर रहे 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना सासनी गेट भेज दिया।

वही कार्यक्रम में मौजूद सपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी धनगर थाने पर पहुंची। और थाने पर इंस्पेक्टर से आरोपियों को छुड़ाने के लिए नोक झोंक होती रही। इसको लेकर अलीगढ़ पुलिस कप्तान नीरज जादौन ने सख्त रुख अपनाते हुए यह संदेश दिया कि अपराधियों को बक्शा नहीं जायेगा। आज थाने में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया।

## विशेष जन-जागरूकता अभियान के तहत हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी अविनाश कुमार द्वारा विद्यालयों में सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए विशेष जन-जागरूकता अभियान एवं विद्यालयी परिवहन सुरक्षा मानकों के कड़ाई से क्रियान्वयन के दृष्टिगत दिए गये निर्देशों के क्रम में सोमवार को बीआरसी लोधा पर बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक यातायात प्रवीन कुमार ने उपस्थित समस्त प्रबन्धकों, प्रधानाचार्यों एवं ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विद्यालय में परिवहन सुरक्षा समिति का अनिवार्य रूप से गठन कर उसकी नियमित बैठकें आहूत कर पंजिका संधारित की जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवहन में प्रयुक्त होने वाले सभी वाहनों की फिटनेस वैध होनी चाहिए। इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित विद्यालय प्रबन्धन का होगा। स्कूली वाहनों का संचालन करने वाले समस्त चालकों का पुलिस विभाग द्वारा चरित्र सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए। उन्होंने सभी विद्यालयी वाहनों में सीसीटीवी कैमरे, फर्स्ट ऐड बॉक्स एवं अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप से स्थापित एवं क्रियाशील अवस्था में रखने के भी निर्देश दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 पूरन सिंह बताया कि ग्रीष्म कालीन अवकाश के उपरांत छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालयों में अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सभी विद्यालयों के प्रबन्धक व प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया कि अपने स्कूलों के सामने आगे स्कूल है कृपया धीरे चलें' का साइन वोर्ड अवश्य लगाएं। बैठक उपस्थितजनों को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का उल्लंघन एक दण्डनीय अपराध है। सुरक्षा मानकों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही किसी भी दशा में क्षम्य नहीं होगी और दोषी के विरुद्व कठोर दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। अन्त में समझदार बनें, सुरक्षित रहें के संकल्प के साथ बैठक का समापन किया गया। इस अवसर खण्ड शिक्षा अधिकारी लोधा राम शंकर कुरील, ट्रैफिक सब इस्पैक्टर विजय प्रकाश सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक एवं जिला समन्वयक सड़क सुरक्षा अभियान समिति सुशील कुमार शर्मा समेत विकास खण्ड लोधा के समस्त बेसिक, माध्यमिक, मान्यता प्राप्त, वित्तपोपित एवं परिषदीय विद्यालयों के प्रबन्धक, प्रधानाचार्य व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## कानून-व्यवस्था एवं बैंकिंग सुरक्षा को लेकर महोबा पुलिस दने चलाया बैंक चेकिंग अभियान

**महोबा।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।

अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।

## बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, तालाब के सौन्दर्यीकरण के दिए निर्देश



**गोण्डा।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सोमवार को बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर के समीप स्थित तालाब की साफ-सफाई एवं सौन्दर्यीकरण कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी रुपईडीह, कार्यदायी संस्था सी एंड डीएस तथा पर्यटन अधिकारी को संयुक्त रूप से तालाब की सफाई, सौन्दर्यीकरण एवं आसपास के क्षेत्र को आकर्षक बनाने के लिए आवश्यक कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में हरियाली विकसित करने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नियमित रखरखाव की व्यवस्था करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर जनपद का प्रमुख धार्मिक एवं आस्था केंद्र है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे में परिसर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रस्तावित विकास कार्यो एवं योजनाओं की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, परिवार में मातम

**महोबा।** थाना अजनर क्षेत्र के महुआबांध गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजनों ने उसे फांसी पर लटका देखा तो उनके होश उड़ गए और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद मौत के कारणों की जांच शुरू करते हुए लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। युवक की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। महुआबांध गांव निवासी प्रकाश (30) पुत्र चन्द्रभान नशे का आदी था। आएदिन शराब पीकर घर आने से उसके परिजन भी खासे परेशान रहते थे और उसकी नशे की आदद छुड़वाने का कभी प्रयास भी किया, लेकिन उसके आदत में कोई बदलाव नहीं आया। रविवार शाम वह घर आया और खाना खाने के बाद कमरे में चला गया, जब उसकी पत्नी सुनैना कमरे में सोने के लिए गई तो उसने उसे आंगन में सोने को कहा, जिस पर वह आंगन में लेटने चली गई। देर रात प्रकाश ने कमरा बंद कर फांसी का फंदा बनाकर गले में डालकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह जब उसकी पत्नी उसे उठाने के लिए कमरे में पहुंची तो उसे फांसी पर लटका देख शोर शराबा मचाने लगी जिस पर परिजनों व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

### पुलिस प्रशासन से मदद न मिलने पर महिला चढ़ी मासूम बेटे के साथ मोबाइल टावर पर

**गोण्डा।** जिला के तरबगंज थाना क्षेत्र के तिवारी बाजार की रहने वाली एक महिला अपने 5 वर्षीय मासूम बेटे को साथ लेकर करीब 80 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गई। बताया जा रहा है कि यह टावर निकट अंबेडकर चौराहा मंडे नाला पुल के पास स्थित है।महिला लगभग 80फीट की ऊंचाई पर बच्चे के साथ बैठ गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार महिला किसी व्यक्ति द्वारा कथित प्रताड़ना से बेहद परेशान थी। वह अपने तीन बच्चों को घर पर छोड़कर एक बच्चे को साथ लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट सीओ सदर और नगर कोतवाल और यन डी आर एफ टीम समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंची अधिकारियों ने महिला को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए लगातार समझाने का प्रयास किया।

# घरेलू गैस सिलेंडर पर अतिरिक्त वसूली का आरोप

- हर महीने लाखों रुपये की कथित कमाई का खेल उजागर

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडर वितरण के दौरान उपभोक्ताओं से निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूले जाने के आरोपों ने गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर का निर्धारित मूल्य 987.50 रुपये होने के बावजूद अधिकांश एजेंसियां प्रति सिलेंडर 1010 रुपये वसूल रही हैं। इस तरह प्रत्येक सिलेंडर पर 22.50 रुपये अतिरिक्त लिए जा रहे हैं।

जानकारों के अनुसार एक ट्रक में औसतन 400 घरेलू गैस सिलेंडर आते हैं, जिनमें से लगभग 300 सिलेंडरों का वितरण किया जाता है। यदि प्रत्येक सिलेंडर पर 22.50 रुपये अतिरिक्त लिए जाएं तो एक ट्रक से करीब 6750 रुपये की अतिरिक्त वसूली होती है। यदि जिले में किसी एजेंसी के यहां औसतन 25 ट्रक प्रतिमाह आते हैं और लगभग 8 हजार सिलेंडरों का वितरण किया जाता है, तो यह अतिरिक्त वसूली हर महीने करीब 1.80 लाख रुपये तक पहुंच जाती है। इस गणित ने उपभोक्ताओं के बीच नाराजगी बढ़ा दी है। उपभोक्ताओं का कहना है कि सिलेंडर की कीमत में पहले से ही होम डिलीवरी, ढुलाई और मजदूरी जैसे खर्च शामिल होते हैं। इसके बावजूद डिलीवरी के समय अलग से राशि ली जाती है। कई मामलों में अतिरिक्त वसूली की कोई रसीद भी नहीं दी जाती। ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के लोगों का कहना है कि विवाद से बचने के लिए वे मजबूरी में अतिरिक्त रकम दे देते हैं। उनका आरोप है कि रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के बीच प्रति सिलेंडर 20 से 25 रुपये की अतिरिक्त वसूली गरीब मध्यमवर्गीय परिवारों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है।

**पूर्ति विभाग और प्रशासन पर उठ रहे सवाल :** मामले को लेकर सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या संबंधित विभागीय अधिकारियों को इस कथित अतिरिक्त वसूली की जानकारी नहीं है। यदि जानकारी है तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई? उपभोक्ताओं ने जिला प्रशासन, जिला पूर्ति विभाग तथा तेल कंपनियों से गैस वितरण व्यवस्था की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि प्रत्येक गैस वितरण वाहन पर निर्धारित दरों की सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए और अतिरिक्त वसूली की शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

# 19 मेधावी छात्र-छात्राओं को कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में सम्मानित किया गया

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** यूपी बोर्ड के 19 मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ भव्य सम्मान, जनपद का नाम रोशन करने पर मिली सराहना। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद फर्रुखाबाद के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मानार्थ कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद फर्रुखाबाद मुकेश राजपूत, विधायक अमृतपुर श्री सुशील कुमार शाक्य, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री फतेह चन्द्र वर्मा, जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर, मुख्य विकास अधिकारी श्री विनोद कुमार गौड़, जिला विकास अधिकारी श्री श्याम कुमार तिवारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक श्री संजीव कुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, सम्मानित छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक भी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इसके उपरांत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लोकभवन, लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय मेधावी छात्र सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को दिखाया गया। समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किए जाने का दृश्य देखकर छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह एवं गौरव की भावना देखने को मिली।

जिला विद्यालय निरीक्षक श्री संजीव कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद के कुल 19 मेधावी छात्र-छात्राओं को शासन के निर्देशानुसार सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, अनुशासन एवं लगन का परिणाम है।

अवधनामा



# जनता और कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद के लिए भाजपा की नई पहल




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी अयोध्या महानगर इकाई ने संगठनात्मक कार्यों को अधिक प्रभावी एवं जनसरोकारों से जोड़ने के उद्देश्य से साप्ताहिक कार्यालय कार्यदिवस तालिका जारी की है। एक जून से प्रारम्भ इस व्यवस्था के तहत महानगर के विभिन्न पदाधिकारियों को सप्ताह के अलग-अलग दिनों में पार्टी कार्यालय सहादतगंज में उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं एवं आमजन की समस्याएं सुनने तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है और पार्टी का प्रत्येक पदाधिकारी जनता तथा कार्यकर्ताओं के प्रति जवाबदेह है। साप्ताहिक कार्यदिवस व्यवस्था से कार्यालय की कार्यप्रणाली और अधिक व्यवस्थित होगी तथा लोगों की समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

कहा कि सभी नामित पदाधिकारी निर्धारित दिवस पर समय से उपस्थित रहकर जनता तथा कार्यकर्ताओं की शिकायतों को दूर करेंगें तथा सूचीबद्ध करके उच्च पदाधिकारियों को सूचित करेंगे।

महानगर मीडिया प्रभारी अमित कुमार मिश्र ने बताया सोमवार को अरविंद सिंह, स्वाती सिंह और अमित मिश्र, मंगलवार को तिलकराम मौर्य, विपिन सिंह एवं मनोज श्रीवास्तव, बुधवार को शशि प्रताप सिंह, शिवम्ह शुक्ला और चंचल कसेरा, गुरुवार को रवि शर्मा, प्रवीण दूबे तथा जय प्रकाश श्रीवास्तव, शुक्रवार को हरिभजन गौड़, रवि सिंह एवं शुभम्[ श्रीवास्तव तथा शनिवार को रामप्रीत वर्मा, प्रदीप कुमार यादव और ओमिश अग्रहरी कार्यालय पर मौजूद रहेंगे। रविवार को बालकृष्ण वैश्य, रीना द्विवेदी, सर्वज्ञ सिंह, गरिमा मौर्य और विनय निषाद समस्याओं को सुनेंगे। महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, शिवेन्द्र सिंह जनसंवाद का पर्यवेक्षण करेंगे।

बताया कि निर्धारित पदाधिकारी प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। वे कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर करेंगे साथ-साथ संगठनात्मक कार्यों का भी संचालन करेंगे।

## पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, दो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा

**मवई -अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** थाना क्षेत्र के नरौली गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है।

पीड़ित प्रियांशु पुत्र रामलखन ने मवई थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के राहुल और अंकित ने उसे घर के पास स्थित एक बाग में घेरकर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारापीटा। घटना में युवक को चोटें आई हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मामले की विवेचना उपनिरीक्षक शिव सिंह को सौंपी गई है तथा जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जेईई एडवांस्ड में आकाश अयोध्या के छात्रों का शानदार प्रदर्शन




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के अयोध्या सेंटर के छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान और जिले का नाम रोशन किया है। सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सेंटर प्रमुख शिवम त्रिपाठी ने बताया कि अयोध्या शाखा लगातार बेहतर परिणाम दे रही है और इस वर्ष भी छात्रों ने शानदार सफलता अर्जित की है।जेईई एडवांस्ड 2026 के घोषित परिणामों में अयोध्या सेंटर के कुल पांच छात्रों ने सफलता प्राप्त की। इनमें अथर्व वेदत्रिपाठी ने 181 अंकों के साथ अखिल भारतीय रैंक 2351 प्राप्त कर सेंटर में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं प्रियांशु श्रीवास्तव ने AIR 5006, राघव निगम ने AIR 11254, विश्वास राय ने AIR24513 तथा प्रज्ज्वल तिवारी ने AIR28539 प्राप्त की। इसके अलावा हर्षित कुमार ने कैटेगरी रैंक 2071 तथा अनुष्का कनौजिया ने कैटेगरी रैंक 4002 हासिल की।सभी सफल छात्र आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम से जुड़े रहे।

छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान की गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री, नियमित मॉक टेस्ट, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया।

इस अवसर पर श्वस्रु के रीजनल डायरेक्टर डी.के. मिश्रा ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। संस्थान प्रतिभाओं को निखारने और विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक लक्ष्यों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।प्रेस वार्ता में डॉ. दीपक सिंह, विजय पाठक, आयुष गुप्ता एवं दुर्गेश राय उपस्थित रहे।

# राम की पैड़ी पर गूंजा नशामुक्ति का संदेश, नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर उत्कर्ष ग्लोबल फाउंडेशन की ओर से राम की पैड़ी, आरती घाट समेत नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नुक्कड़ नाटकों, पोस्टर प्रदर्शन और जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को तंबाकू एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।अयोध्या जिला कोऑर्डिनेटर कार्तिक कुमार के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं और स्थानीय कलाकारों ने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य, सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान को दर्शाया। राम की पैड़ी और आरती घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों तथा तीर्थयात्रियों ने कार्यक्रम को गंभीरता से देखा और सराहा। नुक्कड़ नाटक के बाद स्वास्थ्य विशेषज्ञों एवं स्वयंसेवकों ने तंबाकू से होने वाले कैंसर, हृदय रोग, श्वसन संबंधी बीमारियों तथा गर्भवती महिलाओं पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। साथ ही तंबाकू छोड़ने के लिए उपलब्ध परामर्श सेवाओं, निकोटीन रिप्लेसमेंट विकल्पों एवं स्थानीय सहायता संसाधनों के बारे में भी लोगों को अवगत कराया गया। अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। विशेष रूप से युवाओं और परिवारों की सहभागिता उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम के दौरान जागरूकता पोस्टर, पंपलेट तथा हेल्पलाइन नंबर भी वितरित किए गए, ताकि जरूरतमंद लोग आगे सहायता प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर कार्तिक कुमार ने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य केवल एक दिन का अभियान चलाना नहीं, बल्कि समाज में स्थायी बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि तंबाकू मुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए नुक्कड़ नाटक जैसी सांस्कृतिक विधियां अत्यंत प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने बताया कि उत्कर्ष ग्लोबल फाउंडेशन भविष्य में भी नियमित रूप से जागरूकता अभियान एवं सहायता शिविर आयोजित कर लोगों को नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन को लेकर बढ़ा विवाद, पार्षदों ने दिया धरना



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर निगम की डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था को लेकर विवाद गहरा गया है। व्यवस्था में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कई पार्षदों ने नगर निगम के जोनल कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। धरने में अशोक सिंघल नगर वार्ड के पार्षद अंकित त्रिपाठी भी शामिल रहे।पार्षदों ने नगर आयुक्त को पत्र भेजकर संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट किए जाने की मांग की। उनका आरोप है कि सफाई कर्मचारी महीने में करीब 10 दिन धरने पर रहते हैं, जिससे कूड़ा संग्रहण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कई क्षेत्रों में कूड़ा संग्रहण के ठेले और डस्टबिन क्षतिग्रस्त पड़े हैं, जबकि उनकी मरम्मत नहीं कराई जा रही है। पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर निगम की स्वीपिंग मशीनें लंबे समय से बंद हैं, इसके बावजूद संबंधित फर्म को भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रामपथ पर 15 किलोमीटर मार्ग की सफाई के स्थान पर 28 किलोमीटर सफाई दर्शाकर भुगतान लिया जा रहा है।पार्षदों का कहना है कि स्वच्छ भारत मिशन के मानकों के अनुसार रामपथ की सफाई व्यवस्था के लिए करीब 50 सफाई कर्मचारियों की आवश्यकता है, लेकिन पर्याप्त संख्या में कर्मचारी तैनात नहीं किए गए हैं। इससे सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।धरनारत पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो नगर निगम मुख्यालय पर तालाबंदी कर बड़ा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।उधर, नगर निगम प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं।

## सभी तहसीलों में ग्राम चौपाल का आयोजन, जिलाधिकारी बीकापुर के असकरनपुर में करेंगे प्रतिभाग

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या** जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी तहसीलों में 01 जून 2026 को ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में तहसील बीकापुर के विकासखंड बीकापुर अंतर्गत ग्राम असकरनपुर में ग्राम चौपाल आयोजित होगी, जिसमें जिलाधिकारी स्वयं प्रतिभाग कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

इसी क्रम में तहसील रुदौली के ग्राम कूड़ा सादात, तहसील मिल्कीपुर के ग्राम देवगांव, तहसील सोहावल के ग्राम सनाहा तथा तहसील सदर के ग्राम सेरवाघाट में भी ग्राम चौपालों का आयोजन किया जाएगा। संबंधित उप जिलाधिकारी एवं विभागीय अधिकारी ग्राम चौपालों में उपस्थित रहकर ग्रामीणों की शिकायतों एवं समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे आपसी समन्वय स्थापित करते हुए चयनित ग्रामों में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित करें। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु विभागीय स्टाल एवं हेल्प डेस्क भी स्थापित किए जाएं, जिससे ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम चौपाल शासन और जनता के बीच संवाद का एक प्रभावी माध्यम है, जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

# मांगो को लेकर पंचायत सहायकों ने ने किया प्रदर्शन

### पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन




**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन, जनपद शाखा महराजगंज के नेतृत्व में पंचायत सहायकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया। ज्ञापन में पंचायत सहायकों ने मानदेय वृद्धि, पदोन्नति व्यवस्था, स्थानांतरण नीति तथा अन्य सुविधाओं की मांग उठाई है। यूनियन के जिला अध्यक्ष सुरेश चन्द्र सौरभ ने कहा कि पंचायत सहायक ग्राम पंचायतों में डिजिटल एवं प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें मात्र छह हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिल रहा है, जो वर्तमान महंगाई के दौर में अपर्याप्त है। ज्ञापन में पंचायत सहायकों ने मानदेय बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने अथवा न्यूनतम वेतनमान के अनुरूप भुगतान सुनिश्चित करने, पदोन्नति प्रणाली लागू करने, महिला पंचायत सहायकों के लिए स्थानांतरण एवं समायोजन नीति बनाने, पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी के रिक्त पदों की भर्ती में पंचायत सहायकों को 50 प्रतिशत आरक्षण देने तथा आयुष्मान भारत योजना का लाभ प्रदान करने की मांग की है।

# ब्रह्मकुंड गुरुद्वारा पहुंचे पूर्व सांसद विनय कटियार

### दशमेश संगीत विद्यालय का निर्माण जल्द पूरा कराने का दिया भरोसा



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रामनगरी स्थित ऐतिहासिक ब्रह्मकुंड गुरुद्वारा साहिब में सोमवार को पूर्व सांसद एवं बजरंग दल के संस्थापक विनय कटियार पहुंचे।

उन्होंने गुरुद्वारा में माथा टेककर गुरु घर का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर गुरुद्वारा के ज्ञानी गुरजीत सिंह ने उन्हें सिरोपा एवं गुरु नानक देव का चित्र भेंट कर सम्मानित किया।पूर्व सांसद विनय कटियार और ब्रह्मकुंड गुरुद्वारा का वर्षों पुराना संबंध रहा है। वर्ष 1994 में सांसद रहते हुए उन्होंने गुरुद्वारा परिसर के निकट दशमेश संगीत विद्यालय की स्थापना की पहल की थी तथा उसका शिलान्यास कराया था। उस समय शिलान्यास कार्यक्रम में महंत नृत्य गोपाल दास भी उपस्थित रहे थे। हालांकि विभिन्न कारणों से विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका था। पूर्व सांसद विनय कटियार ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया और भरोसा दिलाया कि दशमेश संगीत विद्यालय का निर्माण अब जल्द पूरा कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह विद्यालय क्षेत्र के बच्चों को संगीत शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा तथा इसके निर्माण में हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।ज्ञानी गुरजीत सिंह ने बताया कि वर्ष 1994 में मिली इस सौगात को अब नए स्वरूप में आगे बढ़ाने की तैयारी है।

विद्यालय बनने से आसपास के बच्चों को संगीत सीखने का बेहतर अवसर मिलेगा और गुरुद्वारा से जुड़ी एक पुरानी परिकल्पना भी साकार हो सकेगी।

कार्यक्रम के दौरान चरणजीत सिंह, कुलजीत सिंह, गुरबीर सिंह सोढ़ी, सुखबीर सिंह, अमन विक्रम सिंह, हरविक्रम सिंह, अमरेंद्र पाल सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## खड़े ट्राले से टकराई रोडवेज बस, पांच यात्री घायल

**सोहावल -अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र के बसहा चौराहे के निकट रविवार देर रात एक रोडवेज बस खड़े ट्राले से टकरा गई। हादसे में बस परिचालक सहित पांच यात्री घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार कुशीनगर से कानपुर जा रही रोडवेज बस राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहले से खराब खड़े ट्राले से जा भिड़ी। घायलों में चंद्रमोहन पांडेय, रीटा देवी, अंजली सिंह, वेदव्यास पांडेय, देवपाल यादव तथा रमेशचंद्र वर्मा शामिल हैं। इनमें एक यात्री की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेजा गया। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

सत्तीचौरा चौकी प्रभारी सत्यम अग्रवाल ने बताया कि बस को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इसी क्षेत्र में पिछले सप्ताह भी रोडवेज बस हादसे में दो लोगों की मौत हो चुकी है।

## अवैध मिट्टी परिवहन में न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर सीज

**मिठौरा महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** थाना सिन्दुरिया पुलिस ने चेकिंग के दौरान सिन्दुरिया-पतरेंगवा मार्ग पर अवैध रूप से मिट्टी परिवहन करते एक न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर को पकड़ लिया। चालक द्वारा वाहन के कागजात एवं मिट्टी की रॉयल्टी प्रस्तुत न करने पर पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मिट्टी सहित मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत ऑनलाइन सीज कर थाना परिसर में खड़ा करा दिया। कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ एवं क्षेत्राधिकारी सदर अंकुर गौतम के निर्देशन में की गई। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष विशाल शुक्ला ने दी।

## नपा अध्यक्ष ने वार्डो में साफ सफाई का दिया निर्देश



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता मंगल ने चिऊरहा वार्ड का निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वार्ड के नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और नगर क्षेत्र में चल रहे स्वच्छता कार्यों की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान डॉ. मंगल ने सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित कर्मचारियों को स्वच्छता और रखरखाव बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर सभासद राणा पटेल, सफाई नायक इंद्रासन, कंप्यूटर ऑपरेटर इंद्रेश कुमार, चालक आरिफ खान सहित वार्ड के कई सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

## 37 लाख की लागत से बनी डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन, युवाओं को मिलेगी ऑनलाइन अध्ययन की सुविधा



*अवधनामा संवाददाता*

अयोध्या। नगर पंचायत मां कामाख्या धाम के वार्ड संख्या-14 अटल नगर में आकांक्षी नगर योजना के अंतर्गत 37.05 लाख रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी का सोमवार को विधायक राम चन्द्र यादव एवं नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल ने फीता काटकर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी निखिलेश मिश्रा ने मुख्य अतिथि विधायक का स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को इसके सुचारु संचालन के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक संसाधनों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। डिजिटल लाइब्रेरी से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, ई-पुस्तकों और डिजिटल संसाधनों की सुविधा मिलेगी, जिससे उनके शैक्षिक एवं व्यावसायिक विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के युवाओं के लिए ज्ञान और तकनीक का नया केंद्र साबित होगी। इस ऐतिहासिक अवसर पर नगर पंचायत के सभासदगण, दिनेश मिश्रा, महेश चौरसिया, अजय शुक्ला, सुमन पासवान, मुकेश पाल सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं भारी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने क्षेत्र को मिली इस बड़ी सौगात के लिए विधायक व स्थानीय प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# शौचालय विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की हत्या, चार आरोपी जेल भेजे गए

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** कैंट थाना क्षेत्र के ककरही बाजार में पारिवारिक विवाद ने सोमवार तड़के खूनी रूप ले लिया। शौचालय के उपयोग को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की कथित रूप से पीट-पीटकर हत्या कर दी, जबकि बीच-बचाव करने आई मृतक की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई।पुलिस के अनुसार सोमवार भोर करीब चार बजे घनश्याम यादव और उसके बड़े भाई राधेश्याम यादव के बीच शौचालय के उपयोग को लेकर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। आरोप है कि घनश्याम ने घर में रखे लोहे के पाए से राधेश्याम पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची राधेश्याम की पत्नी रेनू यादव भी हमले में घायल हो गई, जिनके पैर में गंभीर चोटें आई हैं।घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी घनश्याम यादव समेत पिता मौजीराम, माता मीना यादव और बहन अनीता यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तहरीर के आधार पर सभी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## अवैध देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**चौक (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** थाना चौक पुलिस ने अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 14 बोतल अवैध देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर ग्राम नक्शा-बक्शा स्थित देशी शराब भट्ठी के पीछे से रविन्द्र चौधरी (45) निवासी गणेशपुर टोला डिहवा को पकड़ा गया।

उसके कब्जे से 14 बोतल बंटी-बबली लाइम देशी शराब बरामद हुई। इस संबंध में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक अंकित राय, उपनिरीक्षक सुजीत सिंह एवं हेड कांस्टेबल देवेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# मंगाई बेरोजगारी को लेकर सपा ने किया प्रदर्शन

### 8 सूत्रीय मांगों को लेकर सपाइयों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान महामहिम राज्यपाल को संबोधित 8 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव ने कहा कि डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों से आम जनता और किसान परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जरूरत के अनुसार ईंधन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है तथा प्रशासनिक फरमानों से लोगों की समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, अपराध, पेपर लीक और आरक्षण में अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया।वही कार्यकर्ता ने जमकर नारा बाजी लगाते हुए नारा क्या था जब-जब योगी डरता है पुलिस के आगे करता है उन्होंने कहा कि किसानों, युवाओं, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के हितों की अनदेखी की जा रही है।

# सपा कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय की अगुवाई में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी द्वारा कमर तोड़ महंगाई, बेरोजगारी, डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस और बिजली के दामो में भारी पैमाने पर मूल्य वृद्धि तथा डीजल पेट्रोल और रसोई गैस की भारी किल्लत, अघोषित बिजली कटौती, किसानों को खाद बीज तथा डीजल का ना मिल पाना, नीट परीक्षा पेपर लीक, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़, ध्वस्त कानून व्यवस्था तथा भाजपा सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जिलाधिकारी कार्यालय पर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय की अगुवाई सपा जिला अध्यक्ष लाल जी यादव की अध्यक्षता व डुमरियागंज की विधायक श्रीमती सैय्यदा खातून तथा पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह अपने सैकड़ो समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ सिद्धार्थनगर कलेक्ट्रेट पर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन देकर जन



समस्याओं की मांग किया

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है, अपराधियों का बोलबाला है। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जाए, अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है डीजल पेट्रोल रसोई गैस और बिजली के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर प्रदेश की जनता पर महंगाई का बोझ लाद दिया गया पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है यह सरकार किसानों को खाद बीज और डीजल तक उपलब्ध नहीं कर पा रही है हमारी मांग है कि डीजल पेट्रोल और रसोई गैस बिजली की मूल्य वृद्धि वापस लिया जाए और इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, धान के बेहन डालने का समय हो गया है किसानों को समय से खाद और डीजल उपलब्ध कराया जाए, नीट परीक्षा का पेपर लीक हो जाता है और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता है जनहित के हर मुद्दे पर भाजपा सरकार विफल है अब प्रदेश की जनता जाग़ चुकी है इस सरकार का सफाया तय है 2027 का चुनाव देश और संविधान को बचाने का चुनाव है प्रदेश की जनता उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार चाहती है और अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाना चाहती है। उक्त धरना प्रदर्शन में प्रदेश सचिव बेचई यादव, अजय चौधरी, अफसर हुसैन रिजवी, राममिलन भारती, राम फेर यादव, मुरलीधर मिश्रा, मोनू दुबे, चमन आरा रायनी, कमाल अहमद खान, सुरेश यादव, मणीन्द्र मिश्रा मशाल, मोहम्मद इदरीश पटवारी, प्रदीप पथरक्क्त, घिसियावन यादव, अजय यादव, डॉक्टर धीरेंद्र यादव, राम धीरज साहनी, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, फिरोज आलम, बृजभान यादव, बहराइची प्रसाद प्रेमी, रिंदु पासवान, रामसेवक लोधी, अखिलेश मौर्या, शकील शाह, चंद्रभान पहलवान, सुनीता गोस्वामी, अनीता द्विवेदी, सुनील यादव, चंद्रहास यादव, मोहम्मद जफर, धीरू यादव, जोखन चौधरी, बबलू खान, विनोद, फैजान हुसैन आदि उपस्थित रहे।

# विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र 302 की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी उग्रसेन सिंह के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया।

सपा कार्यालय से बैलगाड़ी पर सवार होकर भाजपा सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए सपा कार्यकर्ता शोहरतगढ़ तहसील परिसर पहुंचे और उपजिलाधिकारी करमेन्द्र कुमार के माध्यम से महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश को संबोधित 13 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को उठाते हुए डीजल-पेट्रोल एवं रसोई गैस की बढ़ती कीमतों पर रोक लगाने तथा उनकी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग की गई। किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराने, ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा बिजली विभाग द्वारा दर्ज कथित फर्जी




एफआईआर वापस लेने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।सपा नेताओं ने समुदाय स्वास्थ्य केंद्र शोहरतगढ़ को दलालों के चंगुल से मुक्त कराने, सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नहरों की मरम्मत कराने तथा मानसून से पूर्व क्षतिग्रस्त तटबंधों को दुरुस्त कराने की मांग की। इसके अलावा बाणगंगा चौराहे के दुकानदारों पर सिंचाई विभाग द्वारा दर्ज एफआईआर वापस लेने, तहसील, थाना एवं ब्लॉक स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी पर अंकुश लगाने तथा नौडिहवा-बालानगर क्षेत्र को नदी कटान से बचाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।प्रतियोगी छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं बिना पेपर लीक के समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने की मांग करते हुए सपा नेताओं ने कहा कि सरकार जनहित से जुड़े इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करे।इस दौरान पूर्व सपा प्रत्याशी उग्रसेन सिंह ने कहा कि यदि शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो समाजवादी पार्टी जनहित में व्यापक आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगी।कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी, इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह, इंस्पेक्टर दुर्गा प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा।ज्ञापन सौंपने के दौरान उग्रसेन सिंह, जुबैदा खातून,वीरेंद्र तिवारी, हरिनारायण यादव, रामू यादव, मदनमोहन सिंह, पटेश्वरी पाण्डेय, रिजवान अहमद, जगत बिहारी चौधरी, आदित्य प्रताप सिंह, बैजनाथ यादव, विनय मिश्रा, विक्रम प्रसाद यादव, डॉ. अमित शर्मा, अल्ताफ हुसैन, मल्हू यादव, ओमप्रकाश यादव, डब्लू सिंह, गुड्डू सिंह, हरिशंकर यादव, हरिद्वार प्रधान,मोहम्मद आरिफ खान, अर्जुन,सिमरन, सुरेन्द्र यादव,संतोष कुमार, राजेश , रामानंद,उजरुल हसन, रमेश चौरसिया, रामविलास, अकबर अली, राजेश तिवारी, विजय कुमार गुप्ता, संतराम, रामबिहारी चौरसिया, श्रवण मौर्य, लवकुश साहनी,अब्बू सामा, पशुपति चौधरी, अनिल, असफक, विजय यादव सहित समाजवादी पार्टी के अनेक कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी की देख संवेदना, लोग कर रहे सराहना

- बांसी-बरगदवा पुल के पास कार-बाइक की हुई थी टक्कर, पूर्व मंत्री ने घायल कादरी को पहुंचवाया अस्पताल

अवधनामा संवाददाता

**इटवा सिद्धार्थनगर।** सोमवार दोपहर खुनियांव क्षेत्र के बरगदवा पुल के पास एक सड़क दुर्घटना में एक बुजुर्ग बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा एक कार और बाइक के बीच हुई टक्कर के कारण हुआ।

पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी क्षेत्र भ्रमण के दौरान सड़क हादसा देख संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल अपना काफिला रुकवाया। अपनी गाड़ी रोक घायल कदीर को एंबुलेंस कॉल कराकर अस्पताल पहुंचवाया। बरगदवा पुल के पास कार दुर्घटना में घायल व्यक्ति को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुनियांव भेज परिजनों को सूचना दी परिवार ने आभार जताया वहीं मौजूद लोगों ने इस घटना में धर्म न देख मदद पर लोकप्रिय नेता बताया। लोगों के



अनुसार, दोपहर में कार संख्या P32PE0195 और एक बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सड़क किनारे जा गिरी और उसके चालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल की पहचान बांसी थाना क्षेत्र के करबा गांव निवासी 65 वर्षीय कादरी पुत्र लाल के रूप में हुई है। हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल सहायता की। पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी और स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी, जिसके बाद घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुनियांव पहुंचाया गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुनियांव के चिकित्सक डॉ. रामकरन चौधरी ने बताया कि कादरी को प्राथमिक उपचार दिया गया है। हालांकि, उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। चिकित्सकों के अनुसार, उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौके पर जमा हो गए। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से जल्द ही सामान्य कर दिया गया।

# शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन निकाली गई कलश यात्रा

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** कर्नलगंज क्षेत्र मे ग्राम लालेमऊ,अमहुआ कट्टी राम जानकी मंदिर के परिसर में 31 मई से 15 जून 2026 तक भव्य श्री शिव महापुराण कथा एवं धार्मिक आयोजन करता महन्त जगराम दास द्वारा का शुभारंभ होने जा रहा है।इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन बाबा जगराम दास जी महाराज के सान्निध्य में किया जाएगा,जबकि कथा वाचन बाबा गोरखनाथ शास्त्री,लवकुश मंदिर अयोध्या धाम द्वारा किया जाएगा।

आयोजन की शुरुआत 31 मई रविवार को भव्य कलश यात्रा,वेदी निर्माण,पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश के साथ होगी। 6 जून शनिवार की रात्रि 10 बजे भगवान शिव की भव्य बारात निकाली जाएगी तथा भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का दिव्य विवाह उत्सव संपन्न होगा।वहीं 8 जून को कथा के उपरांत रात्रि 10 बजे स्वामी कार्तिकेय एवं भगवान गणेश जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा,14 जून को श्री शिव महापुराण कथा का समापन एवं पूर्णाहुति कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अगले दिन 15 जून सोमवार को विशाल भंडारे और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।प्रतिदिन कथा का समय शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक निर्धारित किया गया है।आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने तथा धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की गई।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर पीके चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पत्रकारों को किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट अंबेडकर नगर के तत्वावधान में एक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. शरद यादव द्वारा संचालित के एन इंडस्ट्रीज, प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट बसखारी कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर उपज के जिलाध्यक्ष एंवम प्रान्तीय कार्यकारणी सदस्य सुभाष गुप्ता के संयोजन में हिन्दी पत्रकारिता दिवस को ऐतहासिक बनाने के लिए अंबेडकर नगर उपज सम्मान की शुरुआत की गई।

प्रेस क्लब अध्यक्ष शैलेंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुए समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन ओमकार गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप मे विमला पति त्रिपाठी एवं वरिष्ठ



समाजसेवी डॉक्टर शरद यादव उपस्थिति रहे। अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इसके बाद उपज संगठन के पदाधिकारी के द्वारा सुभाष गुप्ता के नेतृत्व में मंचासीन अतिथियों का अंग वस्त्र के साथ माला पहनकर सम्मान पत्र देते हुए अंबेडकर नगर उपज सम्मान से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने मौजूद पत्रकारों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि पत्रकार के हित में लड़ी जाने वाली हर लड़ाई में वह उनके साथ हैं। वरिष्ठ पत्रकार विमला पति त्रिपाठी, बचुली मिश्र,अनिल तिवारी, सत्यप्रकाश मौर्य, जावेद सिद्दीकी, मो आजम सहित कई वरिष्ठ पत्रकारों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निष्पक्ष एवं जनहितकारी पत्रकारिता की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रेस क्लब अध्यक्ष शैलेंद्र त्रिपाठी ने जनपद में पत्रकारों के लिए किए गए उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उपज का प्रयास सराहनीय है। पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी लेखनी से नई पीढ़ी के पत्रकारों को दिशा देने वाले वरिष्ठ पत्रकार विमला पति त्रिपाठी, बचुली मिश्रा समेत बड़ी संख्या में पत्रकार एवं समाजसेवी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# नशे के कारोबार में कौन बनेगा करोड़पति का खेल, कोई बना लखपति तो कोई कंगाल पति

- नशे के अवैध कारोबार से अर्जित संपत्तियों की जांच और जब्ती के साथ बुलडोजर कार्रवाई की मांग
- दिन हो या रात माफिया बिना नंबर प्लेट वाली दो पहिया वाहनों से दिला रहे डिलीवरी की सुविधा, गांव से शहर तक फैला कारोबार, कई नाबालिग शामिल



अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर जनपद के ढेबरुआ थाना क्षेत्र में जिम्मेदारों की सुस्त रवैये से नशे के कारोबार पर लगाम लगता हुआ दिखाई नही दे रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण नशे का कारोबार तेजी से अपना पांव पसार रहा है। जिसके चपेट में आकर तमाम युवा बर्बाद हो रहे है।

सूत्रों की मानें तो बढ़नी क्षेत्र में स्मैक कारोबारियों के बीच कौन बनेगा करोड़पति का खेल चल रहा है। जिसमें बेचने वाले कुछ लोग करोड़पति तो कुछ लखपति बन गये हैं। जबकि वहीं पीने वाले कुछ युवा घर का बर्तन व जेवरात बेचकर कंगाल पति बन कर घूम रहे हैं। जो अब इधर उधर चोरी चकारी कर नशे की जरूरत पूरा करने के जुगाड़ में लगे रहते हैं। बताया जाता है कि भारत नेपाल सीमा पर कुछ ड्रग्स माफिया 'काली कमाई' से चल-अचल संपत्तियां बना रहे हैं। लोगों का कहना है कि बेरोजगार की तरह घूमने वाले नशा तस्करों के हाथ ऐसा कौन सा जादुई चिराग लग गया है, जो रातोंरात शीश महल खड़ा कर दे रहे है। ऐसे नशा तस्करों की अवैध संपत्तियों की जांच कर बुलडोजर कार्रवाई की मांग की जा रही है। जिससे नशा तस्करी करने वालों के अंदर क़ानून का डर बना रहे। नही तो तमाम ऐसे बेरोजगार युवा हैं जो रातों रात करोड़पति बनने का ख्वाब देखने लगे है और ड्रग्स माफियाओं के सम्पर्क में बने हुए हैं। जिसमें ज्यादातर उनके हित मित्र व रिस्तेदार बताये जाते हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार कुछ युवा बिना नंबर प्लेट वाली वाहनों से दिन रात घूम घूम कर अलग अलग सुनसान वाली जगहों पर नशीले पदार्थो की डिलीवरी कर रहे हैं। जिससे वह पकड़े न जाये और कानूनी शिकंजे से बचे रहें। जिसमें कई नाबालिग भी शामिल बताये जाते हैं।

जानकारों की मानें तो कहा जाता है कि पुलिस और जांच एजेंसियों को यह अधिकार है कि वे ड्रग्स माफियाओं की 'काली कमाई' से बनाई गई चल-अचल संपत्तियों को फ्रीज, सीज (जब्त) या ध्वस्त कर सकें।नशा तस्करों की अवैध संपत्तियों पर कानून के शिकंजे और जांच की प्रक्रिया के तहत यदि कोई संपत्ति नशीले पदार्थों की तस्करी के पैसे से खरीदी गई है, तो उसे 'अवैध रूप से अर्जित संपत्ति' माना जाता है। और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। वहीं अब देखने वाली बात है कि ऐसे नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कब की जाती है या फिर समाज में फैल रही बुराइयां व बर्बाद हो रहे युवाओं को सब कुछ भगवान भरोसे छोड़ दिया जायेगा।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस के पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** तहसीलदार सदर (नौगढ़) देवेंद्र मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता और नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में सोमवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस (31 मई) पर नौगढ़ तहसील स्थित सभागार कक्ष में 'तम्बाकू को कहे 'न' विषय पर आधारित जागरूकता गोष्ठी का आयोजन कर लोगों को तम्बाकू और तम्बाकू उत्पादों से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया गया।

इस मौके पर पीएलवी राज कुमार , सिद्धार्थ कुमार तथा देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, समाजसेवी धीरज गुप्ता आदि वक्ताओं ने इसके व्यापक दुष्प्रभाव से अवगत कराते हुए आज ही तम्बाकू एवं उसके अन्य उत्पादों से 'न' कहने की आदत डालने की अपील किया।इस कड़ी में वक्ताओं ने कहा कि हम लोग विश्व तंबाकू निषेध दिवस'– पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए हैं। हर साल 31 मई का दिन हमें यह याद दिलाने के लिए आता है कि तंबाकू का जहर कितनी तेजी से हमारे समाज और स्वास्थ्य को खोखला कर रहा है। तंबाकू का सेवन दुनिया भर में होने वाली मौतों के सबसे प्रमुख और रोके जा सकने वाले कारणों में से एक है। यह सिर्फ सिगरेट, बीड़ी या गुटखा खाने वाले व्यक्ति को ही नहीं मारता, बल्कि उसके धुएं में सांस लेने वाले (पैसिव स्मोकर्स) लोगों को भी गंभीर रूप से बीमार करता है।

## गाड़ी चालक की लापरवाही से घरुआर गांव में बने अंडर पास का फाउंडेशन टूट जाने का आरोप



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत घरुआर रेलवे लाइन उत्तर तरफ गांव में आने जाने वाले सड़क मार्ग पर बने अंडरपास का फाउंडेशन किसी डंफर चालक की लापरवाही से टूट गया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने चिंता जाहिर करते हुए उक्त घटना की सूचना तत्काल स्थानीय रेलवे पुलिस को देते हुए ऐसे लापरवाह गाड़ी चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गांव के आसपास खनन माफियाओं द्वारा अवैध खनन कर उक्त रास्ते से मिट्टी ढुलाई का कार्य किया जा रहा है। जो जल्द बाजी में तेजी से गाड़ी चलाते हुए लापरवाही बरत रहे हैं। जिसके कारण इस तरह की घटनाएं हो रही है। अगर उक्त जगह पर कोई इंसान होता तो उसका क्या हाल होता। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में आने जाने का मात्र एक रास्ता है जो ऐसे गाड़ी चालकों की लापरवाही से अगर अंडर पास ढह गया तो बड़ी मुसीबत खड़ी हो जायेगी और लोगों का आना-जाना बंद हो जायेगा। ऐसे लापरवाह गाड़ी चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। उक्त संबंध में रेलवे आरपीएफ पुलिस चौकी प्रभारी दिलीप कुमार यादव का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है, जल्द ही मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

## लखनिया गांव में खूनी संघर्ष में एक की मौत तीन घायल

**अंबेडकरनगर।** जनपद के थाना सम्मनपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लखनिया में दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मारपीट की घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रण में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा जांच-पड़ताल एवं आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्राधिकारी नगर (सीओ सिटी) नितीश कुमार तिवारी ने बताया कि घटना के संबंध में पुलिस साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई कर रही है तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## महिला सशक्तिकरण को लगातार बुलंदी पर ले जाने के लिए जनपद में बेसिक शिक्षा अधिकारी बनी पूनम मिश्रा



**अम्बेडकरनगर।** जनपद में नारी सशक्तिकरण लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रशासनिक व्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी जिले के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय बन गई है। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), उप जिलाधिकारी अकबरपुर, तहसीलदार टांडा, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका अकबरपुर, जिला युवा कल्याण अधिकारी तथा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के बाद अब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पद पर भी महिला अधिकारी की जिम्मेदारी ने यह साबित कर दिया है कि महिलाएं नेतृत्व, प्रशासन और समाज निर्माण के हर क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। यह सिर्फ पदों पर नियुक्ति नहीं, बल्कि बदलते समाज, बढ़ते विश्वास और महिला शक्ति के सम्मान का प्रतीक है। अम्बेडकरनगर आज नारी सशक्तिकरण की उस नई तस्वीर को प्रस्तुत कर रहा है, जहां महिलाएं निर्णय लेने वाले प्रमुख पदों पर रहकर विकास और सुशासन की नई दिशा तय कर रही हैं।

# सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह, जिलाधिकारी ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के 21 मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** जनपद के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 21 मेधावी छात्र-छात्राओं को जिला पंचायत सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में माननीय विधायक सदर गोण्डा प्रतीक भूषण सिंह विधायक करनैलगंज अजय सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद तथा सांसद गोण्डा एवं केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री के प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने मेधावियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं 21 हजार की सम्मान राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। सम्मान समारोह के दौरान वक्ताओं ने मेधावी विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि ये छात्र-छात्राएं जनपद का गौरव हैं तथा इनके उत्कृष्ट परिणाम अन्य विद्यार्थियों के लिए



प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बताया गया कि कुल 21 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिनमें से 7 विद्यार्थियों को लोकभवन, लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री जी द्वारा सम्मान प्रदान किया गया तथा 14 विद्यार्थियों को जिला पंचायत सभागार, गोण्डा में विधायक सदर गोण्डा प्रतीक भूषण सिंह, विधायक करनैलगंज अजय सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद तथा सांसद गोण्डा एवं केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री के प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र द्वारा सम्मानित किया गया। लोकभवन में सम्मानित होने वाले 7 विद्यार्थियों में 1 छात्र संस्कृति बोर्ड का तथा 6 छात्र-छात्राएं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के थे।

इस प्रकार जनपद के कुल 20 छात्र-छात्राएं यूपी बोर्ड से तथा 1 छात्र संस्कृति बोर्ड से सम्मानित हुए। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम है तथा मेधावी विद्यार्थियों की सफलता से जनपद की शैक्षिक पहचान और अधिक मजबूत होगी।

# मेधावियों छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण जनपद के अम्बेडकर सभागार में उत्साहपूर्वक देखा गया। लोकभवन, लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य तथा जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सराहा गया तथा उन्हें भविष्य में और अधिक मेहनत कर सफलता के नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया।



अपने संबोधन में सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधार है। उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आज प्रदेश में शिक्षा का स्तर निरंतर बेहतर हो रहा है और छात्राएं विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नई उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और देश तथा समाज के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा दिया गया यह सम्मान विद्यार्थियों को आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा देगा। जिलाधिकारी ने सभी विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम करने और जनपद का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर कक्षा-10 के आठ तथा कक्षा-12 के दस मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं सांकेतिक चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ दिखाई दे रहा था।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि एस.पी. अग्रवाल, परियोजना निदेशक नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नेशनल टेस्टिग एजेंसी

विद्यार्थियों के लिये बनाई गई नेशनल टेस्टिग एजेसी बार बार फेल हो रही है। विद्यार्थियों के लिय मुशकिल खड़ी कर रही है। विद्यार्थी के साथ उसके पेरेन्ट भी परेशान होते है। एनटीए की कहानी बार बार दोहराई जा रही है। अभी इससे उबरने का कोई रास्ता नहीं दिख रहा है। सीयूईटीयूजी में तकनीकी दिक्कत की वजह से विद्यार्थी और अभिवाक घन्टों परेशान होते है। कई जगह परीक्षा देर से शुरू हुई कही हो ही नहीं पाई। एनटीए ने बात कही है। एजेंन्सी गड़बडियों को स्वीकार करना ठीक है पर ऐसा बार बार होना ठीक नही है किसी भी नजरिये से, अभी पहले मेडिकल टेस्ट रद् करना पड़ा क्योंकि पेपर लीक हो गया था। इसके बाद सीबीएसई के आनस्क्रीन मार्किंग सिटम को लेकर विवाद उठा। दोनो मामले अभी तक हल नहीं हुये थे सीयूईयूजी का मसला खड़ा हो गया। इसमें पहले 29 मई को ही नीट यूजी मामले को लेकर शीर्ष अदालत में सुनवाई हुई थी और उसने जो टिप्पणी की है उस पर अमल करने की जरूरत है। एनटीए की तरफ से उठाया गया ज्यादातर कदम सुधारातत्मक होते है। जिन पर ध्यान गड़बड़ी होने के बाद जाता है जबकि जरूरत है पहले से बचाव के उपाय अपनाने की इसके लिये जवाब देही तय होनी चाहिये। जो जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा सकते उन पर कार्यवाई होनी चाहिये।

परीक्षा दोबारा करा देना रीशेड पूलिंग या ग्रेस मार्क वर्गरह कभी कभार तो ठीक है लेकिन आदत नहीं बन जानी चहिये। परीक्षा के लिये विद्यार्थी साल भर तैयारी करता है। तैयारी के समय कितना दबाव उस पर रहता है। उतना ही पेरेन्टस पर भी रहता है। एनटीए परीक्षा व्यवस्थित ढंग कराने के लिये बनाया गया था। अभी तक एजेन्सी इसमें सफल नहीं हो पाई है। आरोप है स्टूडेन्ट की परेशानियों कोठीक से समझा नहीं जाता खासकर सेन्टर अलाटमेन्ट में किसी तरह इम्तहान करा देने से एनटीए का काम पूरा नहीं हो जाता है। इससे लाखों का भविष्य जुड़ा है तो संवदेनशीलता भी जरूरी है। 21 जून को नीट और यूजी दोबारा होनी है। एजेन्सी का दावा है इसके लिये खास व्यवस्था की गई है। उम्मीद है कि यह काम कर जाये। क्योंकि क्षात्रों का भरोसा बार बार टूटना अच्छा नहीं है।

## दहेज हत्याओं पर रोक कैसे लगेगी?

नोएडा की मॉडल और अभिनेत्री ट्विशा शर्मा की मौत के मामले ने दहेज की कुप्रथा को एक बार फिर चर्चा के केंद्र में ला दिया है। पूर्व मिस पुणे रह चुकी ट्विशा की शादी भोपाल के एक प्रभावशाली परिवार में हुई थी। ट्विशा के परिवार का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे मानसिक प्रताड़ना, घरेलू हिंसा, दबाव और दहेज से जुड़ी मांगों का सामना करना पड़ रहा था। सोशल मीडिया पर वायरल हुए कथित चैट्स और स्क्रीनशॉट्स में ट्विशा ने अपनी दोस्त से कहा था कि वह खुद को 'फंसा' महसूस करती हैं। वही, ट्विशा की ससुराल वालों ने सभी आरोपों से इनकार किया है। मामले की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का खुद संज्ञान लेकर सुनवाई की है। इसके अलावा, राज्य सरकार ने मामले को सीबीआई को सौंपने की सिफारिश भी की है। अफसोस की बात यह है कि देश में सख्त कानून प्रावधानों के बावजूद दहेज हत्या के मामले रूक नहीं रहे। ट्विशा शर्मा की मौत के कुछ ही दिन बाद ग्रेटर नोएडा की 24 वर्षीय दीपिका नागर की मौत की खबर सामने आती है। पुलिस ने इस मामले में दीपिका के पति और ससुर को गिरफ्तार किया है। दीपिका के परिवार का दावा है कि शादी में एक करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। लड़के को नकद, जेवर और गाड़ी भी दी गई थी। आरोप है कि फॉर्च्यूनर गाड़ी और 50 लाख रुपये नकद की मांग को लेकर महीनों तक दीपिका को परेशान किया जा रहा था। मांग पूरी न होने पर उन्होंने दीपिका को घर की तीसरी मंजिल से धक्का दे दिया जिसके चलते दीपिका की मौत हो गई। ट्विशा और दीपिका के बाद जयपुर में मानसरोवर की अनु मीणा का मामला भी सुर्खियों में है। मृतका के भाई नीरज मीणा ने अनु के पति गौतम मीणा पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मानसिक रूप से परेशान करने और लगातार हिंसा करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इन तीनों घटनाओं ने देशवासियों को अंदर तक झकझोर दिया है। भारत में दहेज से जुड़ी हिंसा के कारण हर दिन औसतन 16 महिलाओं की जान जाती है। यानी कानूनी रोक के बावजूद दहेज जैसी कुप्रथा आज भी अलग-अलग तरीकों से जारी है। भारत में दहेज के लिए होने वाली प्रताड़ना को 'घर का मामला' कहकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। दहेज की कुप्रथा को साल 1961 में कानूनन अपराध घोषित कर दिया गया था। छह दशक बाद भी किसी ना किसी रूप में समाज में मौजूद दिखता है। अब कई लोग लड़की के परिवार से दहेज सीधे शब्दों में नहीं मांगते लेकिन 'गिफ्ट' और 'बेटी को खुशी से जो देना हो' जैसी भाषा में अपनी मंशा जता देते हैं। इन मांगों के बोझ तले कई महिलाएं मानसिक और शारीरिक हिंसा झेलती हैं जो कई बार उन्हें मौत के मुहाने तक पहुंचा देती है।



रोहित माहेश्वरी

कानून के मुताबिक दहेज की मांग को लेकर पति या ससुराल वालों की तरफ से दबाव और प्रताड़ना अपराध है। महिलाओं को मारपीट, जहर, जलाने या संदिग्ध हादसों का शिकार होना पड़ता है। कई बार महिलाएं दबाव में आकर आत्महत्या कर लेती हैं। भारत में दहेज मृत्यु के लिए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 80 (पहले आईपीसी की धारा 304बी) के तहत प्रावधान है। साथ ही दहेज निषेध अधिनियम, 1961 में भी कानूनी कार्रवाई की जाती है। साल 1979 में तरविंदर कौर मामला दहेज मृत्यु के शुरुआती चर्चित मामलों में था जिसने पूरे देश को झकझोर दिया।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के अनुसार साल 2023 में दहेज मृत्यु के 6,156 और 2024 में 5,737 मामले दर्ज किए गए। हालांकि यह संख्या 2017 में दर्ज 7,466 मौतों से कम हैं, लेकिन आंकड़े अब भी बेहद चिंताजनक हैं। देश की राजधानी दिल्ली में दहेज के कारण मौत के 109 मामले दर्ज हुए।

घरेलू हिंसा की शिकायत दर्ज कराने वाली हर पांच में से तीन महिलाओं ने दहेज उत्पीड़न की भी शिकायत की है। दहेज निषेध अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की संख्या देखें तो साल 2023 में 15,489 और 2024 में 12,343 हो गई। इसका मतलब है कि देश में लगभग हर आधे घंटे में दहेज से जुड़ा एक मामला दर्ज होता है। यदि बड़े शहरों की बात करें तो बेंगलुरु में 878 दहेज संबंधी मामले दर्ज किए गए। ये मामले उस सोच को भी पूरी तरह खारिज करते हैं कि दहेज केवल अशिक्षित समाज या छोटे शहरों तक सीमित समस्या है। दहेज निषेध अधिनियम, 1961 के तहत दहेज लेना, देना या उसकी मांग करना अपराध है। इसके लिए कम से कम 5 साल की जेल हो सकती है। साथ ही साथ ही 15,000 रुपये जुर्माना या दहेज की कीमत के बराबर जुर्माना लगाया जा सकता है। इस कानून में शादी के दौरान अपनी इच्छा से दिए गए उपहारों को दहेज नहीं माना जाता। जगह, जाति, धर्म या परंपरा के अनुसार दिए गए स्वेच्छिक उपहारों की अनुमति है। यह इस कानून की खामी है जिसका फायदा उठाया जाता है। कानूनी जानकारों के अनुसार, लड़के का परिवार कहता है अपनी बेटी को जो देना हो, खुशी से दीजिए। इसके बाद परिवार कार, घर, एफडी, कपड़े और जेवर जैसी महंगी चीजें 'गिफ्ट' के नाम पर देता है। सगाई, तिलक, शादी समारोह, खाने-पीने की व्यवस्था, सजावट, वेन्यू और दूसरी रस्मों पर होने वाला भारी खर्च भी दहेज लेने का तरीका बन गया है। कई मामलों में शादी के बाद इन्हीं चीजों को लेकर बहू पर और ज्यादा दबाव बनाया जाता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि दहेज और घरेलू हिंसा के मामलों में पुलिस और न्याय व्यवस्था का शुरुआती रवैया महिलाओं के प्रति संदेहपूर्ण होता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की होगी। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**बीते दिनों युगांडा से लौटी एक महिला बेंगलुरु में और गुजरात में एक अन्य यात्री के लक्षणों ने देश में हड़कंप मचा दिया था। दोनों संदिग्ध मामले नेगेटिव पाए गए लेकिन तभी से सरकार ने अपनी सतर्कता बढ़ा दी है। पहली बार भारत-अफ्रीका फोरम समिट को इबोला के चलते स्थगित कर दिया गया है। एक तरफ जहाँ सरकार ने हवाई अड्डों पर स्क्रीनिंग सख्त कर दी है वहीं अफ्रीकी देशों से आने वाले यात्रियों के लिए स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की जा रही है। लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह भी दी गई है लेकिन लोगों के जेहन में मौजूदा दौर में यह सवाल उठ रहा है क्या इबोला भारत पहुंच जाएगा?**

# 'इबोला' का कहर और खौफ के साये में भारत

कांगो में तेजी से फैल रहे इबोला वायरस ने पूरी दुनिया के सामने एक बार फिर से गहरी चिंता बढ़ा दी है। यह बीमारी अफ्रीका के जंगलों से निकलकर पूरी दुनिया को नई चेतावनी दे रही है। इस प्रकोप का मुख्य केन्द्र कांगो के इटुरी प्रांत में केंद्रित है, जहां अभी तक एक हजार से अधिक मामले सामने आए हैं और संक्रमण की चपेट में आने से 250 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। कांगों में करीब 1000 से अधिक लोग संदिग्ध मरीज बताए जा रहे हैं। बीमारी के बढ़ते हुए प्रभाव को देखते हुए युगांडा में भी इबोला वायरस से जुड़े कई मामले दर्ज किए गए हैं। हालात कितने भयावह हैं यह इस बात से समझ सकते हैं कि इबोला अब सिर्फ कांगो, युगांडा और दक्षिणी सूडान तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि 10 अफ्रीकी देशों को भी अपने संक्रमण की चपेट में ले चुका है। इसी को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इबोला वायरस को 'वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल' घोषित कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्रतिनिधि ऐन एन्सिया ने चेतावनी दी है कि डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में इबोला ज्यादा तेजी से फैल रहा है। डॉ. एन्सिया ने बताया कि लगातार हो रही जांचों से यह साफ़ होता जा रहा है कि यह बीमारी दूसरे इलाकों में भी फैल रही है। इबोला का कहर दुनिया में पहले भी होता रहा है लेकिन तब इसका इतना व्यापक स्तर पर प्रसार नहीं हुआ था लेकिन वैज्ञानिक इसके नए स्ट्रेन पर चिंता जाहिर कर रहे हैं। 2014-16 में पश्चिम अफ्रीका में इबोला के चलते 28,000 से ज्यादा मामले और 11,000 से ज्यादा मौतें हुई थी। वर्तमान में बंडीबुग्यो स्ट्रेन के आने और वायरस के रूप बदलने से वैज्ञानिकों के माथे पर भी चिंता की लकीरें हैं क्योंकि मौजूदा दौर में इसकी रोकथाम के लिए कोई वैक्सीन भी नहीं है।



हर्षवर्धन पान्डे

भारत में अब तक इबोला का कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन दुनिया के अनुभवों को देखते हुए यहाँ भी इस दौर में खौफ का साया गहरा है। हवाई अड्डों पर विशेष जांच और निगरानी की जारी है। संक्रमण के लक्षण पाए जाने के बाद आइसोलेशन का प्रोटोकॉल भी शुरू कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग लगातार हालातों की मॉनिटरिंग कर रहा है लेकिन फिर भी भारत में चुनौतियां कम नहीं हैं। भारत कोरोना के अनुभव से सीख ले चुका है लिहाजा इस समय स्क्रीनिंग,आइसोलेशन और जागरूकता अभियान चलाए जाने पर सरकार का विशेष जोर है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी जैसे संस्थान लगातार पल- पल की बदलती घटनाओं पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और रैपिड रिस्पॉन्स टीमों के माध्यम से इबोला के प्रकोप को रोकने की दिशा में मजबूती के साथ कार्य कर रहे हैं। बीते दिनों युगांडा से लौटी एक महिला बेंगलुरु में और गुजरात में एक अन्य यात्री के लक्षणों ने देश में हड़कंप मचा दिया था। दोनों संदिग्ध मामले नेगेटिव पाए गए लेकिन तभी से सरकार ने अपनी सतर्कता बढ़ा दी है। पहली बार भारत-अफ्रीका फोरम समिट को इबोला के चलते स्थगित कर दिया गया है। एक तरफ जहाँ सरकार ने हवाई अड्डों पर स्क्रीनिंग सख्त कर दी है वहीं अफ्रीकी देशों से आने वाले यात्रियों के लिए स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की जा रही है। लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह भी दी गई है लेकिन लोगों के जेहन में मौजूदा दौर में यह सवाल उठ रहा है क्या इबोला भारत पहुंच जाएगा? क्या यह कोरोना से भी खतरनाक साबित होगा?




इबोला वायरस फिलोविरिडे परिवार का सदस्य है। यह चमगादड़ जैसे जानवरों से मनुष्यों में फैलता है और फिर व्यक्ति-से-व्यक्ति संपर्क से फैलता है। तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, उल्टी, दस्त और अंत में आंतरिक रक्तस्राव लक्षण दिखने में एक से तीन हफ्ते लग सकते हैं। इबोला वायरस और संक्रमण के अधिकतर लक्षण एक-समान लगते हैं। तेज बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द, त्वचा पर चकत्ते, उल्टी, दस्त, थकान, बेहद कमजोरी, गले में खराश आदि इबोला वायरस के शुरुआती लक्षण हैं। आंख, नाक, कान या मल-मूत्र के रास्ते आंतरिक और बाहरी रक्तस्राव होना भी महत्वपूर्ण लक्षण है। इबोला से संक्रमित जानवरों (चमगादड़ या बंदर) का मांस खाने से भी यह संक्रमण फैलता है। इसमें मृत्यु दर 25% से 90% तक है, जो वायरस के स्ट्रेन और इलाज की उपलब्धता पर निर्भर करती है। इसका संक्रमण इतना भयावह है कि पहली बार अनेक यूरोपीय देशों समेत अमरीका, भारत आदि को 'हाई अलर्ट' घोषित करना पड़ा है। कनाडा ने तो कुछ समय के लिए वीजा जारी करने पर ही रोक लगा दी है। ख़ास बात ये है कि इबोला वायरस जानवरों, मुख्य रूप से फल खाने वाले चमगादड़ों को संक्रमित करते हैं लेकिन अगर लोग उनके सीधे संपर्क में आते हैं तो वे भी संक्रमित हो सकते हैं। इस प्रकोप का कारण इबोला वायरस की बुडिचुग्यो प्रजाति है। यह उन तीन प्रजातियों में से एक है जिनके कारण संक्रमण फैलता है। इबोला वायरस की अन्य प्रजातियों के विपरीत बुडिचुग्यो के लिए कोई भी टीका या दवा उपलब्ध नहीं है। कुछ प्रायोगिक दवाएं अवश्य मौजूद हैं। वायरस के संक्रमण को पुष्टि करने वाले टेस्ट बहुत कारगर नहीं हैं।

भारत की बड़ी आबादी, घनी बसावट ,स्वास्थ्य सुविधाओं की असमानता कोई भी वायरस फैलने पर मुश्किलें बढ़ा सकती है। अफवाहें, रीलबाजी का कल्चर और सोशल मीडिया पर फैलने वाली गलत सूचनाएं मौजूदा दौर में खौफ को बढ़ा सकती हैं। कोरोना काल को लोग अभी तक नहीं भूले हैं जहाँ फेक न्यूज के प्रसार ने कोरोना काल में समाज में भारी दहशत, अफवाहें और भ्रम की स्थिति पैदा कर दी थी। तब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे 'इन्फोडेमिक' यानी सूचना महामारी का नाम दिया था। कोरोना महामारी के दौरान सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर बिना किसी वैज्ञानिक प्रमाण के काढ़े, घरेलू नुस्खों और चमत्कारी इलाजों के दावे धड़ल्ले से वायरल हुए। सोशल मीडिया पर लगातार वायरल होने वाले फर्जी संदेशों ने लोगों में इतना भय भर दिया कि लोग मानसिक तनाव में आ गए। इस बार भी दुनिया में फैल रहे इबोला का सबसे बड़ा हथियार डर है। डर से लोग लक्षण छिपाते हैं, अस्पताल नहीं जाते और इलाज में देरी होती है। भय, तनाव, असहाय स्थितियां इसलिए भी हैं क्योंकि अभी तक इबोला लाइलाज है। दुनिया में एक भी टीका या गोली अथवा कैप्सूल ऐसा नहीं है, जो इबोला का इलाज कर सके। सीरम इंस्टीट्यूट, पुणे और ब्रिटेन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी संयुक्त रूप से इबोला के टीके पर अभी शोध कार्य कर रहे हैं। भरोसा है कि आने वाले दिनों में एक टीका बाजार में उपलब्ध होगा। रूस का भी दावा है कि उसके डॉक्टर और शोधकर्ता भी इबोला के टीके की खोज कर चुके हैं और जल्द ही यह दुनिया के बाज़ार को उपलब्ध होगा। अफ्रीकी देशों में ही तीन बार इबोला वायरस का संक्रमण फैल चुका है जिनमें 11,000 से अधिक मौतें हुई। समस्या यह है कि कांगो, युगांडा, सूडान सरीखे देशों में स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचा बेहद सीमित है, लिहाजा अस्पताल इबोला के संक्रमित या संदिग्ध मरीजों से पटे हुए हैं।

# भारत नेपाल सीमा विवाद के ऐतिहासिक और राजनीतिक आयाम

**कालापानी क्षेत्र भारत के उत्तराखंड राज्य के पिथौरागढ़ जिले के पास स्थित है और सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह क्षेत्र भारत, नेपाल और तिब्बत के त्रिकोणीय भूभाग के पास स्थित है। वर्ष 1962 के युद्ध के बाद से भारत ने यहाँ अपनी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की है। लिपुलेख दर्रा कैलाश मानसरोवर यात्रा के मुख्य मार्ग के रूप में भी जाना जाता है। इस विवाद की ऐतिहासिक जड़ें वर्ष 1816 की सुगौली संधि में निहित हैं जो ब्रिटिश शासकों और नेपाल के राजा के बीच हुई थी।**

भारत और नेपाल के मध्य सदियों पुराने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संबंध रहे हैं जो विश्व पटल पर एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। दोनों देशों के बीच लगभग 1751 किलोमीटर की लंबी खुली सीमा है। दोनों राष्ट्रों के नागरिक बिना किसी विशेष अनुमति पत्र के एक दूसरे के देश में अबाध रूप से आ जा सकते हैं, कार्य कर सकते हैं और व्यापार कर सकते हैं। पशुपतिनाथ और काशी विश्वनाथ जैसे पवित्र स्थल दोनों देशों की आस्था को एक समान सूत्र में बांधते हैं। इसके अतिरिक्त दोनों देशों के बीच अत्यंत प्रगाढ़ पारिवारिक और सामाजिक संबंध हैं। आर्थिक रूप से भी नेपाल अपने अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए मुख्य रूप से भारतीय बंदरगाहों पर निर्भर करता है। भारत नेपाल को पेट्रोलियम, खाद्यान्न, दवाइयाँ और बिजली जैसी आवश्यक वस्तुएँ निरंतर प्रदान करता है। वर्ष 1950 की शांति और मित्रता संधि दोनों देशों के संबंधों की आधारशिला है। इस संधि ने नेपाल के नागरिकों को भारत में रोजगार और निवास करने के वे सभी अधिकार दिए हैं जो किसी भारतीय नागरिक को प्राप्त हैं। भारतीय सेना में गोरखा सैनिक इसका एक गौरवशाली प्रमाण हैं जो दशकों से भारत की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च योगदान देते आए हैं। इतनी गहरी मित्रता और निर्भरता के बावजूद दोनों देशों के बीच सीमा से जुड़े कुछ संवेदनशील विषय समय समय पर कूटनीतिक तनाव का कारण बनते रहे हैं।



महेन्द्र तिवारी

हाल ही में काठमांडू के महापौर बालेन्द्र शाह के एक वक्तव्य ने इस पुराने सीमा विवाद को फिर से चर्चा के केंद्र में ला दिया है। नेपाल की संसद और सार्वजनिक मंचों पर इस विषय ने एक नई बहस को जन्म दिया है। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि केवल भारत ने ही नेपाल की जमीन पर अतिक्रमण नहीं किया है बल्कि नेपाल के लोगों ने भी कुछ स्थानों पर भारतीय भूमि का उपयोग किया है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि दोनों देशों को कूटनीतिक वार्ताओं, इतिहासकारों और सर्वेक्षण विशेषज्ञों की सहायता से इस विवाद का स्थायी समाधान खोजना चाहिए। नेपाल की राजनीति में जहाँ अक्सर राजनीतिक लाभ लेने के लिए भड़काऊ भावनाएं फैलाई जाती हैं, वहाँ एक लोकप्रिय युवा नेता द्वारा इस प्रकार का संतुलित और दोनों पक्षों की कमियों को स्वीकार करने वाला वक्तव्य आना एक अप्रत्याशित घटना थी। उनके इस बयान का नेपाल के भीतर कड़ा विरोध भी हुआ जिसके बाद नेपाल के विदेश मंत्रालय को यह स्पष्टीकरण देना पड़ा कि महापौर का आशय सीमा पार खेती और स्थानीय निवासियों द्वारा भूमि के उपयोग से था न कि किसी राजनीतिक कब्जे से। भारत और नेपाल के बीच मुख्य सीमा विवाद कालापानी, लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और सुस्ता क्षेत्रों को लेकर है। कालापानी क्षेत्र भारत के उत्तराखंड राज्य के पिथौरागढ़ जिले के पास स्थित है और सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह क्षेत्र भारत, नेपाल और तिब्बत के त्रिकोणीय भूभाग के पास स्थित है। वर्ष 1962 के युद्ध के बाद से भारत ने यहाँ अपनी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की है। लिपुलेख दर्रा कैलाश मानसरोवर यात्रा के मुख्य मार्ग के रूप में भी जाना जाता है। इस विवाद की ऐतिहासिक जड़ें वर्ष 1816 की सुगौली संधि में निहित हैं जो ब्रिटिश शासकों और नेपाल के राजा के बीच हुई थी। इस संधि के अनुसार महाकाली नदी को दोनों देशों के बीच की पश्चिमी सीमा माना गया था। सारा विवाद इस बात पर केंद्रित है कि महाकाली नदी का वास्तविक उद्गम स्थल कौन सा है। नेपाल का दावा है कि नदी का उद्गम लिम्पियाधुरा से होता है जिसके आधार पर कालापानी और लिपुलेख उसके भूभाग का हिस्सा बन जाते हैं। दूसरी ओर भारत का स्पष्ट मानना है कि नदी का उद्गम कालापानी के पास से होता है और इसलिए यह पूरा क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग है।




वर्ष 2020 में यह कूटनीतिक तनाव अपने चरम पर पहुँच गया था जब भारत ने धारचूला से लिपुलेख तक एक नई सड़क का निर्माण किया ताकि तीर्थयात्रियों को सुविधा हो सके। इसके प्रतिक्रिया स्वरूप नेपाल सरकार ने अपना नया राजनीतिक मानचित्र जारी कर दिया जिसमें कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा को नेपाल का हिस्सा दर्शाया गया। इस कदम ने दोनों देशों के बीच राजनीतिक संवाद को लगभग रोक दिया था। नेपाल के कुछ नेताओं ने इस विवाद में ब्रिटेन और चीन के साथ संवाद करने की बात भी कही थी। भारत हमेशा से यह दृढ़तापूर्वक मानता रहा है कि भारत और नेपाल के बीच का सीमा विवाद पूरी तरह से एक द्विपक्षीय विषय है और इसमें किसी भी तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता।

नेपाल के पूर्व कूटनीतिज्ञों और सीमा विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया है कि भारत और नेपाल के बीच लगभग 97 प्रतिशत सीमा का निर्धारण सफलतापूर्वक हो चुका है और केवल कुछ ही स्थानों पर सीमा स्तंभों की स्थिति को लेकर भ्रम है। सुस्ता क्षेत्र का विवाद गंडक नदी के मार्ग बदलने के कारण उत्पन्न हुआ है। नदियों के प्राकृतिक बहाव में परिवर्तन अक्सर सीमावर्ती क्षेत्रों में नई चुनौतियाँ पैदा करता है जिनका समाधान तकनीकी और सर्वेक्षण समितियों द्वारा किया जा सकता है। दोनों देशों के बीच संयुक्त सीमा कार्यसमूह पहले से ही इन विषयों पर कार्य कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो शेष 3 प्रतिशत विवादित सीमा का समाधान भी शांतिपूर्ण ढंग से किया जा सकता है। वर्तमान भूराजनीतिक परिदृश्य में चीन का बढ़ता प्रभाव भी इस विवाद को जटिल बनाता है। चीन नेपाल में भारी मात्रा में आर्थिक निवेश कर रहा है और सड़क, रेल तथा अन्य आधारभूत ढांचों का निर्माण कर रहा है। भारत की सुरक्षा के लिए यह आवश्यक है कि नेपाल के साथ उसके संबंध मधुर बने रहें ताकि कोई अन्य देश इस कूटनीतिक दूरी का लाभ न उठा सके। नेपाल भी एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में भारत और चीन के बीच संतुलन बनाकर अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का संचालन करना चाहता है। अंततः यह कहा जा सकता है कि भारत और नेपाल के संबंध केवल नक्शों और सीमा रेखाओं के मोहताज नहीं हैं। दोनों देशों के नागरिकों के बीच जो गहरा विश्वास और आत्मीयता है वह किसी भी कूटनीतिक विवाद से कहीं अधिक शक्तिशाली है। भड़काऊ बयानों के स्थान पर ऐतिहासिक दस्तावेजों, तथ्यों और व्यावहारिक कूटनीति के आधार पर समाधान खोजना ही एकमात्र विकल्प है।

# डा. बशीर बद्र के निधन के बाद उर्दू शायरी बाधित रही

**डा. बशीर बद्र अपनी अनूठी शायरी और प्रस्तुत आम फहम जबान के लिये प्रसिद्ध थे। उनकी शायरी, मानवीय संवेदनाओं मुख्यतः वियोग, उम्मीद एवं तनहाई का मिश्रित संग्रह हैं, मरणोंपरान्त उनके कलम की ख़ामोशी, वर्तमान में उर्दू अदब के लिये एक आपूर्णीय क्षति है। समय की इस क्षति के बाद, उर्दू शायरी में आम फहम भाषा के जरिये, जीवन के गहरे फ़लसफों को बयान कर पाने की सम्भावना भी क्षीण होती जायेगी।**

उर्दू साहित्य विशेषकर ग़ज़ल की दुनिया के दार्शनिक हस्ताक्षर पदम्श्री बशीर बद्र का 91 वर्ष की आयु में भोपाल में निधन हो गया। इसी के साथ उर्दू शायरी के स्वर्णिम युग का अन्त हो गया। इनके द्वारा बिताये गये, सहत और सादगी पूर्ण जीवन में, फ़लसफ़ सदैव निहित रहा। उन्होनें उर्दू ग़ज़ल को फ़ारसी के जटिल शब्दों से निकालकर, आम आदमी की भावनाओं, प्रेम तथा एकान्त से जोड़ा। उनकी शायरी में जीवन की तलाख़ियों को अपनी मखमली आवाज एवं बड़े ही दार्शनिक अन्दाज़ में, पेश किया जाता था, उनकी शायरी में जीवन की सच्चाई के साथ बदलते वक्त का दार्शनिक चित्रण निहित होता था। उनकी सादगी, सहजता एवं शायरी में निहित फ़लसफ़े ने आम भारतीयों के दिलों को, गहराई तक छुआ। बिरासत के रूप में, अपने बाद छोड़ी गयी शयरी आने वाले कई दशकों तक, उर्दू प्रेमियों के दिलों में छूती रहेगी। डा. बशीर बद्र अपनी अनूठी शायरी और प्रस्तुत आम फ़हम जबान के लिये प्रसिद्ध थे। उनकी शायरी, मानवीय संवेदनाओं मुख्यतः वियोग, उम्मीद एवं तनहाई का मिश्रित संग्रह हैं, मरणोंपरान्त उनके कलम की ख़ामोशी, वर्तमान में उर्दू अदब के लिये एक आपूर्णीय क्षति है। समय की इस क्षति के बाद, उर्दू शायरी में आम फ़हम भाषा के जरिये, जीवन के गहरे फ़लसफों को बयान कर पाने की सम्भावना भी क्षीण होती जायेगी। डा0 बशीर बद्रने अपनी शायरी में, आम आदमी के दुख दर्द, रोमान्स तथा बदलते दौर की सच्चाइयों को इस सहजता से व्यक्त किया कि वह हर उर्दू प्रेमी के दिल पर छा गये। उनके जाने से, उर्दू शायरी मं एक ऐसा शून्य पैदा हो गया है जिसकी भर पायी बहुत कठिन होगी। उनकी शायरी की कुछ प्रमुख विशेषताएं निम्नवत् हैः-



मुहम्मद कमर खॉं

आधुनिक ग़ज़ल में योगदानः-उन्होनें उर्दू ग़ज़ल को पुराने पारम्पारिक प्रतीकों से निकाल कर, आधुनिक युग के इन्सानी जज़्बात के निकट ला दिया। उम्मीद और हौसले से युक्त प्रेरणाः-विपरीत परिस्थितियों में भी मुस्कराते रहने का संदेश तथा उम्मीद न खोने का फ़लसफ़, उनकी शायरी का मूल मन्त्र रहा।

सरलता में गहराईः-उनके कलाम की भाषा बहुत सरल होती थी किन्तु उसका अर्थ सदैव जीवन के मर्म और दर्शन से जुड़ा होता था, और गहरी सच्चाइयों पर अधारित होता था। इस प्रकार कहा जा सकता है कि वह सिर्फ एक शायर ही नहीं थे, बल्कि एक युग दृष्टा थे, जिनके कलम ने इन्सानी रिश्तों-जज़्बात एवं भावनाओं की नब्ज को गहराई से छुआ था। उनके ऐसे कतिपय एशआर हम पाठकों को याद दिलाना चाहेंगे जो उनके बाद भी उर्दू प्रेमियों के दिलों में गूंजते रहेंगे और जीवन के फ़लसफ़े से सम्बन्धित ज्ञान देते रहेंगे।



डा. बशीर बद्र ने मोहब्बत और ज़िन्दगी के फ़लसफ़े को अति सरल भाषा में बयान कर, उसे आम आदमी के दिल की धड़कन बना दिया। जिन्दगी और सफ़र के विषय पर उन्होने कहा है-

''उज़ाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो<br>
न जाने किस गली में जिन्दगी की शाम हो जाय''

मुलाक़ात और एहसास को उन्होनें कुछ इस प्रकार महसूस किया-

''न जी भर के देखा न कुछ बात की बड़ी आरजू थी मुलाकात की''

रिश्तों के दायरों को लेकर बशीर बद्र की सोच है-

''कोई हाथ भी न मिलायेगा जो गले मिलोगे तपाक से<br>
ये नये मिजाज़ का शहर है ज़रा फ़ासले से मिला करो''

तन्हाई और सुकून को लेकर उनकी सोच है-

''जिन्दगी तूने मुझे क़ब्र से कम दी है जमीं-पांव फैलाऊं तो दीवार में सर लगता है''

मोहब्बत और उस से जुड़ी मान मनौव्वल में भविष्य की लकीरों का निर्धारण कुछ यूं किया है''-हसीं तो और भी हैं लेकिन कोई तुम सा कहाँ जो दिल जलाये बहुंत फ़िर भी दिलरूबा ही लगे।

हौसलों को लेकर बशी बद्र ने लागों का मार्ग कुछ इस प्रकार प्रशस्त किया-

''हम भी दरिया हैं हमें अपना हूनर मालूम है<br>
जिस तरफ़ भी चल पड़ेगे रास्ता हो जायेगा''

अनावश्यक विवादों की पूर्व सोच पर उनका मानना है-

''दुशमनी जम कर करो लेकिन ये गुजांइश रहे<br>
जब कभी हम दोस्त हो जाये तो शार्मिदा न हो''

विवशता की स्थिति को उन्होनें कुछ, इस प्रकार व्यक्त किया है-

''कुछ तो मजबूरियां रही होगी यूं ही कोई बेवफ़ नही होता''

मोहब्बत को लेकर उनकी निजी उम्मीद कुछ इस तरह है-

''मोहब्बतों में दिखावे की दोस्ती न मिला<br>
अगर गले नही मिलता तो हाथ भी न मिला''

उनकी शायरी के उपरोक्त अध्ययन के पश्चात् हम इस निष्कर्ष पर पहुंचेगे, कि उनकी शायरी आज लोगों के ज़ेहनों में रोजमर्रा के व्यवहार की भांति जुड़ चुकी है। डा0 बशीर बद्र को उनके मजमूओं, जैसे 'आहट' 'इमरात' और 'साया' के लिये सदैव याद किया जाता रहेगा। उनकी ग़ज़लें महज़ शायरी तक सीमित न रह कर, आज के दौर की तन्हाई-बदलते रिश्तों एवं मानवीय ज़ेहनी संघर्ष की एक दार्शनिक दस्तावेज मानी जायेगी। आइये, अब डा0 बशीर की शायरी के मुख्य दार्शनिक पहलुओं पर विचार किया जाए

जीवन का यथार्थ-उन्होनें आम आदमी के संघर्ष उसकी उन ज़रूरतों एवं छोटी छोटी खुशियों को, अपनी रचनाओं में पिरोकर प्रस्तुत किया जो, जनसाधारण के दिल को सीधा छू जाया करती हैं।

टूटे हुये रिश्तों का मरहम-उनकी शायरी विशेषकर गज़लों में, आज की तन्हाई एवं बदलते रिश्तों की क़ड़वाहट का बहुत ही संवेदनशील तथा दार्शनिक चित्रण देखने को मिलेगा। निराशा के विरूद्ध प्रेरणात्मक संदेश-नकरात्मक परिस्थितियों में भी हंसते हुये, नई सुबेह की तलाश उनकी शायरी का मूलमन्त्र रहा। शायरी में उनके योगदान के अर्न्तगत बिताये हुस सफ़र की झलकियां यहाँ पेश है।

अनोखे अन्दाज़ का परिचय-डा0 साहब ने उर्दू शायरी को पारम्परिक मुहावरा-ए-इश्क़ से निकालकर, आधुनिक जीवन की भाग दौड़, आम आदमी की चिन्ता तथा टूटते हुये रिश्तों के निकट ला खड़ा किया।

सहज एवं दार्शनिक-उनकी शायरी रोजमर्रा के शब्दों से बुनी हुयी होती है, परन्तु उसमें निहित अर्थ, पाठकों को सोचने पर मजबूर कर देगे।

उजाले और रोशनी का प्रतीक-बशीर बद्र की शायरी में प्रायः धूप, छाँव, चिराग तथा रोशनी का प्रयोग जीवन के सघर्ष तथा आशा को दर्शाने के लिये किया जाता है

अकेलापन और यादें-उनकी शायरी को तन्हाई और उदासी हेतु, नई ताज़गी और सौन्दर्य प्रदान करने के माध्यम के रूप में देखा जाता रहेगा।

# प्रेम-प्रसंग में हुई थी युवक की हत्या

## पति-पत्नी गिरफ्तार, पुलिस टीम को मिला 25 हजार का पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** थाना बकेवर पुलिस ने गुमशुदा युवक विजय निषाद की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए एक दंपती को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार प्रेम-प्रसंग के चलते युवक की हत्या की गई थी। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने मृतक के नर कंकाल के अवशेष, हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का चौखट, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन के अवशेष समेत कई महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए हैं। मामले के सफल अनावरण पर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया है।

पुलिस के मुताबिक थाना बकेवर क्षेत्र के ग्राम टिकरा निवासी इंद्रपाल निषाद ने 31 मई को तहरीर देकर बताया था कि उनका पुत्र विजय निषाद 8 मई को मोटरसाइकिल से ग्राम मनकी, थाना कुरारा, जनपद हमीरपुर जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन



■ मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन के अवशेष समेत महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद

उसके बाद वापस नहीं लौटा। इस संबंध में पहले गुमशुदगी दर्ज की गई थी। बाद में परिजनों ने आरोप लगाया कि विजय निषाद की बातचीत ग्राम मनकी निवासी किरण देवी से होती थी और इसी रंजिश के चलते किरण देवी तथा उसके पति कामता निषाद ने उसकी हत्या कर शव को छिपा दिया है। तहरीर के आधार पर थाना बकेवर में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बिंदकी के नेतृत्व में गठित टीम ने सर्विलांस, मुखबिर सूचना और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। जांच के दौरान पुलिस ने पहले कामता निषाद और बाद में उसकी पत्नी किरण देवी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि किरण देवी और विजय निषाद के बीच करीब आठ माह से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इस बात की जानकारी होने पर कामता निषाद विजय से रंजिश रखने लगा था। उसने विजय को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और अपनी पत्नी को भी इसमें शामिल कर लिया। पुलिस के अनुसार 8 मई को किरण देवी ने मोबाइल फोन के माध्यम से विजय निषाद को मिलने के बहाने अपने घर बुलाया। विजय के घर पहुंचने पर उसे अंदर ले जाया गया और मुख्य दरवाजे पर ताला लगा दिया गया, ताकि वह बाहर न निकल सके। घर के अंदर पहले से मौजूद कामता निषाद ने लकड़ी के चौखट से विजय के सिर पर कई वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद दोनों आरोपियों ने शव को घर के एक कमरे में छिपा दिया और खून के निशानों को साफ कर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया। रात होने पर दोनों ने शव को ठिकाने लगाने की योजना बनाई। पुलिस के अनुसार शव अकड़ जाने के कारण उसे बोरे में भरने में परेशानी हुई, जिसके बाद आरोपियों ने आरी और ग्राइंडर की सहायता से शव के पैरों को काटकर मोड़ा और बोरे में भर दिया। इसके बाद शव को मोटरसाइकिल से कानपुर नगर जनपद के थाना रेउना क्षेत्र के जंगल में ले जाकर जला दिया गया। पहचान मिटाने के उद्देश्य से मृतक का पैन कार्ड, एटीएम कार्ड, जूते और अन्य सामान भी जंगल में फेंक दिया गया।

## तहसीलों में 10 साल से जमे 18 लेखपालों सहित 29 के तबादले

**मथुरा।** जनपद की चारों तहसीलों में कार्यरत 29 लेखपालों के तबादले जिला प्रशासन द्वारा किए गए हैं। यह कार्रवाई जिलाधिकारी सीपी सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा की गई है। इनमें से 18 लेखपाल ऐसे हैं, जो 10 वर्षों से अधिक समय से एक ही स्थान पर तैनात थे। 30 मई को जारी तबादला सूची के अनुसार कई लेखपालों को एक तहसील से दूसरी तहसील में स्थानांतरित किया गया है। गोवर्धन तहसील से मथुरा भेजे गए लेखपालों में बनी सिंह, भीम सिंह, रामबाबू सैनी और राजवीर सिंह शामिल हैं, जबकि शिवचरण लाल एवं भगवान सहाय को छाता भेजा गया है।

इसी क्रम में मुमताज फातिमा, अनिल कुमार निराला, पवन कुमार, राजीव कुमार और ओम प्रकाश को गोवर्धन से मांट तहसील स्थानांतरित किया गया है। वहीं कमलेश पाली को गोवर्धन से महावन भेजा गया है। अन्य तबादलों में मेहताब सिंह (महावन से गोवर्धन), चंद्रशेखर वर्मा एवं रामनरेश यादव (मथुरा से गोवर्धन), कमल सिंह (छाता से

# मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान, मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का देखा गया सजीव प्रसारण

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश स्तर पर लखनऊ में आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण रविवार को महात्मा गांधी कलेक्ट्रेट सभागार में देखा और सुना गया। कार्यक्रम में जहानाबाद विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव तथा जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रेरणादायी संबोधन का भी प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों ने सुना। जनपद स्तर पर हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के कुल 21 मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन किया गया था। इनमें से सात मेधावियों को प्रदेश स्तर पर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा एक-एक लाख रुपये का प्रतीकात्मक चेक, लैपटॉप, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं शेष 14 मेधावी छात्र-छात्राओं को जनपद स्तर पर 21-21 हजार रुपये का प्रतीकात्मक चेक, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। उनके अभिभावकों और शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सुधार हो रहा है और विद्यार्थियों की सफलता शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है तथा बेटियां भी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में आज की युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा को सफलता का आधार बनाकर देश और समाज के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने मेधावी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, लगन और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# डीएम ने जिला पूर्ति कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने सोमवार को पटेल नगर चौराहे के पास स्थित जिला पूर्ति कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राशन वितरण व्यवस्था, आयुष्मान कार्ड निर्माण, रिक्त उचित दर दुकानों के चयन तथा पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध जनसुविधाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र में संचालित राशन दुकानों की जानकारी प्राप्त की और पूर्ति निरीक्षक को निर्देश दिया कि राशन दुकानों की सूची नगर पालिका के साथ साझा की जाए, जिससे फैमिली आईडी बनाने के कार्य में सुविधा मिल सके। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर सभी कोटेदारों की आयुष्मान आईडी प्राप्त करने तथा राशन दुकानों पर आयुष्मान कार्ड और फैमिली आईडी बनाने के कार्य की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी पेट्रोल पंपों पर महिलाओं के लिए शौचालय एवं स्तनपान (बेबी फीडिंग) की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

## जवाहर बाग कांड: 10 साल बाद भी शहादत को न्याय का इंतज़ार

**मथुरा।** 2 जून 2016 को मथुरा ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया था। इस घटना में उत्तर प्रदेश पुलिस के जांबाज अधिकारी सहित कई पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। 2 जून 2026 को इस दर्दनाक घटना को पूरे 10 वर्ष बीत जाएंगे लेकिन शहीदों के परिजनों के दिलों में आज भी वही पीड़ा, वही इंतज़ार और वही सवाल जिंदा हैं।

यह एक दशक सिर्फ समय का नहीं, बल्कि दर्द, निराशा और टूटती उम्मीदों का दशक रहा है। शहीद मुकुल द्विवेदी की पत्नी अर्चना द्विवेदी के भावनात्मक शब्द आज भी व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हैं। उनका कहना है कि बिछोह का दर्द तो कभी कम नहीं हो सकता, लेकिन उससे भी बड़ा दुख यह है कि शहादत को वह सम्मान और न्याय नहीं मिल सका जिसकी उम्मीद थी। घटना के बाद प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ और नई सरकार से परिजनों को काफी उम्मीदें थीं।

# टिकट का पैसा लेकर टिकट न देने वाले कंडक्टर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** देश और प्रदेश में भ्रष्टाचार की जड़े इतनी मजबूत हैं यदि कोई कर्तव्यनिस्ट और ईमानदार अधिकारी अपने दायित्व और जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहे तो ऐसे अधिकारियों के सामने भ्रष्टाचारियों के संरक्षणदाता कथित कर्मचारी संगठन गलत को बढ़ावा देने और ईमानदार अधिकारी के सामने तमाम तरह की दिक्कतें पैदा कर उसे ही भ्रष्ट और बेईमान साबित करने की साजिश करने में भी पीछे नहीं रहते ऐसा ही एक मामला मथुरा रोडवेज विभाग में सामने आया है विगत दिन बिना टिकट यात्रा कराने वाले कंडक्टर के विभागीय कार्रवाई करना अधिकारी को भारी पड़ता नजर आ रहा है ।

जानकारी के अनुसार रोडवेज बसों में कंडक्टरों की मनमानी और उनके द्वारा बिना टिकट किराए का पैसा लेकर यात्रा

■ चालक परिचालक संगठन हुए सक्रिय अधिकारी पर बना रहे दबाव

कराने की शिकायतें मिल रही थी जिस पर क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक रोडवेज मदन मोहन शर्मा के द्वारा अधीनस्थों के साथ 29 मई को औचक निरीक्षण किया गया। मथुरा से बरसाना चलने वाली रोडवेज की बस संख्या यू पी 78 जे टी 5682 को गोवर्धन और बरसाना के मध्य भगोसा गांव के पास रोककर निरीक्षण किया गया तो उसमें पांच सवारी जो मथुरा से बरसाना के लिए यात्रा कर रही थी उनसे किराया तो लिया गया लेकिन बस के कंडक्टर मोहन सिंह के द्वारा टिकट नहीं दिया गया। इसी प्रकार गोवर्धन से बरसाना के लिए यात्रा कर रहे चार यात्रियों से किराया लेकर भी उन्हें टिकट नहीं दिया गया। बस में जिन लोगों को बिना टिकट पाया गया उन्होंने कैमरे के सामने स्वीकार किया उनसे किराया तो लिया गया लेकिन टिकट नहीं दिया है। इस पर संबंधित बस कंडक्टर के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करते हुए उसे पर 4475 रुपए अर्थ दंड तथा सेवा समाप्ति की कार्रवाई की गई। आक्रोशित मोहन सिंह कंडक्टर ने अपने साथी यू पी 78 एल टी 3543 के कंडक्टर राधा कृष्ण को घटना क्रम से अवगत करा दिया। अपनी कार्रवाई करके सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज श्री शर्मा अपनी गाड़ी से गंतव्य के लिए जा रहे थे तभी सामने से आती रोडवेज बस यू पी 78 एल टी 3543 के चालक ने सरकारी जीप के आगे बस रोक दी और कंडक्टर राधा कृष्ण ने ए आर एम श्री शर्मा के साथ गाली गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया और कुछ अराजक तत्वों को बुलाकर गंभीर घटना कराने का प्रयास किया। सरकारी गाड़ी के चालक की सूझबूझ से अधिकारी अपने आप को सुरक्षित निकालकर मौके से चले आए।

# लापता बालिका की बरामदगी को लेकर एआईएमआईएम का प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिला अध्यक्ष एडवोकेट मोहिउद्दीन फारूकी एवं युवा जिला अध्यक्ष क़ासिम सिद्दीकी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपकर दो महत्वपूर्ण मामलों में कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में युवा जिला अध्यक्ष क़ासिम सिद्दीकी को कथित रूप से सर काटकर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गई। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय लोगों को धमकी देना कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। इसके अलावा संगठन ने जगदीश पासवान की लापता पुत्री की सकुशल बरामदगी और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग भी उठाई। पदाधिकारियों का कहना था कि पीड़ित परिवार लंबे समय से न्याय की प्रतीक्षा कर रहा है, इसलिए प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए।

# 'मन की बात' प्रधानमंत्री व नागरिकों के बीच बना सेतु : डॉ विनोद बिंद

अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें एपिसोड को लेकर भाजपा के भदोही सांसद डॉ विनोद बिंद ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की और इसे समाज, युवाओं तथा देश की सकारात्मक पहलों को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मंच बताया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जो नियमित रूप से देश की जनता से सीधे संवाद स्थापित करते हैं। हर महीने प्रसारित होने वाला 'मन की बात' कार्यक्रम प्रधानमंत्री और आम नागरिकों के बीच एक अनूठा सेतु बन चुका है। कहा, विश्व स्तर पर इस तरह का नियमित संवाद बहुत कम देखने को मिलता है। 'मन की बात' कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है बल्कि यह देश की प्रतिभाओं, नवाचारों और सामाजिक प्रयासों को



सामने लाने का माध्यम है।

कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए लोगों को देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे प्रेरणादायक कार्यों की जानकारी मिलती है और समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिलता है। कई बार ऐसे कार्य होते हैं जिन्हें केवल सरकारी प्रयासों से पूरा करना संभव नहीं होता, लेकिन जब समाज और स्थानीय समुदाय एकजुट होकर आगे आते हैं तो उल्लेखनीय परिणाम सामने आते हैं। आज के एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों द्वारा सामूहिक रूप से तालाबों की सफाई और संरक्षण के प्रयासों का जिक्र किया और कहा कि लोकतंत्र की सफलता नागरिकों की सक्रिय सहभागिता पर निर्भर करती है और 'मन की बात' इसी भावना को मजबूत करता है।

उन्होंने इसे सामान्य ज्ञान का एक उपयोगी सत्र बताते हुए कहा कि कई परिवार इस कार्यक्रम को साथ बैठकर सुनते हैं, जिससे नई पीढ़ी को प्रेरणा और सीख मिलती है।

# हज़रत अल्लामा मुफ्ती मोहम्मद फारूक हामिदी का उर्स अकीदत से मना

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** ईदगाह संभल के पूर्व शाही इमाम, प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान और कई धार्मिक किताबों के लेखक हज़रत अल्लामा शाह मुफ़्ती मोहम्मद फ़ारूक़ हामिदी क़ादरी रहमतुल्लाह अलैह का 15वाँ सालाना उर्स आज बाद नमाज़-ए-मग़रिब क़ादरी मंज़िल, कोट शर्क़ी संभल में बड़े सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस मौके पर उलेमा, इमाम, सामाजिक लोगों के साथ बड़ी संख्या में आम लोगों ने भी भाग लिया।

हज़रत मुफ़्ती मोहम्मद फ़ारूक़ हामिदी रहमतुल्लाह अलैह ने अपनी पूरी ज़िंदगी इस्लाम की शिक्षा फैलाने, लोगों की धार्मिक रहनुमाई करने, फ़तवे लिखने और समाज की भलाई के कामों में बिताई। आप एक बड़े आलिम, अच्छे लेखक और बेहतरीन शिक्षक थे। आपकी किताबें और धार्मिक सेवाएँ आज भी लोगों के लिए मार्गदर्शन का स्रोत हैं। कार्यक्रम की शुरुआत क़ारी मोहम्मद इमरान ने क़ुरआन शरीफ़ की तिलावत से की। इसके बाद सैयद मिन्हाजुल क़ादिर ने नात और मनक़बत पेश की, जिसे लोगों ने बड़े ध्यान और अकीदत से सुना। इस मौके पर मुफ़्ती मिस्बाहुल हसन नईमी (मुरादाबाद) ने अपने खिताब में हज़रत मुफ़्ती मोहम्मद फ़ारूक़ हामिदी रहमतुल्लाह अलैह की धार्मिक, शैक्षिक और सामाजिक सेवाओं को याद किया। उन्होंने कहा कि मुफ़्ती साहब ने हमेशा मौहब्बत, भाईचारे और एकता का पैगाम दिया।

इसके बाद मौलाना फ़ैज़ान अशरफ़ हामिदी ने शजरा शरीफ़ पढ़ा,सलातो सलाम के बाद मौलाना सैयद यज़दानी मियाँ ने दुआ कराई। उन्होंने मरहूम के लिए मग़फ़िरत, मुसलमानों की तरक्की, देश में अमन और संभल की खुशहाली की दुआ की। कार्यक्रम के अंत में क़ारी बुरहान अशरफ़ हामिदी और क़ारी ग़ाज़ी अशरफ़ हामिदी की ओर से लंगर का एहतेमाम किया गया, जिसमें सभी लोगों ने हिस्सा लिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि वे हज़रत मुफ़्ती साहब के मिशन को आगे बढ़ाते रहेंगे।

# विराज शास्त्री में हैं जनसेवा का डीएनए: महाना

## 20 हजार लीटर क्षमता के आरओ प्लांट का विधानसभा अध्यक्ष ने किया लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** लाल बहादुर शास्त्री फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा जनपद फतेहपुर की सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुसुंभी गांव में स्थापित 20 हजार लीटर क्षमता के नवनिर्मित आरओ प्लांट का लोकार्पण रविवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा के माननीय अध्यक्ष सतीश महाना के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों की मौजूदगी रही।

उत्तर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के आगमन पर फाउंडेशन के अध्यक्ष विराज शास्त्री एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के पुत्र विभाकर शास्त्री ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद श्री महाना कुसुंभी गांव पहुंचे, जहां उन्होंने आरओ प्लांट का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया और प्लांट का निरीक्षण कर उसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष विराज शास्त्री ने



■ कहा, शुद्ध पेयजल से ग्रामीणों का स्वास्थ्य होगा बेहतर

आरओ प्लांट की स्थापना, क्षमता एवं उसके उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह प्लांट गांव के लोगों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे जलजनित बीमारियों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। लोकार्पण के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने प्लांट से निकले शुद्ध जल को गांव की बच्चियों को पिलाया और ग्रामीणों से अपील की कि वे दैनिक जीवन में शुद्ध पेयजल का उपयोग करें, जिससे बीमारियों से बचाव संभव हो सके और बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विशाल जनसभा में विधानसभा अध्यक्ष ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय हरिकिशन शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान विभाकर शास्त्री एवं विराज शास्त्री ने संयुक्त रूप से श्री महाना को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं फाउंडेशन के जिला संयोजक डॉ. अमित मिश्रा नीतू, कार्यक्रम संयोजक धनंजय द्विवेदी एवं ग्राम प्रधान शिवा ठाकुर ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का 51 किलो की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

# एसडीएम की पहल के बाद खसरा प्रभावित बच्चों के लिए गए सैंपल



■ स्वास्थ्य विभाग को मिली सफलता

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** नगर के तोपखाना स्थित कंजर कॉलोनी में खसरा (मीजल्स) के पांच मरीज पाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। मरीजों के नमूने लेने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रभावित परिवारों के घर पहुंची, लेकिन परिजनों ने बच्चों के सैंपल देने से इनकार कर दिया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम में डब्ल्यूएचओ मॉनिटर मेडिकल ऑफिसर डॉ. सहन बिहारी गुप्ता, राजनारायण वर्मा, विजय राव (एलटी) एवं आशा कार्यकर्ता शामिल थे। टीम द्वारा परिजनों को काफी समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने बच्चों के नमूने नहीं दिए। इसके बाद टीम ने वापस लौटकर मामले से मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को अवगत कराया। बाद में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) जालौन रिंकू सिंह से मुलाकात की।

## खंडहर पड़े पंचायती घर को लेकर बढ़ी सरगर्मी

**मथुरा।** गोवर्धन तहसील के ग्राम पंचायत सकरवा में पिछले तीन वर्षो से खंडहर अवस्था में पड़े जाटव समाज के पंचायती घर को लेकर एक बार फिर सरगर्मी तेज हो गई है।तो वही समाजसेवी एवं सपा नेता महेश चंद शर्मा उर्फ गोल्डी भैया गांव अपने समर्थकों के साथ सकरवा पहुंचे।जहां उन्होंने जाटव समाज के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और पंचायती घर का निरीक्षण किया।इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पंचायती घर की जर्जर हालत के कारण समाज के लोगों को सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।और कहा जाटव समाज का पंचायती घर समाज की धरोहर है।तीन वर्षो से इसकी अनदेखी होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।मैं संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से इस विषय में बात करूंगा तथा हर संभव प्रयास कर इस समस्या का जल्द समाधान कराने का काम करूंगा।

# कार्डियोलॉजी सेमिनार : विशेषज्ञों ने बताए हार्ट अटैक से बचने के अहम मंत्र

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जनपद में हृदय रोगों को लेकर एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया, जहां देश के प्रतिष्ठित हृदय रोग विशेषज्ञों ने डॉक्टरों और मीडिया कर्मियों को दिल की बीमारियों से बचाव और आधुनिक उपचार पद्धतियों की विस्तृत जानकारी दी। सेमिनार में बढ़ते हार्ट अटैक के मामलों, युवाओं में हृदय रोगों के खतरे और स्वस्थ जीवनशैली की जरूरत पर विशेष चर्चा हुई। उरई रोड स्थित होटल आशीर्वाद में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दिनेश उदैनिया, नीमा परिवार और मैनकाइंड फार्मा के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कार्डियोलॉजी सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कानपुर के रिजेंसी हॉस्पिटल से आए प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनीत गुप्ता (डीएम कार्डियोलॉजी) ने हृदय



रोगों से जुड़ी नवीनतम जानकारियां साझा करते हुए डॉक्टरों को आधुनिक उपचार और समय पर पहचान के महत्व से अवगत कराया।

सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अस्पताल उरई के सीएमएस डॉ. आनन्द उपाध्याय मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं और हृदय रोगों के प्रति जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छाया उपाध्याय मेडिकल कॉलेज आगरा सहित चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कई विशेषज्ञों ने भी सहभागिता की। आयोजन की व्यवस्थाओं में मैनकाइंड फार्मा के रीजनल मैनेजर डॉ. गौरव कुमार दक्ष और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

वहीं मीडिया से बातचीत के दौरान कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अभिनीत गुप्ता ने युवाओं में तेजी से बढ़ रहे हार्ट अटैक के मामलों, तनावपूर्ण जीवनशैली, अनियमित खानपान, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और प्रदूषण जैसे कारणों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट के बीच का अंतर समझाते हुए बताया कि समय पर पहचान और तत्काल चिकित्सा सहायता किसी भी मरीज की जान बचा सकती है।

# मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना: लकी ड्रा में 14 किसान सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** कृषि उत्पादन मंडी समिति, जालौन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अंतर्गत आयोजित लकी ड्रा में चयनित 14 किसानों को विभिन्न कृषि उपकरण एवं उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम में मंडी सचिव अंकित गुप्ता तथा मंडी समिति के रवि कुमार सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति में किसानों को सम्मानपूर्वक उपहार प्रदान किए गए।

योजना के अंतर्गत चयनित किसानों को हैप्पी सीडर, पावर ड्रिवेन हार्वेस्टर/रीपर, रोटावेटर, सोलर पावर पैक संयंत्र, पंपिंग सेट, पावर स्प्रेयर, मिक्सर ग्राइंडर तथा 43 इंच एलईडी टीवी जैसे उपयोगी उपहार दिए गए। मंडी सचिव अंकित गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना का उद्देश्य किसानों को मंडी व्यवस्था से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें आधुनिक कृषि



उपकरणों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजनाएं किसानों की आय बढ़ाने और कृषि कार्यों को अधिक सुविधाजनक बनाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं।

उपहार प्राप्त करने वाले किसानों ने प्रदेश सरकार एवं मंडी समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना से किसानों को लाभ मिल रहा है तथा कृषि के प्रति उनका उत्साह बढ़ रहा है। कार्यक्रम के दौरान मंडी समिति के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने चयनित किसानों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# समाजसेवा के कार्यों के लिए चेयरमैन प्रतिनिधि हुये सम्मानित



■ सावरकर हेल्प फाउंडेशन ने निस्वार्थ सवेक पुस्तक भेंट की

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर पालिका परिषद पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों एवं समाज सेवा के क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान के लिए सावरकर हेल्प फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था की ओर से उन्हें सम्मान प्रमाणपत्र एवं प्रेरणादायक पुस्तक 'निस्वार्थ सेवक' भेंट कर सम्मान प्रदान किया गया। सोमवार को कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। विशेष रूप से शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और जरूरतमंद लोगों की सहायता के क्षेत्र में उनका योगदान सराहनीय रहा है। बताया कि सावरकर हेल्प फाउंडेशन द्वारा संचालित सनातनी बच्चों की शिक्षा संबंधी योजनाओं में मयंक गुप्ता का सहयोग सदैव मिलता रहा है। उनके सहयोग से अनेक बच्चों को शैक्षिक सामग्री, मार्गदर्शन एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकी हैं। संस्था ने उनके सहयोग और सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे समाजसेवियों के कारण ही सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियान सफल हो पाते हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद मयंक गुप्ता ने कहा कि समाज सेवा उनका दायित्व है और भविष्य में भी शिक्षा, सामाजिक उत्थान तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए हरसंभव सहयोग करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा और संस्कार किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं तथा इसके लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

# परिवार परामर्श केंद्र ने तीन परिवारों को बिखरनें से बचाया

■ टूटने से बचे रिश्ते, काउंसिलिंग कराकर सकुशल रवाना किया

अवधनामा संवाददाता

कन्नौज। जनपद में संचालित परिवार परामर्श केंद्र पारिवारिक विवादों के समाधान और रिश्तों में मधुरता स्थापित करने की दिशा में लगातार सराहनीय कार्य कर रहा है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में केंद्र द्वारा पारिवारिक मतभेदों को आपसी संवाद और समझौते के माध्यम से सुलझाने का प्रयास निरंतर जारी है।

इसी क्रम में सोमवार को परिवार परामर्श केंद्र में निरीक्षक रंजना पाण्डेय, महिला उपनिरीक्षक गीता पाठक, महिला कांस्टेबल सीमा यादव व अनामिका यादव द्वारा तीन पारिवारिक विवादों की सुनवाई की गई। केंद्र की टीम ने दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा आपसी संवाद और समन्वय के माध्यम से समाधान का प्रयास किया। मध्यस्थता प्रक्रिया के दौरान पति-पत्नी के बीच उत्पन्न मतभेदों और मनमुटाव को सौहार्दपूर्ण वातावरण में दूर कराया गया। परामर्श केंद्र के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम यह रहा कि तीन परिवारों को टूटने से बचाया जा सका। पति-पत्नी ने पुराने विवादों को भुलाकर एक बार फिर साथ रहने का निर्णय लिया और खुशी-खुशी अपने घर लौट गए। इस दौरान दोनों पक्षों ने भविष्य में आपसी विश्वास, प्रेम और समझदारी के साथ जीवन व्यतीत करने का संकल्प भी लिया। इस दौरान निरीक्षक रंजना पाण्डेय ने बताया कि परिवार परामर्श केंद्र का उद्देश्य केवल विवादों का निस्तारण करना नहीं, बल्कि रिश्तों में पुनः विश्वास, सम्मान और सामंजस्य स्थापित करना भी है।

# जनसमस्याओं के समाधान और विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं विधायक प्रकाश द्विवेदी



अवधनामा संवाददाता

बांदा। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और क्षेत्र का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से उन्होंने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और विकास कार्यों को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लिया। विधायक प्रकाश द्विवेदी ने मंगलवार को बांदा नगर के वार्ड संख्या-8 बंगालीपुरा का भ्रमण कर पेयजल, विद्युत आपूर्ति, जल निकासी और साफ-सफाई व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक ने घर-घर पहुंचकर लोगों से मुलाकात की और प्रदेश सरकार के सेवा, सुशासन एवं विकास के नौ वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पत्रक वितरित किए। इसके बाद विधायक प्रकाश द्विवेदी ने सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अनथुआ में देवरार-अनथुआ मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। लगभग 26.38 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क परियोजना के तहत सड़क की चौड़ाई 3.75 मीटर से बढ़ाकर 5.50 मीटर की जाएगी। आबादी क्षेत्र में सीसी सड़क और नाला निर्माण के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के लिए थर्मोप्लास्टिक पेंटिंग, संकेतक बोर्ड एवं अन्य सुरक्षा संबंधी कार्य भी कराए जाएंगे। विधायक ने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क किसी भी क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास की आधारशिला होता है। इस परियोजना के पूरा होने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान विद्युत एवं जल संस्थान के अधिकारियों सहित भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

## डीएम से मिले ईसाई समाज के लोग

फतेहपुर। शहर के देवीगंज स्थित इंडियन प्रेस्बिटेरियन चर्च की विभिन्न समस्याओं को लेकर पादरी सत्येंद्र श्रीवास्तव अपने सहयोगियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की मांग की।

पादरी सत्येंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 1898 में स्थापित इंडियन प्रेस्बिटेरियन चर्च जनपद का एकमात्र चर्च है, जहां लंबे समय से नियमित रूप से आराधना होती रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ महीनों से चर्च में ताला लगा हुआ है और उसकी चाबी राधानगर पुलिस के पास है, जिसके कारण ईसाई समाज के लोग चर्च में प्रार्थना और धार्मिक गतिविधियां नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि चर्च परिसर में पादरी आवास और सर्वेंट क्वार्टर भी बने हुए हैं। आरोप है कि राजेंद्र कुमार मिश्रा ने पादरी आवास का गेट तोड़कर वहां अपना गेट लगवा दिया।

# ऐसे आयोजन युवाओं में छिपी प्रतिभायें निखारते हैं : तहसीन सिददीकी

■ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने रात्रीकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया

अवधनामा संवाददाता



गुरसहायगंज, कन्नौज। क्षेत्र के ग्राम मतौली में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित रात्रीकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिददीकी ने फीता काटकर किया गया। इस दौरान उन्होनें कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का संदेश देता है।

बीतीशाम मतौली में रात्रीकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर उदघाटन करनें के उपरान्त पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिददीकी ने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ अच्छा प्रदर्शन करने की अपील की और आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होनें टूर्नामेंट के मुकाबले से पूर्व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया और पहली गेंद पर शॉट लगाकर खेल का शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच में टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। आयोजन स्थल पर खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इससे पूर्व आयोजक समिति द्वारा मुख्य अतिथि का जोरदार स्वागत किया गया। आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई टीमें भाग ले रही हैं और फाइनल मुकाबले में विजेता टीम को आकर्षक पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर एडवोकेट आफताब खॉ, पूर्व सभासद अयूब सिददीकी, रिजवान सिददीकी, मैनूर खॉ सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# बांदा मे मार्गो पर तहबाजारी के नाम पर 'गुंडाटैक्स' का आरोप

■ ट्रांसपोर्टरों ने उठाए सवाल

अवधनामा संवाददाता



बांदा। जनपद के विभिन्न हाईवे मार्गो पर खनिज परिवहन करने वाले ट्रक चालकों ने तहबाजारी की आड़ में अवैध वसूली किए जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि वैध शुल्क के नाम पर निर्धारित दरों से कई गुना अधिक रकम वसूली जा रही है, जिससे परिवहन व्यवसाय पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। चालकों के अनुसार गिरवां क्षेत्र के खोही गांव के पास सबसे अधिक शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके अलावा मटौंध और दुरैड़ी बाईपास क्षेत्र में भी वाहनों को रोककर धनराशि वसूले जाने की बात कही जा रही है। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि कुछ स्थानों पर जिला पंचायत के बोर्ड हटाकर अथवा बिना किसी स्पष्ट सूचना के वसूली की जा रही है। पीड़ित ट्रक चालकों का आरोप है कि खुद को ठेकेदार का कर्मचारी या प्रतिनिधि बताने वाले लोग रास्ता रोककर प्रति चक्कर 500 से 2000 रुपये तक की मांग करते हैं। विरोध करने पर अभद्र व्यवहार, धमकी और दबाव बनाने की शिकायतें भी सामने आई हैं। कुछ चालकों ने वाहनों के शीशे तोड़ने और मारपीट की कोशिश किए जाने के आरोप लगाए हैं। नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर एक चालक ने बताया कि भय के कारण अधिकांश लोग पुलिस या प्रशासन के समक्ष शिकायत दर्ज कराने से बचते हैं और हर ट्रिप में अतिरिक्त भुगतान करने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल 2026 को हुई ई-नीलामी में वर्ष 2026-27 के लिए खनिज परिवहन शुल्क वसूली का ठेका लगभग 19 करोड़ रुपये से अधिक की राशि में आवंटित किया गया था। स्थानीय स्तर पर इस ठेके को लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कुछ लोगों का मानना है कि ऊंची बोली के कारण अधिक वसूली का दबाव बनाया जा रहा है, हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस मामले में जिला पंचायत के संबंधित अधिकारियों से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका। ट्रांसपोर्टरों ने जिलाधिकारी से कथित अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाने, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल हाईवे पर तहबाजारी वसूली को लेकर उठ रहे सवाल प्रशासन और कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बने हुए हैं। उल्लेखनीय है कि समाचार में लगाए गए आरोप ट्रक चालकों एवं स्थानीय सूत्रों द्वारा दिए गए बयानों पर आधारित हैं, जिनकी आधिकारिक पुष्टि संबंधित जांच के बाद ही हो सकेगी।

# पथरदेवा में सक्रिय राघवेंद्र राम द्विवेदी को रामपुर कारखाना की भी कमान

अवधनामा संवाददाता



देवरिया। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता राघवेंद्र राम द्विवेदी को पार्टी नेतृत्व ने 339 विधानसभा रामपुर कारखाना का सह-चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर एवं राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर ने उनके संगठनात्मक कार्यों, सक्रियता और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

राघवेंद्र राम द्विवेदी वर्तमान में पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। इसके साथ ही वह जनपद देवरिया की पथरदेवा विधानसभा में लगातार सक्रिय रहकर जनसंपर्क, संगठन विस्तार और जनसमस्याओं को लेकर जनता के बीच अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।

पार्टी नेतृत्व का मानना है कि राघवेंद्र राम द्विवेदी के अनुभव, जनसंपर्क और संगठनात्मक क्षमता से रामपुर कारखाना विधानसभा में संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा आगामी चुनावों में इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा।

नियुक्ति के बाद राघवेंद्र राम द्विवेदी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। साथ ही पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनकी नियुक्ति पर खुशी जताते हुए इसे संगठन के लिए सकारात्मक निर्णय बताया।

# नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

अवधनामा संवाददाता



देवरिया। सोमवार, भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष काली प्रसाद का कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न स्थानों पर जोरदार स्वागत किया। रुद्रपुर मोड़ से लेकर कचहरी चौराहा, दीनदयाल पार्क, सुभाष चौक, क्वाप्रेटिव चौराहा, पुरवा चौराहा, से जिला कार्यालय तक कार्यकर्ताओं ने कड़ी धूप में भी अपने जिलाध्यक्ष का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। पुरवा चौराहे पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ट्रैक्टर पर सवार होकर नए जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और नए दायित्व की शुभकामनाएं भी दीं।

सदर सांसद शशांक मणि ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा संगठन की ये खूबसूरती है कि यहां छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित कर सकता है, ये परंपरा अन्य पार्टियों में नहीं है। उन्होंने कहा कि हम सभी को ये आशा और विश्वास है कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

पूर्व सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि काली प्रसाद जी संगठन के मर्मज्ञ है तथा सभी कार्यकर्ताओं को साधते हुए संगठन को नई शिखर पर स्थापित करेंगे। पूर्व सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि काली प्रसाद जी के अध्यक्ष बनने से सभी कार्यकर्ताओं में एक उत्साह और खुशी की लहर है। ये अपने कार्यो से संगठन को मजबूत और सुदृढ़ बनाएंगे यही हम सभी का विश्वास है। सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि भले ही अध्यक्ष चुनने में थोड़ा विलंब हुआ लेकिन हम सभी को काली प्रसाद जी के रूप में संगठन का 24 कैरेट का कार्यकर्ता मिला है जिनके नेतृत्व में हम सभी पार्टी के कार्यो को आगे बढ़ाएंगे। विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने भी नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया और नए दायित्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला प्रभारी संतराज यादव निवर्तमान जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने नए अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने कहा कि आप सभी के इस अपार स्नेह और प्यार से काफी अभिभूत हूँ और ये विश्वास दिलाता हूं कि सदैव संगठन की मर्यादा और संगठन के सिद्धांतों को सर्वोपरि रखूंगा।

स्वागत के क्रम में पूर्व विधायक डा सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, सुरेश तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, अंतर्यामी सिंह, मारकंडे शाही, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, सज्जन मणि त्रिपाठी, ऋतु शाही, अजय कुमार दुबे, कृष्णनाथ राय, नरेंद्र मिश्रा पप्पू, प्रभाकर तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, गंगा सिंह कुशवाहा, रविंद्र कौशल, अरविंद पांडे बबुना, निर्मला गौतम, रामाशीष प्रसाद, सचिंद्र शाही दीपू, सरिता पासवान, प्रभाकर राय, सम्पूर्णानन्द गुप्ता, सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निस्वार्थ भाव से श्रद्धा रखने बाले शिव लोक को प्राप्त होते हैं

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के तिर्वारोड पर चल रहे शिव महापुराण कथा का आचार्यो ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंचांग पूजन व नित्य पूजायें संपन्न की। इसके बाद भगवान तुंगनाथ का अभिषेक कर हवनकुंड में जौ, तिल व घी की आहुतियां डालकर विश्व कल्याण व क्षेत्र के खुशहाली की कामना की। सोमवार को महायज्ञ की पूर्णाहुति के पावन अवसर पर भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली ने हवन कुंड व शीतकालीन गद्दीस्थल की परिक्रमा कर भक्तों को आशीष दिया। नर रूप में कई देवी-देवता भी अवतरित हुए। अंतिम दिन कथावाचक पं. अंबरीश शुक्ला ने कहा कि इस चराचर जगत के कण-कण में भगवान शिव विद्यमान हैं, इसलिए भगवान शंकर को सदा शिव के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि जो मनुष्य तीर्थस्थलों में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों में निस्वार्थ भाव से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। वह निस्संदेह शिव लोक को प्राप्त होते हैं। इसके बाद यजमान समाजसेवी राधा कृष्ण गुप्ता नें संत महात्माओं को परसाद ग्रहण करानें के साथ अंगवस्त वितरित कर सम्मान किया।

## भाजपा किसान मोर्चा ने ट्रैक्टर के साथ किया स्वागत



देवरिया (अवधनामा संवाददाता) भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में आर टी ओ कार्यालय पर उपस्थित होकर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भाजपा काली प्रसाद जी का फूल-मालाओ और ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भाजपा काली प्रसाद ने ट्रैक्टर पर सवार होकर कार्यकर्ताओ और किसानों का अभिनंदन स्वीकार किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पवन कुमार मिश्र, अजय कुमार दुबे वत्स, मुकेश राय, काशीपति शुक्ल, रविन्द्र राय, अरुण मिश्र, विजेंद्र चौहान, प्रभुनाथ पांडेय, प्रमोद पांडेय, विद्यासागर मिश्र, प्रदीप विश्वकर्मा, सुमन्त चतुर्वेदी, बिलाल शाह, देवेंद्र राय, शैलेन्द्र राव, सत्येन्द्र सिंह सोनू उपस्थित रहे।

## उपजिलाधिकारी तथा तहसीलदार ने शशि किरण को किया सम्मानित



सलेमपुर (अवधनामा संवाददाता) वर्तमान में चल रहे राष्ट्रीय कार्यक्रम जनगणना गतिमान है। सभी अधिकारी कर्मचारी लेखपाल अध्यापक पूरी निष्ठा के साथ चिलचिलाती धूप को मात देते हुये राष्ट हित में अपना योगदान दे रहे हैं। इसी क्रम में जनगणना के प्रथम चरण में प्रधानाध्यापिका शशि किरण द्वारा समय से कार्य पूर्ण होने पर उपजिलाधिकारी दिशा श्रीवास्तव तथा तहसीलदार अलका सिंह द्वारा शशि किरण को सम्मानित किया गया।तथा उनके कार्यो की अधिकारियों द्वारा सराहना की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से जितेंद्र सिंह सुनील भाटिया अनुज वर्मा स्वतंत्र तिवारी राम सेवक शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राम प्यारे राम ने भी प्रधानाध्यापिका को बधाई दिया।

# बिजली संकट मंहगाई के खिलाफ माकपा का हंगामी प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो




इटावा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा भीषण बिजली संकट के लिए योगी सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत बिजली दरों में 10 फीसदी वृद्धि वापसी, बढती कटौती, फाल्ट रोकने, स्मार्ट मीटर योजना पूरी तरह रदद करने, दक्षिणांचल व पूर्वांचल निगमो के निजीकरण की प्रक्रिया रदद करने, बिजली बिल 2025 वापस लेने, सभी को 300 यूनिट फ्री व किसानो को बिना शर्त फ्री बिजली देने का योगी सरकार चुनावी वादा पूरा करे, बिजली विभाग के रिक्त पदों पर स्थायी नियुक्तियां, संविदा कर्मियों को स्थायी करने आदि के साथ ही जर्जर लाइने, फुके ट्रांसफार्मर बदलने, मीटर बिलिंग में हेराफेरी रोकने, कनेक्शन काटने-जोडने की वसूली रोकने, अवैध अधिभार रोकने, किसानो को 18 घण्टे एवं शहर व ग्रामीण क्षेत्र में 24 घंटे बिजली आपूर्ति, लो-वोल्टेज आदि समस्याओं को उठाते हुए मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी एवं अधीक्षण अभियंता के माध्यम से सोमवार को ज्ञापन प्रेषित किये गये। माकपा राज्य मंत्रिपरिषद सदस्य कामरेड मुकुट सिंह ने कहा कि बिजली संकट, डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस, खादों की दरों में भारी वृद्धि के लिए कारपोरेटपरस्त डबल इंजन भाजपा सरकारों की किसान-मजदूर विरोधी नीतियां जिम्मेदार है। वक्ताओ ने कहा कि बिजली की सभी को जरूरत है, इसके बिना जीवन सम्भव नही है। आजादी के समय ही 1948 के पहली बिजली कानून पेश करते हुए डा0 अम्बेडकर ने संसद में कहा था कि बिजली सामाजिक जरूरत है, इसे सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा बिना लाभ-हानि के जनता को मुहैया कराया जाना है मध्य वर्ग पर भी बुरा प्रभाव पडेगा।

# पोषण समिति की बैठक में डीएम ने की योजनाओं की समीक्षा

■ आशा, आंगनबाड़ी व एएनएम को नियमित होम विजिट तथा सही आंकड़े प्रस्तुत करने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



देवरिया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला पोषण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बाल विकास परियोजना एवं पोषण अभियान से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यो में अपेक्षित सुधार लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं एएनएम को नियमित रूप से होम विजिट करने के निर्देश देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों की स्थिति का सतत अनुश्रवण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समीक्षा के दौरान केवल वास्तविक एवं सही आंकड़े ही प्रस्तुत किए जाएं तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक अथवा त्रुटिपूर्ण सूचना न दी जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के आंगनबाड़ी केंद्रों को निर्धारित 18 पैरामीटरों पर संतृप्त करने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यू-लिस्ट में एकरूपता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि लाभार्थियों से संबंधित अभिलेखों एवं आंकड़ों में किसी प्रकार का अंतर नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) सत्रों का प्रभावी आयोजन सुनिश्चित करने, सभी संबंधित कार्मिकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति तथा निर्धारित उद्देश्यों के अनुरूप कार्यवाही किए जाने पर विशेष बल दिया। बैठक में उपस्थित सीडीपीओ एवं सुपरवाइजरों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वे अपने क्षेत्रों में नियमित अनुश्रवण करें तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर कमी या शिथिलता न बरतें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करें।

## यूपी बोर्ड की टॉप-10 सूची में स्थान बनाने वाली छात्रा आराधना कुमारी को डीएम ने किया सम्मानित




देवरिया (अवधनामा संवाददाता) उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद का नाम रोशन करने वाली छात्रा आराधना कुमारी को सोमवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया। आराधना कुमारी, पुत्री/छात्रा मनोज कुमार, निवासी राघवनगर, देवरिया एवं जोनिया इंटरमीडिएट कॉलेज, देवरिया की कक्षा 12 की छात्रा हैं, जिन्होंने प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिलाधिकारी ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि उसकी सफलता जनपद के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि परिश्रम, अनुशासन और लगन के बल पर विद्यार्थी किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

## कोलकाता के लेक टाउन से हटाई गई मेसी की 70 फीट ऊंची प्रतिमा, सुरक्षा को लेकर जताई गई थी चिंता



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के लेक टाउन इलाके में स्थापित अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी की 70 फीट ऊंची प्रतिमा को सोमवार को सुरक्षा कारणों से हटा दिया गया। हाल के दिनों में आए तेज तूफानों के बाद प्रतिमा के अस्थिर होने की शिकायतें सामने आई थीं। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों के अनुसार, प्रतिमा को एक हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से सावधानीपूर्वक उसके चबूतरे से हटाकर ट्रक पर लाद दिया गया।

इस प्रक्रिया के दौरान प्रतिमा को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल प्रतिमा को पीडब्ल्यूडी की निगरानी में रखा जाएगा। हालांकि इसे दोबारा कहां स्थापित किया जाएगा, इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

कुछ दिनों पहले स्थानीय लोगों ने लेक टाउन पुलिस स्टेशन को सूचना दी थी कि तेज हवाओं और तूफान के दौरान प्रतिमा हिल रही है। इसके बाद पुलिस और पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम ने स्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान निर्माण एजेंसी ने प्रतिमा के फाउंडेशन बोल्ट में तकनीकी खामी की जानकारी दी और चेतावनी दी कि संरचना खतरनाक स्थिति में है तथा इसके गिरने का खतरा बना हुआ है।

मेसी की इस विशाल प्रतिमा का अनावरण पिछले वर्ष दिसंबर में किया गया था। उस समय लियोनेल मेसी ने कोलकाता यात्रा के दौरान रिमोट कंट्रोल के माध्यम से इस प्रतिमा का उद्घाटन किया था।

सूत्रों के अनुसार, प्रतिमा को भविष्य में कोलकाता के रवींद्र सरोवर या इको पार्क में स्थापित किया जा सकता है। हालांकि अंतिम फैसला राज्य सरकार द्वारा लिया जाएगा।

इस परियोजना की शुरुआत पश्चिम बंगाल सरकार के पूर्व मंत्री सुजीत बोस की पहल पर हुई थी। हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें नगर निकाय भर्ती घोटाले से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया है।

# 10 स्वर्ण समेत 19 पदक: दिखा भारतीय युवाओं का दम
## प्रधानमंत्री मोदी ने एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स टीम को दी बधाई

**सिंगापुर।** भारत ने 22वीं एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य सहित कुल 19 पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा एथलीटों को बधाई देते हुए कहा कि उनका प्रदर्शन देश की युवा प्रतिभा, दृढ़ता और उत्कृष्टता का प्रतीक है।

भारत ने 22वीं एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 19 पदक अपने नाम किए। भारतीय दल ने 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया। मेजबान चीन 25 पदकों और 14 स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि जापान 18 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारतीय खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन की देशभर में सराहना हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया पर भारतीय दल को बधाई दी।

**प्रदर्शन**

**भारत ने 22वीं एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 19 पदक अपने नाम किए।**

**पीएम मोदी ने दी बधाई**

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में कहा, '22वीं एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण सहित 19 पदक जीतने के लिए भारतीय दल को बधाई। यह शानदार प्रदर्शन हमारे युवा एथलीटों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है। मुझे उम्मीद है कि उनकी ये उपलब्धियां आने वाले वर्षों में और अधिक युवा भारतीयों को





खेलों की ओर प्रेरित करेंगी।' प्रधानमंत्री के इस संदेश को भारतीय एथलेटिक्स के लिए बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

**आखिरी दिन भारत ने जीते तीन स्वर्ण पदक**

चैंपियनशिप के अंतिम दिन भारत ने तीन स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान का शानदार समापन किया। सबसे यादगार प्रदर्शन महिलाओं की 4×400 मीटर रिले टीम ने किया। नीरू पाठक, भूमिका संजय नेहते, तहूरा खातून और सेहनूर बावा की चौकड़ी ने 3:38.07 सेकेंड का समय निकालते हुए नया चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया और स्वर्ण पदक जीता। यह प्रदर्शन प्रतियोगिता के सबसे बड़े आकर्षणों में शामिल रहा। महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में मुस्कान ने 16:53.08 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं, वेंकटराम रेड्डी मोगली ने पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में 1:48.27 सेकेंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

**रिकॉर्ड भी बने, पदक भी आए**

फील्ड इवेंट्स में निश्चय ने पुरुषों की डिस्कस थ्रो स्पर्धा में 60.10 मीटर का थ्रो कर रजत पदक जीता। यह नया भारतीय अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। इसके साथ ही वह इस वर्ग में 60 मीटर की दूरी पार करने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए। महिलाओं की 4×100 मीटर रिले टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। काजल हीराभाई वाजा, भावना जी, आरती और निपम ने 45.05 सेकेंड का समय निकालकर भारत को दूसरा स्थान दिलाया।

## कोस्त्युक पहली बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में, चार बार की चैंपियन स्वियातेक को हराया



**पेरिस।** मार्टा कोस्त्युक ने चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक को हराकर फ्रेंच ओपन में उलटफेर किया। कोस्त्युक पहली बार इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं हैं।

मार्टा कोस्त्युक ने रविवार को चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक को 7-5, 6-1 से हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और इस तरह से उनके जन्मदिन की पार्टी में रंग में भंग डाल दिया। कोस्त्युक ने इस सत्र में अभी तक क्ले कोर्ट पर कोई मैच नहीं गंवाया है। इससे पहले स्वियातेक के खिलाफ उन्हें तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा था। यहां तक की उन्होंने विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ अभी तक एक सेट भी नहीं जीता था।

रविवार को अपना 25वां जन्मदिन मना रहीं स्वियातेक ने पहले सेट में अच्छी चुनौती पेश की, लेकिन इसके बाद कोस्त्युक हावी हो गई और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहीं। स्वियातेक ने 2024 में फ्रेंच ओपन जीता था लेकिन उसके बाद वह क्लेकोर्ट पर कोई खिताब नहीं जीत पाई। सत्र के अंत में संन्यास लेने की योजना बना रही रोमानियाई अनुभवी खिलाड़ी सोराना क्रिस्टिया ने चीन की क्वालीफायर वांग जियू को 6-3, 7-6 (4) से हराकर अपने दूसरे रोलां गैरां क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस तरह उन्होंने 17 साल बाद पहली बार अंतिम आठ में जगह बनाई।

# एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप
## महिलाओं की 4×400 मीटर रिले टीम ने जीता गोल्ड, दूसरे स्थान पर

**हॉन्गकॉन्ग।** भारत ने 22वीं एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के आखिरी दिन तीन गोल्ड मेडल जीते। इसमें महिलाओं की 4×400 मीटर रिले में एक मीट रिकॉर्ड भी शामिल रहा। चीन 25 मेडल के साथ सबसे आगे रहा, जिसमें 14 गोल्ड शामिल थे। भारतीय टीम ने चैंपियनशिप में कुल 19 मेडल जीते। इनमें 10 गोल्ड, पांच सिल्वर और चार ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। जापान कुल 18 मेडल के साथ तीसरे स्थान पर रहा। आखिरी दिन का सबसे खास पल महिलाओं की 4×400 मीटर रिले में आया, जहां नीरू पाठक, भूमिका संजय नेहते, तहूरा खातून और सेहनूर बावा ने 3:38.07 सेकेंड का नया चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।



भारत ने पुरुषों की 4×400 मीटर रिले में भी शानदार प्रदर्शन किया, जहां पीयूष राज, सैयद सबीर, रंजीत कुमार एस और मोहम्मद अशफाक ने 3:05.54 सेकेंड का समय निकालकर ब्रॉन्ज मेडल जीता। इसी के साथ भारतीय अंडर-20 नेशनल रिकॉर्ड बनाया। चीन ने 3:04.88 में गोल्ड जीता, जबकि कतर ने 3:05.06 में सिल्वर अपने नाम किया। अंतिम दिन मेडल्स की झड़ी सुबह के सत्र में शुरू हुई। मुस्कान ने महिलाओं की 5,000 मीटर दौड़ में 16:53.08 सेकेंड के साथ गोल्ड जीता। भारत का दूसरा व्यक्तिगत गोल्ड वेंकटराम रेड्डी मोगली ने जीता, जिन्होंने पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में 1:48.27 सेकेंड का अपना सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर खिताब अपने नाम किया।

फील्ड इवेंट्स में निश्चय ने पुरुषों के डिस्कस थ्रो में 60.10 मीटर का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता; यह एक नया भारतीय अंडर-20 नेशनल रिकॉर्ड भी बन गया। इस थ्रो के साथ, वह इस इवेंट में 60-मीटर की बाधा पार करने वाले पहले भारतीय अंडर-20 एथलीट बन गए।

महिलाओं की 4×100 मीटर रिले टीम ने भारत की झोली में एक और सिल्वर मेडल डाला। काजल हीराभाई वाजा, भावना जी, आरती और निपम ने दौड़ के आखिरी चरणों में जोरदार वापसी करते हुए 45.05 सेकेंड का समय निकाला। दूसरी तरफ, पुरुषों की 4×100 मीटर रिले टीम ने 40.11 सेकेंड के समय के साथ छठा स्थान हासिल किया, जिसमें रुद्र सचिन शिंदे, मेहेबुबुल अहमद, आदित्य तात्या पिसाल और निवेद कृष्ण ज्योतिप्रकाश शामिल थे। वहीं, आशीष यादव पुरुषों के जैवलिन थ्रो में पोडियम पर जगह बनाने से चूक गए और 69.58 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

## नॉर्वे शतरंज के छठे दौर में चारों भारतीय खिलाड़ियों को मिली हार, वापसी करने में सफल रहे कार्लसन

**ओस्लो।** नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। डी गुकेश, आर प्रज्ञानंद, दिव्या देशमुख और कोनेरू हम्पी को अपने-अपने मैचों में हार का सामना करना पड़ा।

नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भाग ले रहे चारों भारतीय खिलाड़ियों का छठे दौर में प्रदर्शन निराशाजनक रहा और उन सभी को हार का सामना करना पड़ा। पिछले दौर में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विश्व चैंपियन डी गुकेश अपना विजय अभियान जारी नहीं रख पाए, जबकि आर प्रज्ञानंद, दिव्या देशमुख और कोनेरू हम्पी भी हार गए। भारतीय खिलाड़ियों को जहां निराशा हाथ लगी वहीं मौजूदा चैंपियन और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने क्लासिकल में जीत दर्ज करके खुद को खिताब की दौड़ में शामिल कर दिया है। उन्होंने अलीरेजा फिरोजा को हराया।

वेस्ली सो ने प्रज्ञानंद पर क्लासिकल गेम में जीत से पूरे तीन अंक हासिल करके अपने कुल अंकों की संख्या 11.5 पर पहुंचा दी है और वह एकल बढ़त पर पहुंच गए। प्रज्ञानंद इस हार के कारण छह खिलाड़ियों की तालिका में छह अंकों के साथ सबसे नीचे खिसक गए। विन्सेंट कीमर ने गुकेश (6.5 अंक) की गलतियों का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण जीत हासिल की, जिससे उनके अंकों की संख्या आठ हो गई है।

कार्लसन फिरोजा (10 अंक) पर जीत से 7.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए। महिला वर्ग में विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख (8.5 अंक) चीन की पांच बार की विश्व चैंपियन जू वेनजुन (8 अंक) से क्लासिकल बाजी में हार से दूसरे स्थान पर खिसक गईं। वह हालांकि शीर्ष पर काबिज बिबिसारा असौबायेवा (9.5 अंक) से ज्यादा दूर नहीं हैं। असौबायेवा ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में कोनेरू हम्पी (5.5 अंक) को हराया।

## क्या दुआ लीपा ने कैलम टर्नर से की शादी?



**मुंबई।** ग्लोबल पॉप स्टार दुआ लीपा और एक्टर कैलम टर्नर की शादी को लेकर खबरें आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों ने आधिकारिक तौर पर शादी कर ली है। उन्होंने लंदन के ओल्ड मैरिलेबोन टाउन हॉल में एक निजी समारोह में शादी की। इस निजी समारोह के दौरान उनके दोस्त और परिवार के लोग मौजूद थे। जब वे समारोह स्थल से बाहर निकले, तो उन पर रंगीन कागज के टुकड़े बरसाए गए।

दुआ लीपा और कैलम टर्नर की शादी की जानकारी पेज सिक्स ने दी है। दोनों कलाकारों ने अपनी शादी को लेकर अभी तक कुछ नहीं कहा है। सोशल मीडिया पर दोनों कलाकारों की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। अभी इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि यह तस्वीरें एआई जनरेटेड हैं या असली।

**2024 में चर्चा में आए कलाकार**

दोनों कलाकारों का रिश्ता पहली बार जनवरी 2024 में सुर्खियों में आया था। उस समय, पेज सिक्स ने खुलासा किया था कि लीपा और टर्नर एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। उन्हें टर्नर की फिल्म 'मास्टर्स ऑफ एयर' के प्रीमियर की आफ्टर-पार्टी में एक साथ डांस करते हुए देखा गया था। उस समय एक सूत्र ने इस जोड़े के बारे में कहा था कि वे एक-दूसरे के दीवाने हैं।

जून 2025 में लीपा ने अपनी सगाई की पुष्टि की। इस सिंगर ने अपनी सगाई की अंगूठी के बारे में भी बड़े प्यार से बात की।

**लीपा ने मनाई बैचलर पार्टी?**

इस महीने की शुरुआत में लीपा ने एक पोस्ट की। पोस्ट को देखकर ऐसा लग रहा था कि यह उनकी बैचलर पार्टी का जश्न था। लीपा ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरों की एक पोस्ट शेयर की। इन तस्वीरों में उनके करीबी दोस्त और दुल्हन के लिए खास तौर पर रखे गए सफेद कपड़ों से भरा एक सूटकेस दिखाई दे रहा था।

खबरें यह भी हैं कि यह जोड़ा इटली के पालेर्मो में मौजूद एक विला में अपनी शादी का दूसरा जश्न मनाने की भी योजना बना रहा है।

## विराट जीत के बाद अनुष्का ने शेयर की क्यूट पोस्ट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा इस वक्त बेहद खुश हैं और हों भी क्यों ना? उनके पति विराट कोहली की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने लगातार दूसरे साल आईपीएल की ट्रॉफी अपने नाम जो की है। फाइनल मैच में जीत हासिल करने के बाद कोहली ने मैदान से लेकर देर रात तक पत्नी अनुष्का के साथ इस जीत का जश्न मनाया। अब अनुष्का ने इस जश्न के दौरान की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है।

अनुष्का ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की जिसमें वो और विराट अपने हाथों में आईपीएल ट्रॉफी पकड़े हुए हैं। तस्वीर में अनुष्का, विराट का माथा चूमती भी नजर आईं। इसे शेयर करते हुए उन्होंने विक्ट्री और हार्ट इमोजी बनाई। अनुष्का की इस तस्वीर पर कई यूजर्स ने कमेंट किए। ज्यादातर ने इसे दिन की सबसे खूबसूरत तस्वीर बताया। वहीं कईयों ने कहा कि वो इस पल का ही इंतजार करते हैं।

## आईपीएल जीत के जश्न में डूबे अनुष्का-विराट दोनों ने मनाई खिताब जीतने की खुशी

**नई दिल्ली।** विराट कोहली के बेहतरीन प्रदर्शन के बल पर आईपीएल 2026 फाइनल में आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराया। आरसीबी लगातार दूसरी बार यह खिताब अपने नाम करने में कामयाब रही है। आईपीएल 2026 के फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शानदार जीत हासिल की है। इस जीत में विराट कोहली ने अहम भूमिका निभाई। इस जीत पर विराट कोहली की पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा भी काफी खुश नजर आई। पूरे मैच में विराट और अनुष्का के कई मूमेंट सोशल मीडिया पर वायरल रहे। यहां देखें फाइनल मुकाबले की 10 खास तस्वीरें। फाइनल में अर्धशकत पूरा करने के बाद विराट कोहली ने अनुष्का शर्मा की तरफ फ्लाइंग किस दी।

विराट कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा ने भी स्टेडियम से उन्हें फ्लाइंग किस भेजी। यह लम्हा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

मैच जीतने के बाद अनुष्का शर्मा और विराट कोहली मैदान पर साथ नजर आए। दोनों एक-दूसरे से बातचीत करते दिखे। तस्वीर में कोहली ने अनुष्का के कंधे पर प्यार से हाथ रखा है।

जीत के जश्न में भी विराट कोहली अपने फैंस को नहीं भूले। उन्होंने फैंस की तरफ अपना हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया।

गुजरात टाइटन्स को हराने के बाद विराट कोहली ने अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा और आईपीएल ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाई। दोनों ने कैमरे के सामने विक्ट्री का साइन बनाते हुए पोज दिया।



## तापसी पन्नू ने की हद से ज्यादा कसरत

**मुंबई।** तापसी पन्नू अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी बॉडी इमेज से जुड़ी मुश्किलों के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि उन्होंने स्लिम-फिट दिखने के लिए बहुत मेहनत की। इस कोशिश में उन्होंने अपने आपको परेशान किया। उन्होंने अपनी जिंदगी के उस दौर को याद किया जब उन्हें एक खास तरह का दिखने का बहुत ज्यादा दबाव महसूस होता था।

तापसी पन्नू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर बताया 'मुझे याद है कि मुझे सपाट पेट पाने का जुनून था, क्योंकि बड़े होते समय मैं बहुत ज्यादा फिट थी, लेकिन मुझे कभी समझ नहीं आया कि पेट के निचले हिस्से की चर्बी हमेशा क्यों बनी रहती थी। इसे कम करने के लिए मैंने इतनी ज्यादा कसरत की कि मैंने खुद को हद से ज्यादा थका दिया। यह बात बिल्कुल सही है कि जब आप खुद को हद से ज्यादा थकाते हैं, तो आपके दिमाग में एक खतरे की घंटी बजती है कि आपके शरीर को सुरक्षा की जरूरत है।'

## बॉक्स ऑफिस पर 'करुप्पु' की कामयाबी से खुश हुए सूर्या
### तोहफे में क्रू मेंबर्स को दी इतने लाख की कार

**मुंबई।** साउथ के बेहतरीन अभिनेता सूर्या की नई फिल्म 'करुप्पु' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इसने तीसरे हफ्ते में दुनिया भर में 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है। फिल्म की कामयाबी से पूरी टीम खुश है। सूर्या ने इस फिल्म में बेहतरीन काम करने के लिए म्यूजिक कंपोजर साई अभ्यंकर, सिनेमैटोग्राफर जीके विष्णु और एडिटर सेल्वमणि को 30 लाख रुपये की कीमत की कारें गिफ्ट की हैं।

**म्यूजिक कंपोजर को तोहफा**

सूर्या ने म्यूजिक कंपोजर साई अभ्यंकर को एक कार गिफ्ट की है। कंपोजर साई अभ्यंकर ने अपनी नई कार के साथ अपनी एक फोटो शेयर की और लिखा, 'सूर्या सर आपको प्यार।' पोस्ट में उन्होंने राजशेखर पांडियन और प्रोड्यूसर एसआर प्रभु को भी टैग किया है।

**सिनेमैटोग्राफर हुए खुश**



सिनेमैटोग्राफर जीके विष्णु ने एक्स पर नई गाड़ी की एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'बस भगवान की कृपा! धन्यवाद सूर्या सर। आपका दिल बहुत बड़ा है।'

**एडिटर ने सूर्या को दिया धन्यवाद**

एडिटर सेल्वमणि ने अपनी पत्नी और बेटे के साथ एक फोटो शेयर की और लिखा 'बस भगवान की कृपा है। धन्यवाद सूर्या अन्ना। हमें जिंदगी भर का तोहफा मिला है।'

**'करुप्पु' की कहानी**

आपको बता दें कि 'करुप्पु' एक ऐसे रक्षक देवता की कहानी बताती है जो न्याय व्यवस्था से भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए एक वकील के रूप में इंसान का रूप धारण करता है। इसमें सूर्या ने 'करुप्पुसामी' का किरदार निभाया है, जबकि तृषा कृष्णन ने 'प्रीति' का किरदार निभाया है। बालाजी ने विलेन 'बेबी कन्नन' का किरदार निभाया है। फिल्म का निर्देशन आरजे बालाजी ने किया है।

**'करुप्पु' बॉक्स ऑफिस कलेक्शन**

'करुप्पु' बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। वर्ल्डवाइड जहां इसने 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है। वहीं घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इसने 17 दिनों में 182.45 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।

## 'ऊंचा लंबा..' के रीमेक में अक्षय के साथ नजर आई दिशा पटानी, एक्टर के साथ यूजर्स भी बोले- 'वी मिस यू

**मुंबई।** अक्षय कुमार और दिशा पाटनी अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में साथ नजर आएंगे। सोमवार को मेकर्स ने इस फिल्म से नया गाना 'ऊंचा लंबा कद फॉरएवर' रिलीज किया। यह गाना 2007 में रिलीज हुई अक्षय की ही फिल्म 'वेलकम' का रीमेक है। उस फिल्म में इस गाने को अक्षय-कटरीना पर फिल्माया गया था।

**गाने के अंत में अक्षय को याद आई कटरीना**

गाने में जहां अक्षय अपने पुराने अंदाज में नजर आए, वहीं उनके साथ थिरकते दिशा पाटनी बेहद हॉट दिखीं। इस गाने में अंत में अक्षय, कटरीना को याद करते हुए कहते हैं- 'वी मिस यू कटरीना'। वहीं कई यूजर्स ने भी यही बात कहते हुए गाने को ट्रोल किया है। जहां कुछ को ये गाना पसंद आया। वहीं कई ऐसे हैं जिन्होंने इसे ओरिजिनल गाने की बर्बादी बताया।

**आदिल शेख ने किया कोरियोग्राफ**

इस ओरिजिनल को जहां आनंद राज आनंद ने कंपोज किया था वहीं इसे रीक्रिएट किया है विक्रम ने। इसमें आनंद राज आनंद की ओरिजनल आवाज के साथ रुबाई ने भी आवाज दी है। गाने का वीडियो आदिल शेख ने कोरियोग्राफ किया है।



**इस दिन रिलीज होगी फिल्म**

बात करें फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की तो इसमें अक्षय और दिशा के साथ सुनील शेट्टी, जैकलीन फर्नांडीज, अरशद वारसी, परेश रावल, रवीना टंड और राजपाल यादव के अलावा कुछ 30 मुख्य कलाकार साथ काम करते नजर आएंगे। फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका निर्देशन अहमद खान ने किया है।

# वक्फ ट्रिब्यूनल में फीस विवाद पर कोर्ट ने उठाए सवाल

## कोर्ट फीस देने से छूट किस कानूनी आधार पर मिलनी चाहिए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई के दौरान वक्फ संस्थानों की मांग पर सवाल उठाए। कोर्ट ने पूछा कि राज्य वक्फ ट्रिब्यूनल की कार्यवाही में वक्फ संस्थानों को कोर्ट फीस देने से छूट किस कानूनी आधार पर मिलनी चाहिए। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही है।

यह पूरा मामला गुजरात हाई कोर्ट के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका से जुड़ा है। गुजरात हाई कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा था कि वक्फ संस्थानों को राज्य वक्फ ट्रिब्यूनल के सामने कोर्ट फीस देने से कोई छूट नहीं मिली है। फीस न भरने के कारण वक्फ से जुड़े कई मुकदमों को खारिज कर दिया गया था, जिसे हाई कोर्ट ने सही ठहराया था।

याचिकाकर्ताओं की तरफ से वकील एजाज मकबूल कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने गुजरात हाई कोर्ट के दिसंबर 2025 के फैसले को चुनौती देने के लिए कुछ और



दस्तावेज जमा करने का समय मांगा। इस दौरान जस्टिस नरसिम्हा ने वकील से सीधा सवाल किया। उन्होंने पूछा कि आखिर फीस से छूट का दावा किस आधार पर किया जा रहा है? उन्होंने वकील से यह भी पूछा कि वह कौन सा कानून है जो आपको कोर्ट फीस से छूट मांगने की अनुमति देता है? वकील मकबूल ने जवाब दिया कि वे इस मुद्दे पर विस्तार से अपनी बात रखेंगे। उन्होंने कोर्ट से इस सुनवाई को 7 अगस्त तक टालने का अनुरोध किया।

इससे पहले 17 दिसंबर 2025 को गुजरात हाई कोर्ट ने वक्फ संस्थानों की कई याचिकाओं को खारिज कर दिया था। ये याचिकाएं वक्फ ट्रिब्यूनल के उन आदेशों के खिलाफ थीं, जिनमें पर्याप्त कोर्ट फीस न देने पर कार्यवाही को रद्द कर दिया गया था। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया था कि वक्फ अधिनियम की धारा 83 के तहत ट्रिब्यूनल में शुरू होने वाली कार्यवाही के लिए वक्फ संस्थानों को कोई पूरी छूट या माफी नहीं दी गई है।

वक्फ संस्थानों ने दलील दी थी कि धारा 83 के तहत मामले एक आवेदन के जरिए शुरू होते हैं, न कि किसी 'वाद' या 'सूट' के जरिए, इसलिए कोर्ट फीस नहीं लगनी चाहिए। हाई कोर्ट ने इस तर्क को पूरी तरह नकार दिया। कोर्ट ने कहा कि इन कार्यवाहियों में वक्फ संपत्तियों से जुड़े अधिकारों का फैसला होता है।

इसमें मकान मालिक और किराएदार के विवाद जैसे मामले भी शामिल होते हैं। यह पूरी प्रक्रिया एक सिविल सूट की तरह ही चलती है, जिसमें लिखित बयान, सबूत और अंतिम फैसला शामिल होता है। इसलिए इन मामलों में कोर्ट फीस देना अनिवार्य है।

### 'टीएमसी विधायकों को पार्टी छोड़ने के लिए धमका रही पुलिस'

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सुप्रीमो ममता बनर्जी ने सोमवार को सरकार और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस टीएमसी विधायकों को पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के लिए धमका रही है। बनर्जी ने बिना उचित पुनर्वास योजना के फेरीवालों पर की गई कार्रवाई की भी आलोचना की।

ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में पुलिस राज चल रहा है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी को खत्म करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर कोलकाता में टीएमसी नेताओं पर हमलों के विरोध में प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी गई तो वह अपने विरोध प्रदर्शन को दिल्ली तक ले जाएंगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को ऑनलाइन संबोधित किया।

# अरूप बिस्वास ने मांगी अग्रिम जमानत, मेसी कार्यक्रम में टिकट की कालाबाजारी का आरोप

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के पूर्व खेल मंत्री अरूप बिस्वास ने आज उत्तर 24 परगना जिले की एक अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की। यह याचिका बारासात जिला न्यायालय में दाखिल की गई है, जो पिछले सप्ताह उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी के बाद दायर की गई है। यह मामला 13 दिसंबर 2024 को साल्ट लेक स्थित युवा भारती क्रीड़ांगन में आयोजित फुटबॉल स्टार लियोनेल मेसी के 'गोएट इंडिया टूर' कार्यक्रम के दौरान हुई कथित तोड़फोड़ और अव्यवस्था से संबंधित है। इस संबंध में उत्तर 24 परगना जिले के बिधाननगर दक्षिण पुलिस थाने में बिस्वास के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

हालांकि अदालत ने उनकी याचिका स्वीकार कर ली है, लेकिन मामले की पहली सुनवाई की तारीख अभी निर्धारित नहीं की गई है।

पुलिस ने 30 मई की रात को कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सतद्रु दत्ता द्वारा 17 मई को दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर यह



प्राथमिकी दर्ज की थी।

अरूप बिस्वास दक्षिण 24 परगना जिले की टॉलीगंज विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के चार बार विधायक रह चुके हैं। हालांकि 2026 के चुनाव में उन्हें इसी सीट से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार और पहली बार विधायक बनी पापिया अधिकारी ने उन्हें छह हजार से अधिक मतों के अंतर से हराया।

इससे पहले तृणमूल कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान पुलिस ने युवा भारती क्रीड़ांगन प्रकरण में कार्यक्रम आयोजक सतद्रु दत्ता को गिरफ्तार किया था। बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी। 17 मई को दत्ता ने अरूप बिस्वास और कुछ अन्य व्यक्तियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। इसी शिकायत के आधार पर बिधाननगर दक्षिण पुलिस थाने ने पूर्व मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

30 मई की रात एफआईआर दर्ज होने के बाद दत्ता ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी, राज्य के वर्तमान खेल मंत्री निशीथ प्रमाणिक तथा राज्य के पुलिस महानिदेशक सिद्ध नाथ गुप्ता का आभार व्यक्त किया। अपनी शिकायत में दत्ता ने आरोप लगाया है कि मेसी कार्यक्रम के लगभग 22,000 टिकटों की कथित रूप से कालाबाजारी की गई थी।

# इनवर्टिस यूनिवर्सिटी के छात्रों को गूगल अमेजॉन डेलॉयट आइ बी एम जैसी बड़ी कंपनियों में मिला मौका




**बरेली।** उत्तर प्रदेशः जब इनवर्टिस यूनिवर्सिटी का 2026 प्लेसमेंट सीजन समाप्त हुआ, तब आंकड़ों ने खुद इसकी सफलता की कहानी बयां की। 650+ प्लेसमेंट ऑफर्स, और गूगल अमेजॉन डेलॉयट आइ बी एम इन्फोसिस टाटा कंसलटेंसी सर्विसेस एक्सेंचर और एचसीएल टेक्नोलॉजी जैसी लीडिंग कंपनियों में छात्रों का चयन। सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, कंसल्टिंग, फाइनेंस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, ऑपरेशन्स और बिजनेस मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में छात्रों ने अपनी जगह बनाई। लेकिन इन ऑफर्स के पीछे सिर्फ प्लेसमेंट सीजन नहीं, बल्कि वर्षों की तैयारी और लगातार स्किल डेवलपमेंट की मेहनत थी।

इनवर्टिस यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट केवल अंतिम वर्ष की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह शुरुआत से तैयार किया जाने वाला एक स्ट्रक्चर्ड जर्नी है। इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, कंप्यूटर एप्लीकेशन्स, कॉमर्स और अन्य प्रोफेशनल प्रोग्राम्स के छात्रों ने टेक्नोलॉजी, कंसल्टिंग, बैंकिंग, हेल्थकेयर, रिटेल और कॉरपोरेट सर्विसेज जैसे सेक्टर्स में अवसर हासिल किए हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यूनिवर्सिटी का वह इकोसिस्टम है जहाँ एकेडमिक्स के साथ-साथ प्रैक्टिकल लर्निंग और एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स पर बराबर ध्यान दिया जाता है।

यूनिवर्सिटी में 100+ वैल्यू-एडेड कोर्सेज उपलब्ध हैं, जिनमें टेक्निकल स्किल्स, लाइफ स्किल्स और एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स शामिल हैं, ताकि छात्र सिर्फ सिलेबस तक सीमित न रहें बल्कि इंडस्ट्री-रेडी प्रोफेशनल्स बन सकें।

650+ प्लेसमेंट ऑफर्स किसी एक इवेंट का परिणाम नहीं हैं, बल्कि यह उस मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्री-फोकस्ड अप्रोच का नतीजा है जिसे इनवर्टिस यूनिवर्सिटी ने वर्षों में तैयार किया है।

यूनिवर्सिटी की लिंकडिन के साथ एक्सक्लूसिव कोलैबोरेशन के तहत हर छात्र को 16,000+ लिंकडिन लर्निंग कोर्सेज का फ्री एक्सेस मिलता है, जिनमें AI, डेटा एनालिटिक्स, बिजनेस, लीडरशिप और कम्युनिकेशन जैसे विषय शामिल हैं।

# 'म्यांमार अहम पड़ोसी देश': विदेश मंत्रालय ने कहा- राष्ट्रपति ह्लाइंग के दौरे से मजबूत होंगे द्विपक्षीय संबंध

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने सोमवार को एक विशेष प्रेस ब्रीफिंग में म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग के भारत दौरे पर जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, म्यांमार भारत का पड़ोसी देश है, जिसके साथ 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा साझा होती है। उन्होंने कहा, म्यांमार भारत की पड़ोसी पहले, एक्स ईस्ट, महासागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए नीतियों में अहम स्थान रखता है। विक्रम मिस्री ने बताया कि म्यांमार के राष्ट्रपति के साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। इस प्रतिनिधिमंडल में पांच कैबिनेट मंत्री, तीन उपमंत्री और कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा, एक बड़ा कारोबारी प्रतिनिधिमंडल और म्यांमार-भारत मैत्री संघ के सदस्य भी उनके साथ



आए हैं।

उन्होंने कहा, नई दिल्ली पहुंचने से पहले म्यांमार के राष्ट्रपति ने बोधगया का दौरा किया। वहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और महाबोधि मंदिर, महाबोधि धम्मिका मठ तथा सुजाता मंदिर के दर्शन किए। विदेश सचिव ने कहा कि यह यात्रा भारत और म्यांमार के बीच गहरे बौद्ध एवं धार्मिक संबंधों को दर्शाती है। साथ ही यह दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत और दीर्घकालिक संबंधों को भी दर्शाती है।

मिस्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर म्यांमार के राष्ट्रपति 30 मई से तीन जून 2026 तक भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग को मूल रूप से अंतरराष्ट्रीय बिग कैट गठबंधन शिखर सम्मेलन में भाग लेना था। लेकिन अपरिहार्य कारणों से इस सम्मेलन को स्थगित करना पड़ा। ऐसे में इस अवसर का उपयोग भारत और म्यांमार के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा के लिए किया गया।

विदेश सचिव ने कहा, अप्रैल 2026 में पद संभालने के बाद यह म्यांमार के राष्ट्रपति की पहली विदेश यात्रा है। भारत पहला देश बना है, जहां का उन्होंने दौरा किया है। उन्होंने कहा कि म्यांमार भारत के लिए एक अहम देश है और दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की जा रही है।

वहीं, म्यांमार के राष्ट्रपति ह्लाइंग ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आश्वासन दिया कि म्यांमार की जमीन का इस्तेमाल भारत की सुरक्षा के खिलाफ किसी भी गतिविधि के लिए नहीं होने दिया जाएगा। दोनों नेताओं के बीच व्यापार, रक्षा और ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने को लेकर व्यापक बातचीत हुई।

### 'पत्नी गर्भवती है साहब': सड़क पर बैठ पति ने की मिन्नतें

**बंगलूरू।** बंगलूरू की व्यस्त सड़कों पर सोमवार सुबह एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने हजारों लोगों के दिल को छू लिया। ओल्ड एयरपोर्ट रोड पर राज्यपाल थावरचंद गहलोत के काफिले के लिए ट्रैफिक रोक दिया गया था। इसी बीच अपनी गर्भवती पत्नी के साथ सफर कर रहे एक व्यक्ति का सब्र टूट गया। वह कार से उतरा और सड़क के बीच बैठकर विरोध करने लगा। उसकी आवाज में गुस्सा भी था और बेबसी भी। वह बार-बार यही कह रहा था कि उसकी पत्नी गर्भवती है और उसे जरूरी काम से जाना है, फिर आम लोगों को इस तरह क्यों रोका जा रहा है। यह पूरा मामला कुछ ही मिनटों का था, लेकिन इसने वीआईपी मूवमेंट और आम जनता की परेशानी पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया। वीडियो में दिखाई दिया कि व्यक्ति सड़क पर बैठा हुआ है और ट्रैफिक पुलिस अधिकारी उसे हटाने की कोशिश कर रहे हैं।

# दक्षिण कोरिया में एयरोस्पेस संयंत्र में भीषण धमाका, चार लोगों की मौत, बचाव कार्य जारी



**सियोल।** दक्षिण कोरिया के मध्य शहर डेजॉन में रक्षा कंपनी हनवा एयरोस्पेस के कारखाने में सोमवार को हुए विस्फोट में चार लोग मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों को सुबह 10:59 बजे विस्फोट की सूचना मिली और वे हताहतों की सही संख्या की पुष्टि करने में जुटे हैं। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, घटनास्थल पर भेजी गई दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे हुए थे। पुलिस और दमकल अधिकारियों का मानना है कि विस्फोट कारखाने की पहली मंजिल पर हुआ था और आग बुझने के बाद वे घटना के सटीक कारण की जांच करने की योजना बना रहे हैं।

शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, पुलिस ने पुष्टि की है कि देश की अग्रणी एयरोस्पेस और रक्षा कंपनी हनवा एयरोस्पेस के संयंत्र में हुई दुर्घटना में चार लोगों की मौत और दो लोग घायल हुए हैं। दमकल अधिकारियों ने स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 11:17 बजे आग बुझाने के लिए स्तर-1 की प्रतिक्रिया जारी की और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। अधिकारियों ने बताया है कि दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री किम मिन-सेओक ने हनवा एयरोस्पेस कारखाने में हुए विस्फोट के बाद बचाव कार्यों के लिए उपकरणों और कर्मियों को पूरी तरह से जुटाने का आदेश दिया है।

माल्टा में सोमवार की सुबह सलीना क्षेत्र में एक आतिशबाजी कारखाने में हुए भीषण विस्फोट और कई छोटे विस्फोटों ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। इस धमाके के बाद काफी दूर तक धुएं का घना गुबार फैल गया। ट्राइक इल-कादी स्थित लूर्डेस आतिशबाजी कारखाने में हुए विस्फोट से आसपास की संपत्तियों को नुकसान पहुंचा, लेकिन पुलिस ने बताया कि कारखाने में काम करने वाले सभी लोग और पड़ोसी सुरक्षित हैं। पास के खेतों में काम करने वाले 47 और 67 वर्षीय दो पुरुषों को सदमे और मामूली चोटों के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनका इलाज किया गया।

### 'लेबनान पर हमले रोके इस्राइलः यवेट कूपर'

**लंदन।** पश्चिम एशिया संकट को खत्म करने के कूटनीतिक प्रयासों के बीच जमीनी स्तर पर संघर्ष और तेज हो गया है। इस्राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने हाल ही में इस्राइली बलों के दक्षिणी लेबनान में ब्यूफोर्ट कैसल पर कब्जा करने को बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि सेना को लेबनान में अपने अभियान का और विस्तार करने का निर्देश दिया गया है। ब्रिटेन की गृह सचिव यवेट कूपर ने लेबनान में इस्राइल की सैन्य कार्रवाई को तत्काल रोकने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने हिज्बुल्ला से पूर्ण रूप से हथियार छोड़ने और इस्राइल के खिलाफ हमले बंद करने का भी आग्रह किया है।

यवेट कूपर ने एक्स पर जारी एक संदेश में पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ती हिंसा पर चिंता जताते हुए कहा, 'इस्राइल की लेबनान में सैन्य बढ़ोतरी से नागरिकों की मौत हुई है, लोग विस्थापित हुए हैं, बुनियादी ढांचा तबाह हुआ है और कूटनीति के लिए जगह कम हुई है।

# यूक्रेन युद्ध के बीच रूस को झटका, फ्रांसीसी कमांडो ने पकड़ा प्रतिबंधित तेल

**पेरिस।** फ्रांसीसी नौसेना ने ब्रिटेन के सहयोग से रूस से आ रहे प्रतिबंधित तेल टैंकर टगोर को अटलांटिक महासागर में रोककर उसकी जांच की। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और समुद्री कानूनों का उल्लंघन करने वाले जहाजों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

यूक्रेन युद्ध के बीच रूस के तेल निर्यात पर शिकंजा कसने की कोशिशों में फ्रांस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। फ्रांसीसी नौसेना ने ब्रिटेन के सहयोग से रूस से आ रहे प्रतिबंधित तेल टैंकर 'टगोर' (ज्ञड्डद्दशह्) को अटलांटिक महासागर में रोक लिया। यह कदम उन देशों की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है जो यूक्रेन का समर्थन कर रहे हैं और रूस की युद्ध मशीन को मिलने वाली आर्थिक मदद को कमजोर करना चाहते हैं।



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार को नौसेना के जवानों ने जहाज पर चढ़कर जांच की। मैक्रों ने एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें हेलीकॉप्टर से एक कमांडो को जहाज पर उतरते हुए देखा जा सकता है।

मैक्रों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को दरकिनार करना, समुद्री कानूनों का उल्लंघन करना और यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को वित्तीय मदद देना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे जहाज न केवल नियमों की अनदेखी करते हैं, बल्कि पर्यावरण और समुद्री सुरक्षा के लिए भी खतरा बनते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, तेल से होने वाली कमाई रूस की अर्थव्यवस्था का अहम आधार है। इसी आय के जरिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में जारी युद्ध पर भारी खर्च कर रहे हैं, जबकि घरेलू अर्थव्यवस्था पर दबाव को सीमित रखने की कोशिश भी कर रहे हैं।

पश्चिम देशों का रूस पर गंभीर आरोप

पश्चिमी देशों का आरोप है कि रूस प्रतिबंधों से बचने के लिए सैकड़ों जहाजों के एक तथाकथित 'शैडो फ्लीट' का इस्तेमाल कर रहा है। ये जहाज अक्सर अपनी पहचान छिपाकर या नियमों को दरकिनार कर तेल का परिवहन करते हैं। फ्रांस समेत कई यूरोपीय देशों ने ऐसे जहाजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संकल्प लिया है।

फ्रांसीसी नौसेना इससे पहले भी रूस से जुड़े होने के संदेह वाले कई टैंकरों को रोक चुकी है। मार्च में भूमध्य सागर में 'डेयना' नामक टैंकर की जांच की गई थी। वहीं जनवरी में पकड़े गए 'ग्रिंच' टैंकर को फरवरी में कई मिलियन यूरो का जुर्माना भरने के बाद रिहा किया गया था।

### भारतीय मूल के युवक समेत पायलट की मौत, पत्नी बची

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में हुए एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में भारतीय मूल के एक युवक और पायलट की मौत हो गई। यह हादसा युवक की शादी के कुछ घंटों बाद ही हुआ। हेलिकॉप्टर दुर्घटना में नवविवाहिता पत्नी घायल हो गई। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी सामने आई है।

डेल्टा एयर लाइंस में पायलट और अटलांटा निवासी 25 वर्षीय डेव फिजी बीते शुक्रवार को डॉसन काउंटी के डॉसनविल के पास एक पांच सीटों वाले रॉबिन्सन हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से मारे गए। उनकी पत्नी जेस्नी घायल हो गई और उन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

परिवार के अनुसार, डेव और जेस्नी ने उसी दिन डॉसनविल के पास स्थित द रिवेरे नाम के कार्यक्रम स्थल पर शादी की थी।

# युद्धविराम उल्लंघन का आरोपः इस्राइल ने बेरूत पर हमले का दिया आदेश

**यरूशलम।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री काट्ज ने सोमवार को एक संयुक्त बयान जारी किया। इसमें कहा गया है कि उन्होंने सेना को बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर हमला करने का आदेश दिया है। बयान के अनुसार, यह आदेश लेबनान में हिजबुल्ला की ओर से बार-बार युद्धविराम उल्लंघन के बाद दिया गया था, जिसमें उत्तरी इस्राइली शहरों को निशाना बनाकर रॉकेट और ड्रोन हमले शामिल थे।

इस्राइल के चैनल 12 न्यूज ने बताया कि यह कदम तब उठाया गया जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने लेबनान में सैन्य गतिविधि का विस्तार करने के लिए इस्राइल के अनुरोधों को मंजूरी दे दी, जिससे देश के दक्षिण पर शुरुआती ध्यान केंद्रित करने के बजाय राजधानी शहर में हवाई हमले भी शामिल हो गए। इस बीच, लेबनान की संसद के अध्यक्ष नबीह बेरी ने रविवार को कहा कि हिजबुल्ला एक व्यापक और तत्काल युद्धविराम के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस्राइल को अपने सैन्य अभियान रोकने के लिए




मजबूर करने के प्रयासों का आह्वान किया। यह जानकारी लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। बेरी ने कहा कि संघर्ष 'युद्धविराम पर प्रतिरोध के रुख में नहीं है', बल्कि लेबनान में इस्राइली सैन्य अभियानों के जारी रहने में है, जिसके कारण हजारों लेबनानी नागरिक विस्थापित हो गए हैं। वहीं, विभिन्न क्षेत्रों में गांवों और घरों को ध्वस्त किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि संघर्ष को कम करने के किसी भी प्रयास के लिए वास्तविक गारंटी की आवश्यकता है, जो इस्राइल को अपने हमलों को पूरी तरह से रोकने के लिए बाध्य करे।

वहीं, आईडीएफ ने रविवार को कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान में ब्यूफोर्ट रिज और वादी अल-सलूकी क्षेत्रों में प्रवेश करने के बाद ब्यूफोर्ट कैसल पर कब्जा कर लिया है। आईडीएफ के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य ब्यूफोर्ट रिज और वादी अल-सलूकी क्षेत्र पर परिचालन नियंत्रण स्थापित करना और साथ ही इस क्षेत्र में हिजबुल्ला की क्षमताओं को कमजोर करना है।

आईडीएफ के अनुसार, हिजबुल्ला ने ब्यूफोर्ट रिज से सैन्य और युद्धक गतिविधियों का निर्देशन किया। उस क्षेत्र से कई हमले किए। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने यह भी कहा कि उन्होंने आईडीएफ को लेबनान में अपनी घुसपैठ बढ़ाने का निर्देश दिया है। सोमवार को इससे पहले, दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला द्वारा दागे गए एक विस्फोटक ड्रोन हमले में एक इस्राइली कमांडो यूनिट का एक सैनिक मारा गया। योहमोर गांव में तीन अन्य इस्राइली सैनिक घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है।

इस्राइली रक्षा बलों ने कहा कि सोमवार की सुबह भर हिजबुल्ला ने उत्तरी इस्राइली की ओर रॉकेट और ड्रोन दागे, जिनमें से कुछ को सफलतापूर्वक रोक दिया गया और अन्य खुले इलाकों में गिरे, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। इस्राइली सेना ने यह भी कहा कि उसने उस लॉन्चर को नष्ट कर दिया है, जिससे हिजबुल्ला ने रविवार रात पूर्वोत्तर इस्राइली के शहर तिबेरियास की ओर रॉकेट दागे थे। इस घटना में किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है।

# श्रीलंका में धार्मिक उत्सव के दौरान बड़ा हादसा, बेकाबू ट्रक ने भीड़ को कुचला, 6 की मौत, कई घायल




**कोलंबो।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में एक बड़ा हादसा हुआ है। दरअसल कोलंबो के बाहरी इलाके में बौद्ध धर्म के प्रमुख वेसाक उत्सव के दौरान एक बेकाबू ट्रक ने लोगों की भीड़ को कुचल दिया, जिसमें छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और 13 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, ट्रक का ड्राइवर नशे की हालत में वाहन चला रहा था और नशे की हालत में ही उसने उत्सव मना रहे लोगों की भीड़ को कुचल दिया।

यह हादसा रविवार रात कोलंबो को मीगोडा इलाके में हुआ, जहां वेसाक समारोह के तहत लगाए गए एक मुफ्त फूड स्टॉल के बाहर बड़ी संख्या में लोग कतार में खड़े थे। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप ट्रक भीड़ में घुस गया। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में 35 से 38 वर्ष आयु के तीन पुरुष और 15 से 56 वर्ष आयु की तीन महिलाएं शामिल हैं। हादसे में एक बच्चे समेत 13 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दुर्घटना के बाद 42 वर्षीय चालक मौके से फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने कई किलोमीटर दूर तक उसका पीछा करके उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वह शराब के नशे में वाहन चला रहा था। वेसाक बौद्ध धर्म का सबसे महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है, जो भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण की याद में मनाया जाता है। इस अवसर पर श्रीलंका भर में श्रद्धालु मुफ्त भोजन और पेय पदार्थों के स्टॉल लगाते हैं, जहां बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं।

पुलिस ने बताया कि उत्सव के दौरान अस्थायी स्टॉलों के आसपास भारी भीड़ और सड़क किनारे वाहनों की पार्किंग के कारण यातायात दबाव बढ़ जाता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है।

# प्रेम विवाह का विरोध करने पर सब्जी विक्रेता पर चापड़ से हत्या, आरोपी फरार

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र के डेरा चकिया गांव में सोमवार तड़के 55 वर्षीय किसान तिलकधारी की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। परिजन ने गांव के ही एक व्यक्ति पर आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि हाल में किसान के बेटे ने गांव की लड़की के साथ कोर्ट मैरिज की थी। लड़की के परिवार से विवाद चल रहा था, जो घटना की वजह हो सकता है। आरोपी फरार है और उसकी तलाश की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घूरपुर थाना क्षेत्र के डेरा चकिया निवासी तिलकधारी गांव में खेती कर परिवार का भरण पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी, पांच बेटियां और दो बेटे हैं। पुलिस के अनुसार, 20 मई को गांव निवासी गंगा प्रसाद की बेटी सुहानी, तिलकधारी के भाई अर्जुन के बेटे शिवम के साथ चली गई थी। बाद में दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली। इस घटना के बाद दोनों परिवारों के बीच तनाव बढ़ गया था और कई बार विवाद की स्थिति बनी। हालांकि गांव के लोगों और रिश्तेदारों की पहल पर दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिशें भी चल रही थीं, लेकिन मनमुटाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ था।

रविवार रात करीब 10 बजे गंगा प्रसाद, तिलकधारी के घर पहुंचा। यहां दोनों पक्षों के बीच विवाद सुलझाने को लेकर बातचीत शुरू हुई। परिजन के मुताबिक करीब दो घंटे तक चली चर्चा के दौरान माहौल फिर गर्म हो गया और दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। आरोप है कि विवाद के बाद गंगा प्रसाद वहां से चला गया, लेकिन जाते समय तिलकधारी को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देकर गया था।

परिजनों के अनुसार सोमवार तड़के करीब 2 बजे गंगा प्रसाद दोबारा उनके घर पहुंचा और चापड़ से तिलकधारी के सिर पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल तिलकधारी को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा अब्दुस सलाम खान ने बताया कि चकिया गांव में मारपीट की सूचना मिली थी। जांच में सामने आया है कि गांव निवासी गंगा प्रसाद ने तिलकधारी पर धारदार हथियार से हमला किया था। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।

# भोजवाल समाज ने की श्री अन्नकला बोर्ड गठन की मांग



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** भोजवाल फाउंडेशन द्वारा भोजवाल (भुर्जी) समाज का भोजवाल चौधरी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के भोजवाल समाज के चौधरी, मनोनीत सभासद, पत्रकार, अधिवक्ता, अध्यापक एवं हाल ही में चयनित पीसीएस अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष अरुण भोजवाल आजाद ने प्रदेश सरकार से एक करोड़ भोजवाल समाज के लिए श्री अन्नकला बोर्ड गठित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बोर्ड बनने से समाज के लगभग एक करोड़ लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और वे विकास की मुख्यधारा से जुड़ेंगे। प्रदेश कोषाध्यक्ष इंजीनियर उमाशंकर भोजवाल ने कहा कि सरकार जल्द बोर्ड का निर्माण करे ताकि योजनाओं का लाभ पूरे समाज तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन जल्द ही 403 विधानसभाओं में भोजवाल जागरूकता अभियान चलाएगा।

समारोह में रामजी भोजवाल, शिवनाथ भोजवाल, रवि भोजवाल, दिलीप भोजवाल, हरीश भोजवाल, मलिकदीन भोजवाल, दिनेश भोजवाल, राजेश भोजवाल, ज्ञानेश भोजवाल, उमा शंकर, गौरी शंकर, डॉ. मनोहर कुमार कानू, डॉ. मृत्युंजय गुप्ता, विष्णु भोजवाल, अशोक कुमार भोजवाल, शिवराम, दिलीप कुमार, युगल किशोर, गीता देवी, राम तीरथ, अमित कुमार, सुरेश मोदी, रमन भोजवाल, संतोष भोजवाल, ओमप्रकाश भोजवाल, वर्षा भोजवाल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# पेपर लीक को लेकर युवाओं से आप सांसद संजय सिंह ने किया संवाद

- अधिकारियों से नोंकझोंक, सांसद बोले- सर्किट हाउस आपकी प्रॉपर्टी नहीं

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह आज प्रयागराज पहुंचे। जहां उन्होंने छात्रों के साथ लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों से लेकर भर्ती प्रक्रिया में हो रहे घोटाले तक के सभी विषयों को लेकर संवाद किया।

इस दौरान उन्होंने छात्रों की समस्याएं भी सुनी और उन्होंने सरकार से कहा कि उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में 75 आंदोलन होंगे और सरकार अब तैयार रहे क्योंकि छात्र शक्ति जब जागेगा तो उसके तूफान में सरकार की दमनकारी नीतियां पूरी तरीके से उड़ जाएगी। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि इसमें 4 वर्षों में अलग-अलग मानकों में कुल 77 भर्तियों में घोटाले देखने को मिले जो कि छात्र शक्ति और उनके मनोबल को तोड़ने का काम उत्तर प्रदेश और केंद्र की सरकार ने किया है। सर्किट हाउस में प्रतियोगी छात्रों से आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संजय सिंह संवाद कर रहे थे। संवाद के दौरान सभागार में अपर जिलाधिकारी (एडीएम) सिटी सत्यम मिश्रा और डीसीपी सिटी मनीष कुमार शांडिल्य पहुंच गए। भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे अधिकारियों ने आप सांसद संजय सिंह से किनारे चलकर बात करने को कहा। इस पर संजय सिंह भड़क गए और अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाई। कहा कि जिस परीक्षा पर हो रही चर्चा को आप रोकने के लिए आए हैं वही परीक्षा पास करके आप अधिकारी बने हैं। सांसद संजय सिंह अपनी जगह से नहीं हिले। उन्होंने कहा कि क्या मैं कानून व्यवस्था भंग कर रहा हूं, जो आप मुझे रोकने आए हैं। आपको सर्किट हाउस के अंदर आने का अधिकार ही न हीं है। अगर में सार्वजनिक स्थान या सड़क पर कोई कार्यक्रम करता तो आप एक बार रोक सकते थे। कहा कि आप सांसद के अधिकारों का हनन करना चाहते हैं। इसकी शिकायत मैं प्रिविलेज कमेटी से करूंगा। एडीएम सिटी के सभागार में पहुंचने के दौरान बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

सांसद संजय सिंह ने एडीएम और डीसीपी से कहा कि सर्किट हाउस आपकी निजी प्रॉपर्टी नहीं है। यह जनता के पैसे से बना है। बंद कमरे में क्या हो रहा है यह देखना आपका काम नहीं है। यहां पर कोई देश विरोधी बात हो रही है क्या। यहां परीक्षाओं में पेपर लीक पर चर्चा हो रही है। क्या लोकतंत्र में इस पर बात करना गुनाह है। यह पहली बार देख रहा हूं कि प्रशासन कह रहा है कि पेपर लीक पर बात मत करिए। लाखों छात्रों का जीवन बर्बाद हो रहा है और बात नहीं की जाएगी।

# गलत अभिलेखों के आधार पर बीए में लिया प्रवेश

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय में एक छात्रा ने अपनी शैक्षणिक योग्यता छिपाकर दोबारा बीए फर्स्ट ईयर में एडमिशन ले लिया। एमए की डिग्री हासिल करने के बाद भी उसने तथ्यों को छिपाया और दस्तावेजों का गलत तरीके से इस्तेमाल करते हुए ऐसा किया। इविवि प्रशासन की ओर से कर्नलगंज थाने में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी है। इससे पहले छात्रा को इविवि से निकाला भी जा चुका है।

इस मामले में एफआईआर प्रभारी प्रॉक्टर डॉ. अतुल नारायण सिंह की तहरीर पर लिखी गई है। उन्होंने बताया, सौम्या कोटार्य करछना की रहने वाली है। उसने सत्र 2025-26 में बीए फर्स्ट ईयर में एडमिशन लिया। बाद में हुई जांच में पता चला कि वह पहले ही सत्र 2018-21 में जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज से बीए तथा सत्र 2021-23 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से दर्शनशास्त्र विषय में एमए की डिग्री प्राप्त कर चुकी हैं। इसके बावजूद उसने फिर से बीए फर्स्ट ईयर में एडमीशन लिया।

मामले की जानकारी मिलने पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच के लिए दो कमेटियां बनाईं। उसके शैक्षिक दस्तावेजों और प्रवेश संबंधी दस्तावेजों की गहनता से जांच की गई। इसमें कई गंभीर फैक्ट्स सामने आने के बाद डिसिप्लनरी एक्शन का प्रॉसेस शुरू किया गया।

चीफ प्रॉक्टर डॉ. अतुल नारायण सिंह ने बताया कि निष्कासन और एफआईआर से पहले छात्रा को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया गया। पहले उसे शोकॉज नोटिस जारी किया गया, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी। इसके बाद आरोप पत्र दिया गया, जिसके जवाब में भी वह आरोपों का उचित खंडन नहीं कर पाई। सभी तथ्यों और जांच रिपोर्टों के आधार पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने उसके निष्कासन का निर्णय लिया। जांच में यह भी सामने आया कि छात्रा ने प्रवेश के लिए मोती लाल नेहरू इंटर कॉलेज से जारी स्थानांतरण प्रमाणपत्र (टीसी) की द्वितीय प्रति का उपयोग किया था। विश्वविद्यालय का दावा है कि इसी संस्थान के मूल टीसी के आधार पर पहले भी स्नातक में प्रवेश लिया जा चुका था।

# मैनपुरी में मेधावी छात्रों का सम्मान

- टॉपर्स को चेक, मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान
- छात्रों को मां के नाम पौधा लगाने का संदेश



**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 मेघावी विद्यार्थी सम्मान समारोह के सजीव प्रसारण के उपरांत कलेक्ट्रेट समाचार में जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने हाई स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले हर्षित चौहान, प्रिया मिश्रा, अभिजीत, जाह्नवी, अक्षय देव, सुदिति मोहन, अभिनव राजपूत, कंचन, अंकुल कुमार, इच्छा गुप्ता एवं इंटरमीडिएट में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मानसी गंगा, शिल्पी, कन्हैया यादव, कुलदीप यादव, अश्विनी कुमार, नवजोत, मोहित कुमार, आकांक्षा, अरुण कुमार, हिमांशु को रू. 21-21 हजार के प्रतीकात्मक चेक, मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं 01 फलदार पौधा प्रदान कर सम्मानित करते हुए छात्रों से कहा कि उपलब्ध कराया गया पौधा अपनी मॉ के नाम रोपित कर उसकी देखभाल करें। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने मेधावी छात्रों, उनके गुरूजनों, अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि यह सफलता आपके लिए अंतिम सफलता नहीं, इसी तरह मेहनत कर आपको तब तक आगे बढ़ना होगा, जब तक आपके जीवन में सफलता अर्जित न हो जाए। उन्होने कहा कि परीक्षा में मिली सफलता विद्यार्थियों की यात्रा का अंतिम पड़ाव नहीं बल्कि एक नई शुरुआत है, जीवन में निरंतर आगे बढ़ते हुए नए लक्ष्य निर्धारित करना और उन्हें प्राप्त करने के लिए सतत् प्रयास करना ही वास्तविक सफलता है, आपको अभी ज्ञान, अनुभव और उपलब्धियों की लंबी यात्रा तय करनी है, वर्तमान समय ज्ञान और सूचना का युग है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), इंटरनेट और डिजिटल माध्यमों ने ज्ञान के नए द्वार खोले हैं, ऐसे समय में विद्यार्थियों को सही और गलत के बीच अंतर करने की क्षमता विकसित करनी होगी। उन्होंने ऋग्वेद की उक्ति ''आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः'' का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्व के श्रेष्ठ विचारों को ग्रहण करना भारतीय संस्कृति की मूल भावना रही है इसलिए युवाओं को सकारात्मक और रचनात्मक विचारों को अपनाकर अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए। उन्होने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में अनेकों प्रकार की जानकारियां और विचार तेजी से प्रसारित होते हैं ऐसे में युवाओं को किसी भी विषय पर बिना तथ्यों की जांच किए निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए।

# भारद ने रेल मंत्री का ध्यान 9 सूत्री मांग देकर कर दिलाया



**आजमगढ़।** रेल विकास हेतु आज रेल मंत्री भारत सरकार को संबोधित एक ज्ञापन भारत रक्षा दल के जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश के नेतृत्व में आजमगढ़ स्टेशन मास्टर को दिया गया। ज्ञापन में आजमगढ़ गोरखपुर वाराणसी रेलमार्ग को शीघ्र धन आवंटन की मांग,आजमगढ़ से गुजरने वाली 04651/52 जयनगर अमृतसर क्लोन एक्सप्रेस का ठहराव आजमगढ़ स्टेशन पर हो, 09465 /66 दरभंगा अहमदाबाद क्लोन एक्सप्रेस का ठहराव आजमगढ़ पर हो, 13137/38 आजमगढ़ कोलकाता एक्सप्रेस का ज्ञ्ज्ञ सुधार करते हुए इसे प्रतिदिन चलाया जाए,जिसमें से चार दिन इसको वाया पाटलिपुत्र से होकर के चलाया जाए, प्रस्तावित आजमगढ़ बांद्रा एक्सप्रेस तथा आजमगढ़ आनंद विहार एक्सप्रेस 12527/28 का संचालन अति शीघ्र शुरु किया जाए, मऊ आजमगढ़ प्रयागराज इंटरसिटी,मऊ आजमगढ़ लखनऊ इंटरसिटी को शुरू किया जाएं। ज्ञापन देने के दौरान जैनेंद्र चौहान, धर्मवीर शर्मा, रामाशीष विश्वकर्मा एडवोकेट उपस्थित रहें।

# सारनाथ मंदिर में हैंडपंप खराब, श्रद्धालुओं को पेयजल संकट



**अवधनामा संवाददाता**

- मलमास मेले में भक्तों को हो रही परेशानी, पुजारी ने बताई स्थिति

**जौनपुर।** बक्शा स्थित प्रसिद्ध स्वयंभू सारनाथ महादेव मंदिर में इंडिया मार्का हैंडपंप खराब होने से श्रद्धालुओं को भारी पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। मलमास माह के मेले के दौरान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में भक्तों को पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। मंदिर परिसर में कुल पांच इंडिया मार्का हैंडपंप लगाए गए हैं। इनमें से दो हैंडपंप खराब पड़े हैं, जबकि एक हैंडपंप से दूषित जल निकल रहा है। केवल दो हैंडपंप ही किसी तरह पानी की आपूर्ति कर पा रहे हैं। मलमास माह में यहां एक महीने का मेला लगा हुआ है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने आते हैं। अत्यधिक भीड़ और भीषण गर्मी के कारण श्रद्धालुओं को पीने के पानी और जलाभिषेक के लिए पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर की संरक्षिका पुजारीन माला शुक्ला ने बताया कि पांच में से दो हैंडपंप खराब हैं और एक दूषित पानी दे रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। श्रद्धालु सूरज जायसवाल ने कहा कि मंदिर में पेयजल आपूर्ति ठीक नहीं है।

डब्लू अग्रहरि, राजा पांडेय, आशुतोष कुमार, शनि सिंह और सुशील यादव सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भी हैंडपंपों के खराब होने के कारण पेयजल संकट और दिक्कतों की शिकायत की।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर स्मृति द्वार का विधायक ने किया लोकार्पण

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के 301वीं जयंती के मौके पर उनकी स्मृति में विधायक रमेश चंद्र मिश्र की विधायक निधि से राष्ट्रीय राजमार्ग 731 के किनारे मरगूपुर, बदलापुर में नवनिर्मित 'लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर स्मृति द्वार' और 'लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल स्मृति द्वार' के लोकार्पण किया गया। इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने भारत की गौरवशाली संस्कृति, लोककल्याणकारी शासन और सनातन मूल्यों की अमर प्रतीक महारानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर कोटि-कोटि नमन किया। महारानी अहिल्याबाई केवल एक महान शासक ही नहीं, बल्कि नारी शक्ति, करुणा, न्याय और धर्मपरायणता की अद्भुत प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने अपने शासनकाल में जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मंदिरों, घाटों, धर्मशालाओं और तीर्थस्थलों का पुनर्निर्माण कराया तथा समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया। काशी से लेकर सोमनाथ तक, उनके द्वारा कराए गए निर्माण कार्य आज भी भारतीय संस्कृति और सनातन चेतना की अमिट पहचान हैं। महारानी अहिल्याबाई होलकर का जीवन त्याग, सेवा, धर्म और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण का प्रेरणास्रोत है। उनका व्यक्तित्व आज भी भारतीय नारी शक्ति और सुशासन के लिए सदैव प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति, अपना दल एस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंचायत मंच गोकरण पटेल, डॉ विकास पाल, उमाशंकर पाल, पवन पाल, राजनारायण पटेल, उदयभान पटेल, जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, अजय सिंह, राजकेशर पाल, धर्मेंद्र मिश्र, आमोद सिंह, अंशु मौर्य, राखी सिंह, पुष्पा निषाद, रागिनी सिंह, प्रदीप पटेल, मृगेंद्र सिंह शिवबाबा, शनि शुक्ला, सिद्धार्थ सिंह, अमित चौहान, सिकंदर मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# शौर्य सम्मान' से किया भव्य अभिनंदन

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और स्वाभिमान के आदर्शों पर चलने वाली संस्था 'महाराणा प्रताप सेना-भारत' ने भोजपुरी कला-संस्कृति के विशेषज्ञ अरविंद श्रीवास्तव 'चित्रांश' को 'शौर्य सम्मान' से अलंकृत किया। अरविन्द चित्रांश को हाल ही में भोजपुरी भाषा-साहित्य में 25 वर्षों की विशिष्ट सेवा हेतु नेपाल अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया था। इस उपलब्धि पर आज होटल गरुड़ आजमगढ़ के सभागार में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ने अंगवस्त्र एवं भारत के वीर पुत्र महाराणा प्रताप का चित्र भेंट कर शौर्य सम्मान से सम्मानित करते हुए कहा कि पूर्वांचल के गौरव, आजमगढ़ निवासी अरविंद चित्रांश ने भोजपुरी को विश्व पटल पर विख्यात किया है। नेपाल में मिला सम्मान हम सभी जनपदवासियों के लिए गौरव का क्षण है। येसे त्यागी कभी मरते नहीं, इतिहास बन जाते हैं, जिसमें अरविंद चित्रांश जीवंत उदाहरण हैं। समारोह में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेंद्र सिंह के साथ प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह, संरक्षक कमलकांत सिंह, प्रख्यात लोक गायक बादल सिंह, वरिष्ठ पत्रकार राणा प्रताप सिंह, दिनेश खंडेलिया, मीना यादव, सतीश कुशवाहा, जिलाध्यक्ष सुरेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, विश्व हिंदू परिषद से दिना सिंह,विश्व हिंदू महासभा से अरुण सिंह,महेंद्र सिंह, मिथिलेश सिंह, जवाहर सिंह,अनुराग तिवारी,सुभाष चंद्र शर्मा,सुरेंद्र यादव,अमलेश सिंह, राम पलट विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे। सभी ने चित्रांश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (सुरेरी)** सुल्तानपुर कुटी स्थित श्री राम जानकी मंदिर से सोमवार सुबह भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। धार्मिक आस्था और भक्तिमय वातावरण के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं व श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजक अजय मिश्रा ने पत्नी सहित वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन कर कलश यात्रा को विधिवत रवाना किया। पीले वस्त्र धारण किए महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश रख 'जय श्रीराम' के जयघोष के साथ यात्रा प्रारंभ की। कलश यात्रा श्री राम जानकी मंदिर सुल्तानपुर कुटी से निकलकर नागेश्वर नाथ मंदिर नगेसरा पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके बाद श्रद्धालु वसुही नदी तट पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल भरकर कथा स्थल के लिए प्रस्थान किया गया। पूरे मार्ग में ढोल-नगाड़ों, भक्ति गीतों और जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा तथा यात्रा मार्ग पर आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए गए। वहीं रथ, हाथी-घोड़े एवं आकर्षक झांकियों के साथ बाजार भ्रमण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। आयोजकों के अनुसार नौ दिवसीय श्रीराम कथा का रसपान वृंदावन धाम के प्रख्यात कथा व्यास रामसनेही मिश्र द्वारा कराया जाएगा। कथा प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगी। तथा दशवें दिन भंडारे का आयोजन है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# मेधावी छात्र सम्मान समारोह में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** लखनऊ से आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश स्तर पर मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक जफराबाद जगदीश नारायण राय, एमएलसी ब्रजेश सिंह 'प्रिंसु ', जिलाध्यक्ष मछलीशहर अजीत प्रजापति, जिलाध्यक्ष जौनपुर डा0 अजय सिंह, जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया सहित सम्मानित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं की उपस्थिति में देखा गया तथा मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना गया। इसके उपरांत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनपद स्तरीय मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन कर हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के वर्ष 2026 की हाई स्कूल परीक्षा में श्री राम प्रसाद संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपालपुर सिकरारा के छात्र विजय यादव के द्वारा 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर चतुर्थ स्थान प्राप्त करने पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति-पत्र, चेक व मेडल देकर सम्मानित किया गया। यह पल जनपद के लिए गौरव का क्षण रहा। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 की जनपद स्तरीय मेधा सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। हाई स्कूल परीक्षा में जनपद में पंजीकृत अभ्यर्थियों 77043, परीक्षा में सम्मिलित 73536 जिसमें उत्तीर्ण 66234, उत्तीण प्रतिशत 90.07 रहा। हाईस्कूल (कक्षा-10) की जनपद स्तरीय मेधा सूची में जनता बालिका इंटर कॉलेज, बनगांवपट्टी, बदलापुर के छात्र राजशेखर सिंह ने 95.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं मथुरा प्रसाद उ0मा0वि0, सुरेरी

- हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में जौनपुर के मेधावी विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

के उत्कर्ष पटेल ने 95.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा अनार कली यादव इंटर कॉलेज, बटाउबवीर, ठाकुरगंज के आदित्य यादव ने 95.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त श्री शिव नारायण इंटर कॉलेज, गोपालापुर की वर्षा पटेल ने 94.67 प्रतिशत, श्री राम निरंजन इंटर कॉलेज, कचगांव की अनन्या सिंह ने 94.50 प्रतिशत, हरिहर सिंह पब्लिक स्कूल के हर्षित कुमार यादव ने 94.50 प्रतिशत, जय हिन्द इंटर कॉलेज, तेजीबाजार की साक्षी सिंह ने 94.33 प्रतिशत, राजाराम मेमोरियल इंटर कॉलेज, नौपेड़वा बाजार के कार्तिक गुप्ता ने 94.33 प्रतिशत, श्री शिव गोविंद इंटर कॉलेज, बरहटा, मछलीशहर की आख्या यादव ने 94.17 प्रतिशत तथा राजाराम मेमोरियल इंटर कॉलेज,



नौपेड़वा बाजार की अनुष्का यादव ने 94.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद की मेधा सूची में स्थान बनाया। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में जनपद में पंजीकृत अभ्यर्थियों 76991, परीक्षा में सम्मिलित 73736 जिसमें उत्तीर्ण 54937, उत्तीण प्रतिशत 74.47 रहा। इंटरमीडिएट (कक्षा-12) की जनपद स्तरीय मेधा सूची में राम आधार यादव इंटर कॉलेज, रसूलपुर के छात्र रजनीश श्रीवास्तव ने 91.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्राम विकास इंटर कॉलेज खुटहन के हिमांगिनी यादव ने 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि मो0 हसन इंटर कॉलेज के अनुप पाल एवं नागरिक इंटर कॉलेज, जंघई की अलका मिश्रा ने 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त सरस्वती इंटर कॉलेज, उचगांव के साकेत तिवारी एवं टीडी इंटर कॉलेज की अनुराधा विश्वकर्मा ने 89.80 प्रतिशत, श्री गणेश राय इंटर कॉलेज, डोभी की प्रज्ञा सिंह ने 89.60 प्रतिशत, राम आधार सिंह इंटर कॉलेज, रामपुर दवन सिंह करंजाकला की महक सिंह ने 89.40 प्रतिशत, राम दुलार इंटर कॉलेज, अहमदपुर के शिवम यादव ने 89.20 प्रतिशत तथा अशोक इंटर कॉलेज की अंकिता मौर्या, फौजदार इंटर कॉलेज, मछलीशहर के प्रांजल यादव, नेहरू बालोद्यान इंटर कॉलेज के अभिनव यादव एवं हरिहर सिंह पब्लिक स्कूल की शीतल प्रजापति ने 89.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद की मेधा सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया। समस्त मेधावी छात्रों को विधायक , एमएलसी, जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा चेक, प्रशस्ति-पत्र एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक जफराबाद ने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके सफल परिश्रम की सराहना की तथा उन्हें और उनके परिजनों को शुभकामनाएं देते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। एमएलसी ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार एवं आधुनिकीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसका सकारात्मक परिणाम यह है कि प्रदेश के विद्यार्थी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में माता-पिता, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि जनपद के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं उत्कृष्टता की राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज सम्मानित हो रहे छात्र-छात्राएं जनपद, प्रदेश एवं राष्ट्र का गौरव हैं तथा उनकी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

जिलाध्यक्ष जौनपुर एवं मछलीशहर ने विशेष रुप से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों की यह उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा गया कि सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत एवं प्रतिभा के बल पर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यही छात्र भविष्य में चिकित्सा, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक सेवाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन करेंगे। जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शैक्षणिक उपलब्धियां ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि व्यक्तित्व विकास भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रभावी संवाद कौशल, निर्णय लेने की क्षमता तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने की सलाह देते हुए कहा कि यही गुण उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने में सक्षम बनाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में अभिव्यक्ति क्षमता बढ़ाने, नियमित अध्ययन करने तथा नेतृत्व के अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी मेधावी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही आशा व्यक्त की गई कि ये छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा, ज्ञान और परिश्रम के बल पर जनपद जौनपुर, उत्तर प्रदेश तथा देश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।

## आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया एक्टिव युवा युवा भारत के लिए वेलनेस-फर्स्ट हेल्थ इंश्योरेंस प्लान

**लखनऊ।** आदित्य बिरला कैपिटल की हेल्थ इंश्योरेंस शाखा आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एबीएचआईसीएल) ने आज एक्टिव युवा लॉन्च करने की घोषणा की। यह एक स्वास्थ्य केंद्रित बीमा योजना है, जिसे युवा भारतीयों की बदलती जीवनशैली और वेलनेस जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस प्लान के साथ एक व्यापक वेलनेस प्रोग्राम भी शुरू किया गया है, जो एबीएचआईसीएल के हेल्थरिटर्न्स प्रस्ताव पर आधारित है और लोगों को पोषण, फिटनेस और रिकवरी जैसी रोजमर्रा की स्वस्थ आदतों के लिए पुरस्कृत करता है।



एबीएचआईसीएल अपने हेल्थरिटर्न्स मॉडल के जरिए हेल्थ इंश्योरेंस को हेल्थ एश्योरेंस के रूप में नए सिरे से परिभाषित कर रही है। यह मॉडल रोज 10,000 या उससे ज्यादा कदम चलने या एक ही व्यायाम सत्र में 300 कैलोरी जलाने जैसी गतिविधियों के लिए स्वस्थ जीवनशैली को पुरस्कृत करता है। जो ग्राहक लगातार सक्रिय रहते हैं और जिनका हेल्दी हार्ट स्कोर अच्छा है, वे अपने सालाना प्रीमियम का 100% तक वापस पा सकते हैं। नया एक्टिव युवा प्लान इस सुविधा को और बेहतर बनाता है। यह ईट, मूव और हील, इन तीन आधारों पर बना एक बड़ा रिवॉर्ड प्रोग्राम है, जो सिर्फ शारीरिक गतिविधियों को ही नहीं बल्कि अच्छी और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर भी ग्राहकों को पुरस्कृत करता है। यह लाभ उन ग्राहकों को मिलता है जो न्यूनतम एक्टिव डेज़ की शर्तें पूरी करते हैं।

ईट: जो यूजर महीने में 21 दिन Active Health ऐप पर दिन के कोई भी दो समय के भोजन को लॉग करते हैं, वे अपने मासिक हेल्थरिटर्न्स में 10% का अतिरिक्त लाभ मिल सकता है।

मूव: जो यूजर महीने में औसत 7,500 से ज्यादा कदम चलते हैं या 250 कैलोरी जलाते हैं, वे हर महीने 4 बोनस एक्टिव डेज़ मिल सकते हैं।

हील: जो यूजर महीने में 21 दिन 7 से 8 घंटे की नींद लेते हैं, वे अपने मासिक हेल्थरिटर्न्स में 15% तक की अतिरिक्त लाभ मिल सकता है।

एक्टिव युवा के लॉन्च पर अपनी राय रखते हुए आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मयंक बाथवाल जी ने कहा, 'हेल्थ इंश्योरेंस को बदलती उपभोक्ता जीवनशैली और वेलनेस आदतों के साथ विकसित होना होगा।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक गबन: 645 करोड़ रुपये के घोटाले में ईडी ने की तीसरी बड़ी गिरफ्तारी

**चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा सरकार, चंडीगढ़ प्रशासन और दो निजी स्कूलों से जुड़े 645 करोड़ रुपये के बैंक गबन मामले में तीसरी गिरफ्तारी की है। ईडी ने 29 मई को रियल एस्टेट कारोबारी विक्रम वधवा को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया। उन पर 70 करोड़ रुपये से अधिक की अपराध आय प्राप्त करने का आरोप है।

ईडी की जांच में अब तक 645 करोड़ रुपये के सार्वजनिक धन के गबन का खुलासा हुआ है। यह धन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में रखे खातों से निकाला गया था। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि वधवा ने सह-आरोपियों रिभव ऋषि, अभय कुमार, बैंक अधिकारियों और सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर धन की हेराफेरी की। विक्रम वधवा ने अपराध आय को उत्पन्न करने, घुमाने और छिपाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें 29 मई को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें विशेष अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 02 जून तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने इस मामले में 11 मई को रिभव ऋषि और अभय कुमार को भी गिरफ्तार किया था।

ईडी ने बताया कि वधवा ने अपने निजी खाते में 70 करोड़ रुपये से अधिक की अपराध आय प्राप्त की। इसके अतिरिक्त, उन्हें गबन किए गए धन से बड़ी मात्रा में नकदी भी मिली। उन्होंने इस धन को अपनी विभिन्न संस्थाओं में निवेश किया। साथ ही, कई अचल संपत्तियां भी खरीदीं। कैपको फिनटेक सर्विसेज और स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट्स जैसी कई मध्यस्थ शेल संस्थाओं को सरकारी विभागों से सीधे गबन का धन मिला। इन मध्यस्थ संस्थाओं से सैकड़ों करोड़ रुपये विभिन्न जौहरियों को हस्तांतरित किए गए। जौहरियों ने कथित तौर पर बैंकिंग लेनदेन के बदले नकदी उपलब्ध कराई। रिभव ऋषि और उनके सहयोगियों ने यह नकदी सरकारी अधिकारियों और कारोबारियों को वितरित की। इसमें विक्रम वधवा भी शामिल थे।

## उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में ग्राहक-केंद्रित व्यवसाय निभाएंगे अहम भूमिका : डॉ. पवन अग्रवाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के साथ, ग्राहक-केंद्रित व्यवसायों का निर्माण और मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क विकसित करना सतत विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। यह बात प्रसिद्ध प्रबंधन विशेषज्ञ एवं अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता डॉ. पवन अग्रवाल ने लखनऊ के द सेंट्रम में आयोजित BNI NETCON 2026 के दौरान कही। 900 से अधिक उद्यमियों, पेशेवरों, निर्माताओं और उद्योग जगत के नेताओं को संबोधित करते हुए डॉ. अग्रवाल ने कहा कि ग्राहक संतुष्टि प्रत्येक व्यावसायिक रणनीति का केंद्र बिंदु होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'उत्तर प्रदेश भारत की सबसे तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा परिकल्पित 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। ग्राहक संतुष्टि प्रत्येक



व्यवसाय का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। हर व्यावसायिक गतिविधि ग्राहक-केंद्रित होनी चाहिए और पूर्ण ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करना किसी भी संगठन के प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।' विश्व की सबसे बड़ी बिजनेस नेटवर्किंग और रेफरल संस्था BNI (बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल) द्वारा आयोजित NETCON 2026 का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों के उद्यमियों के बीच सार्थक व्यावसायिक संबंध, रेफरल और रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा देना था। इस आयोजन के माध्यम से 30 करोड़ से अधिक के व्यावसायिक अवसर सृजित होने की संभावना है, जो पिछले संस्करण के माध्यम से उत्पन्न अनुमानित व्यवसाय से दोगुने से भी अधिक है।

संरचित नेटवर्किंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए BNI नॉर्थ लखनऊ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर संजय तिवारी ने कहा, 'आर्थिक विकास का आधार विश्वास पर आधारित संबंध होते हैं। NETCON के माध्यम से हम ऐसा इकोसिस्टम तैयार कर रहे हैं, जहाँ उद्यमी एक-दूसरे से जुड़ सकें, सहयोग कर सकें और साथ मिलकर आगे बढ़ सकें। मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क अवसरों तक पहुंच में आने वाली बाधाओं को कम करते हैं और उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास में सार्थक योगदान देते हैं।'

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड लखनऊ के 50 स्टूडेंट्स जेईई एडवांस्ड 2026 के लिए क्वालिफ़ाई हुए



**लखनऊ।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ लिमिटेड (एईएसएल), भारत का लीडिंग टेस्ट तैयारी इंस्टिट्यूट, देश के सबसे कॉम्पिटिटिव इंजीनियरिंग एंट्रेंस एग्जाम में से एक, जेईई एडवांस्ड 2026 में अपने स्टूडेंट्स के शानदार परफॉर्मेंस की गर्व से घोषणा करता है। रिजल्ट आज घोषित किए गए। लखनऊ रीजन के कुल 50 स्टूडेंट्स ने जेईई एडवांस्ड 2026 को सफलतापूर्वक क्वालिफाई किया है, जो उनकी कड़ी मेहनत, लगन और एकेडमिक एक्सीलेंस के प्रति कमिटमेंट को दिखाता है। यह अचीवमेंट एईएसएल के स्ट्रक्चर्ड लर्निंग इकोसिस्टम, एक्सपीरियंस्ड फैकल्टी और एग्जाम की तैयारी के लिए स्टूडेंट-सेंट्रिक अप्रोच के असर को भी दिखाता है। सेंटर के टॉप परफॉर्मर्स में, आकाश इंस्टीट्यूट लखनऊ के स्टूडेंट्स ने जेईई एडवांस्ड 2026 में बहुत अच्छा परफॉर्म किया। राणा शत्रुजीत ने एआईआर 782, गौरिका माही ने एआईआर 1819, शौर्य जायसवाल ने एआईआर 2550, साक्ष्य वंश ने एआईआर 2916, प्रसिद्ध जैन ने एआईआर 4054, अक्षांश पटेल एआईआर 4100, और रुद्र विश्वकर्मा ने 4171, अंशिका अग्रहरि 4874, नितांत त्रिपाठी एआईआर 4876, ऋषभ गुप्ता एआईआर 4481हासिल करके इंस्टीट्यूट और शहर का नाम रोशन किया। स्टूडेंट्स को एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम में एनरोल किया गया, जो जेईई एडवांस्ड जैसे बहुत ज़्यादा कॉम्पिटिटिव एग्जाम में अच्छा करने के लिए ज़रूरी कॉन्सेप्चुअल क्लैरिटी, एनालिटिकल थिंकिंग और प्रॉब्लम-सॉल्विंग स्किल्स बनाने पर फोकस करता है।

## सचिन तेंदुलकर ने सराहा तनिष्क का गोल्ड एक्सचेंज के प्रति पारदर्शी अंदाज़, जिससे ग्राहकों को मिलता है उनके सोने का बेहतरीन मूल्य

भारत के सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड और टाटा समूह के एक सदस्य, तनिष्क ने क्रिकेट जगत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर के साथ अपनी नवीनतम 'गोल्ड एक्सचेंज' पहल की शुरुआत की है। इसका मुख्य उद्देश्य तनिष्क के पारदर्शी तौर-तरीकों और ग्राहकों को मिलने वाले उस भरोसे को सामने लाना है, जिसने इसे भारत में गोल्ड एक्सचेंज का सबसे पसंदीदा नाम बनाया है।

पिछले तीन दशकों से भी अधिक समय से, 'गोल्ड एक्सचेंज' तनिष्क की सेवाओं का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। यह ग्राहकों को अपने पुराने गहनों का सबसे सही और बेहतर दाम दिलाने में मदद करता है, जिससे वे बदलते फैशन और लाइफस्टाइल के अनुसार सोने और हीरे के नए व आधुनिक डिज़ाइनों को अपना सकें। आज, 36 लाख से अधिक ग्राहक तनिष्क के गोल्ड एक्सचेंज से जुड़ चुके हैं, जो इसे देश में सबसे बड़े और सबसे ज़्यादा अपनाए जाने वाले एक्सचेंज प्लेटफॉर्म्स में से एक बनाता है। तनिष्क में, गोल्ड एक्सचेंज की पूरी बुनियाद भरोसा, पारदर्शिता और ग्राहकों के विश्वास पर टिकी है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उन्हें हमेशा अपने पुराने सोने का अधिकतम मूल्य मिले। अब जब यह गोल्ड एक्सचेंज हर जगह आम बात हो चुका है, तो तनिष्क ग्राहकों को बताना चाहता है कि सिर्फ एक्सचेंज की सुविधा देना काफी नहीं है; बल्कि असली फर्क इस बात से पड़ता है कि ग्राहकों को इस प्रक्रिया के हर कदम पर पूरी जानकारी मिले, वे सुरक्षित महसूस करें और उन्हें मिलने वाले अंतिम एक्सचेंज मूल्य पर पूरा भरोसा हो। कई भारतीय परिवारों के लिए, शादियों और जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों से जुड़ी आभूषणों की खरीदारी दिल के बहुत करीब और होती है, और इसे अक्सर टाला नहीं जा सकता। ऐसे में, जब ग्राहक आभूषण खरीदने के लिए अधिक समझदारी भरे और सही मूल्य दिलाने वाले तरीकों की तलाश कर रहे हैं, तो 'गोल्ड एक्सचेंज' एक ऐसे बेहतरीन समाधान के रूप में उभर रहा है, जो ग्राहकों को अपने घर में रखे सोने से सही मूल्य दिलाने में मदद करता है, ताकि वे जीवन के इन महत्वपूर्ण अवसरों को बिना किसी समझौते के मनाना जारी रख सकें।

इस पहल पर बात करते हुए, टाइटन कंपनी लिमिटेड के ज्वेलरी डिवीजन के सीईओ, श्री अरुण नारायण ने कहा, 'गोल्ड एक्सचेंज मूल रूप से पूरी तरह भरोसे पर आधारित फैसला है, क्योंकि ग्राहक उन गहनों को हमारे पास लाते हैं जिनका उनके लिए भावनात्मक और वित्तीय दोनों तरह का गहरा महत्व होता है। तनिष्क में, हमने दशकों से अपनी गोल्ड एक्सचेंज प्रक्रिया को पारदर्शिता, विश्वसनीयता और ग्राहकों के विश्वास के मजबूत स्तंभों पर खड़ा किया है। अब जब यह कैटेगरी हर जगह आम होती जा रही है, तो हम ग्राहकों को बताना चाहते हैं कि असली अंतर सिर्फ एक्सचेंज की सुविधा होना नहीं, बल्कि खुद इस पूरी प्रक्रिया पर ग्राहकों का भरोसा होना होगा। यह पहल उन प्रणालियों, सुरक्षा उपायों और पारदर्शिता के तरीकों को दर्शाती है जो तनिष्क को गोल्ड एक्सचेंज के लिए भारत का सबसे भरोसेमंद ठिकाना बनाए रखते हैं।' तनिष्क के साथ इस सहयोग पर बात करते हुए, श्री सचिन तेंदुलकर ने कहा, 'भारत में, सोने की एक गहरी भावनात्मक अहमियत है, जो जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पलों, विशेष रूप से शादियों और पारिवारिक उत्सवों से जुड़ा हुआ है। इसलिए, जब लोग सोना खरीदते या बदलते हैं, तो उनके मन में विश्वास और सहजता लाने के लिए भरोसा और पारदर्शिता बेहद ज़रूरी है।

## पत्रकारों और कंटेंट क्रिएटर्स के लिए नई गाइड, मानव-वन्यजीव संघर्ष से परे सह-अस्तित्व की कहानियां सामने लाने की प्रेरणा देती है

**लखनऊ।** क्लाइमेट नैरेटिव हब (सीएनएच), जो दसरा और मोमेंटम शिफ्ट्स की पहल है और रेनमैटर फाउंडेशन के सहयोग से संचालित है, ने पत्रकारों और कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एक नई गाइड जारी की है। यह गाइड उन लोगों के लिए है जो मानव-वन्यजीव से जुड़ी कहानियों को कवर करते हैं। आमतौर पर ऐसी रिपोर्टिंग में मृत्यु या हमलों जैसे संघर्ष के पहलुओं पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है, लेकिन यह गाइड बताती है कि ऐसा नजरिया अक्सर यह समझने में कमी छोड़ देता है कि इंसान और वन्यजीव एक ही स्थान पर कैसे साथ रहते हैं।नेटवर्क फॉर कंजर्विंग सेंट्रल इंडिया, वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसाइटी-इंडिया, को-एक्सिस्टेंस कंसोर्टियम, द कॉर्बेट फाउंडेशन, विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी और द नेचर कंजर्वेंसी-इंडिया सहित कई संगठनों, पत्रकारों और संपादकों के साथ मिलकर तैयार की गई यह गाइड रिपोर्टर्स को अपनी कहानी कहने के तरीके को और व्यापक बनाने के लिए प्रेरित करती है। इसमें बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष के पीछे के कारणों को समझने पर जोर दिया गया है।यह संसाधन सह-अस्तित्व के पहलुओं को भी शामिल करने के लिए प्रेरित करता है, जैसे कि समुदाय अपने व्यवहार में कैसे बदलाव लाते हैं, अपनी गलतियों से क्या सीखते हैं, और वन्यजीव के साथ रहते हुए जोखिम को कम करने के लिए कौन-सी रणनीतियां अपनाते हैं।दसरा की कम्युनिकेशन कंसल्टेंट विशाखा जॉर्ज ने कहा, 'हमारे जंगल, उनकी जैव विविधता और वहां रहने वाले समुदायों से जुड़ी कई ऐसी कहानियां हैं जो अक्सर सामने नहीं आ पातीं। अगर इन्हें ज्यादा सोच-समझकर और संवेदनशील तरीके से बताया जाए, तो यह लोगों को प्रकृति से जोड़ सकती हैं और बातचीत को इस दिशा में ले जा सकती हैं कि हम समुदायों और वन्यजीव दोनों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करें। हमें उम्मीद है कि यह रिसोर्स बेहतर और जिम्मेदार स्टोरीटेलिंग को बढ़ावा देगा, जहां भाषा, डेटा और किनकी आवाज़ शामिल हो रही है, इन सब पर ध्यान दिया जाएगा।'

## साल में एक लंबी छुट्टी के बजाए कई छोटी यात्राएं पसंद कर रही है जेन जेड पीढ़ी: एयरबीएनबी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत की जेन जेड पीढ़ी यात्रा के पारंपरिक तौर-तरीकों को बदल रही है। साल में एक लंबी छुट्टी के बजाय, अब यह पीढ़ी अपनी पसंद और अचानक बनने वाले प्लान के अनुसार यात्राओं को तरजीह दे रही है।एयरबीएनबी की नई रिपोर्ट 'नेवर द सेमः द न्यू रूल्स ऑफ जेन जेड ट्रेवल इन इंडिया' के अनुसार, जेन जेड के लिए यात्रा केवल घूमने-फिरने का साधन नहीं, बल्कि अपनी पहचान और व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करने का माध्यम बन चुकी है।

एयरबीएनबी के भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के कंट्री हेड अमनप्रीत बजाज ने कहा, 'जेन जेड के लिए यात्रा जितनी नई जगहों और अनुभवों को खोजने का माध्यम है, उतनी ही खुद को अभिव्यक्त करने का भी जरिया है। यही बात उन्हें सबसे अधिक सोच-समझकर और उद्देश्यपूर्ण तरीके से यात्रा करने वाला यात्री वर्ग बनाती है। इस पीढ़ी की खासियत यह नहीं है कि वे कितनी बार यात्रा करते हैं, बल्कि यह है कि वे यात्रा क्यों करते हैंताकि वे खुद को और बेहतर ढंग से महसूस कर सकें। एयरबीएनबी पर हम देख रहे हैं कि इस पीढ़ी के लिए यात्रा उनके जीवन के सबसे व्यक्तिगत फैसलों में से एक बन गई है। वे कहां जाते हैं, किसके साथ जाते हैं और सबसे महत्वपूर्ण, कहां ठहरते हैं, इन सभी विकल्पों के जरिए वे अपनी पहचान व्यक्त करते हैं। एयरबीएनबी इसी बदलती सोच और यात्रा शैली के अनुरूप बना है। यह बदलाव भारत को नए नजरिए से देखने, समझने और खोजने के अवसरों का एक नया अध्याय खोल रहा है।'

कई दशकों तक भारतीयों के लिए छुट्टियों का मतलब साल में एक बड़ी यात्रा हुआ करता था, जिसकी योजना महीनों पहले बनाई जाती थी और जिसके लिए पहले से बचत की जाती थी। लेकिन जेन जेड ने इस परंपरागत सोच को पूरी तरह बदल दिया है।रिपोर्ट के अनुसार, 10 में से 7 जेन जेड यात्री साल में एक लंबी छुट्टी की बजाय तीन छोटी यात्राएं करना पसंद करते हैं, जबकि 87% एक सप्ताह से कम अवधि की यात्राओं को प्राथमिकता देते हैं।एयरबीएनबी के आंकड़े भी युवा भारतीयों की यात्रा संबंधी बदलती पसंद को दर्शाते हैं। गर्मियों के दौरान भारतीय जेन जेड द्वारा की गई खोजों में साल-दर-साल 30% से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, 2 से 6 रातों की छोटी यात्राएं सबसे तेजी से बढ़ने वाला ट्रैवल फॉर्मेट बनकर उभरी हैं, जिनमें घरेलू यात्राओं के लिए लगभग 80% की बढ़ोतरी देखी गई है। यात्रा अब इस पीढ़ी के लिए कोई ऐसा कार्यक्रम नहीं रह गई है जिसकी योजना महीनों पहले बनाई जाए। इसके बजाय, यह तनाव से राहत पाने, अचानक मिले खाली वीकेंड का लाभ उठाने या किसी दोस्त के एक साधारण 'चलो घूमने चलते हैं' कहने पर लिया गया सहज फैसला बन गई है।

## इन्फिनिटी लर्न का हाइब्रिड एडवांटेज, जेईई एडवांस्ड 2026 में शानदार प्रदर्शन



**लखनऊ।** श्री चैतन्या द्वारा संचालित इन्फिनिटी लर्न, भारत का अग्रणी हाइब्रिड लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म, ने जेईई एडवांस्ड 2026 परीक्षा में एक बार फिर बेहतरीन परिणाम हासिल किए हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों लर्निंग फ़ॉर्मेट्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए, इन्फिनिटी लर्न ने यह साबित किया है कि उसका हाइब्रिड मॉडल देश के सबसे कठिन और प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं में से एक जेईई एडवांस्ड में छात्रों को सफलता दिलाने में बेहद प्रभावी है। यह परीक्षा IITs और IIITs जैसे शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों में, इन्फिनिटी लर्न के ऑनलाइन छात्र जय सोमानी ने शानदार ऑल इंडिया रैंक (AIR) 377 हासिल की। संस्थान की उपलब्धियों में और इज़ाफ़ा करते हुए, श्री चैतन्या अकादमी वाराणसी के ऑफलाइन छात्र शशांक मौर्य ने AIR 500 प्राप्त की, जबकि श्री चैतन्या अकादमी बेंगलुरु के छात्र निशांक व्यास ने AIR769 हासिल की। ये लगातार मिल रहे परिणाम इस बात का प्रमाण हैं कि श्री चैतन्या की चार दशकों की शैक्षणिक उत्कृष्टता और इन्फिनिटी लर्न के टेक्नोलॉजीआधारित हाइब्रिड मॉडल का संयोजन छात्रों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में सफलता दिला रहा है। निरंतर विकास की इस यात्रा पर टिप्पणी करते हुए, सुषमा बोप्पना, सीईओ एंड डायरेक्टर, श्री चैतन्या एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस और इन्फिनिटी लर्न की फाउंडर ने कहाः 'हमें बेहद गर्व है कि इन्फिनिटी लर्न शिक्षा जगत में एक भरोसेमंद नाम के रूप में उभर रहा है, जो हर साल डिजिटल और क्लासरूम दोनों वातावरणों में लगातार परिणाम दे रहा है और छात्रों की सफलता की कहानियाँ बना रहा है।

## एलन लखनऊ क्लासरूम स्टूडेंट अनवेश पटेल एआईआर-68 के साथ लखनऊ सिटी टॉपर

**लखनऊ।** आईआईटी रुड़की की ओर से जारी जेईई एडवांस्ड 2026 के रिजल्ट्स में एलन लखनऊ स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। एलन लखनऊ के क्लासरूम स्टूडेंट अनवेश पटेल ने ऑल इंडिया रैंक-68 प्राप्त कर लखनऊ टॉप किया है। रिजल्ट जारी होने के साथ ही एलन में खुशियों के ढोल बज गए। शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी और मुंह मीठा करवाया।

एलन उत्तर प्रदेश के अकेडमिक हेड विनोद शर्मा ने बताया कि एलन बेहतर रिजल्ट्स के लिए जाना जाता है और अपनी इसी पहचान को कायम रखते हुए एलन ने लखनऊ में भी श्रेष्ठ परिणाम दिए हैं। संस्था के पहले द्विवार्षिक बैच में ही ऑल इंडिया बेहतर रैंक प्राप्त की है। अनवेश पटेल के साथ शशांक ने एआईआर-455 तथा अविशि पांडे ने एआईआर 1246 प्राप्त की है। एलन



के ये परिणाम लखनऊ के विद्यार्थियों और अभिभावकों को परिलक्षित करता है।

नेशनल रिजल्ट्स में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने लगातार तीसरे वर्ष ऑल इंडिया रैंक-1 देकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इन रिजल्ट्स के साथ एलन ने अब तक आईआईटी-जेईई में 7 बार ऑल इंडिया रैंक-1 दिए हैं तथा अपने इतिहास में दूसरी बार ऑल इंडिया रैंक-1, 2 और 3 को दोहराया है। इससे पहले वर्ष 2016 में भी एलन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। एलन के विद्यार्थियों ने देश की टॉप-10 रैंक में से 6, टॉप 50 में 24 क्लासरूम स्टूडेंट्स रहे है, इसके साथ टॉप-100 में 41 स्थान प्राप्त किए हैं। देशभर में एलन की सफलता की अगुवाई एलन के कोटा क्लासरूम स्टूडेंट शुभम कुमार ने की। शुभम ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की। श्रेष्ठता के दौर को जारी रखते हुए एलन के ही क्लासरूम स्टूडेंट कबीर छिल्लर ने 360 में से 329 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-2 तथा जतिन चाहर ने 319 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-3 प्राप्त की। इसके साथ ही ऑल इंडिया गर्ल्स टॉपर आरोही देशपांडे भी एलन कोटा क्लासरूम से है। आरोही ने 280 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-77 प्राप्त की है।

## इन्फिनिटी लर्न का हाइब्रिड एडवांटेज, जेईई एडवांस्ड 2026 में शानदार प्रदर्शन



**लखनऊ।** श्री चैतन्या द्वारा संचालित इन्फिनिटी लर्न, भारत का अग्रणी हाइब्रिड लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म, ने जेईई एडवांस्ड 2026 परीक्षा में एक बार फिर बेहतरीन परिणाम हासिल किए हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों लर्निंग फ़ॉर्मेट्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए, इन्फिनिटी लर्न ने यह साबित किया है कि उसका हाइब्रिड मॉडल देश के सबसे कठिन और प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं में से एक जेईई एडवांस्ड में छात्रों को सफलता दिलाने में बेहद प्रभावी है। यह परीक्षा IITs और IIITs जैसे शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों में, इन्फिनिटी लर्न के ऑनलाइन छात्र जय सोमानी ने शानदार ऑल इंडिया रैंक (AIR) 377 हासिल की। संस्थान की उपलब्धियों में और इज़ाफ़ा करते हुए, श्री चैतन्या अकादमी वाराणसी के ऑफलाइन छात्र शशांक मौर्य ने AIR 500 प्राप्त की, जबकि श्री चैतन्या अकादमी बेंगलुरु के छात्र निशांक व्यास ने ढ्क769 हासिल की। ये लगातार मिल रहे परिणाम इस बात का प्रमाण हैं कि श्री चैतन्या की चार दशकों की शैक्षणिक उत्कृष्टता और इन्फिनिटी लर्न के टेक्नोलॉजीआधारित हाइब्रिड मॉडल का संयोजन छात्रों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में सफलता दिला रहा है। निरंतर विकास की इस यात्रा पर टिप्पणी करते हुए, सुषमा बोप्पना, सीईओ एंड डायरेक्टर, श्री चैतन्या एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस और इन्फिनिटी लर्न की फाउंडर ने कहाः 'हमें बेहद गर्व है कि इन्फिनिटी लर्न शिक्षा जगत में एक भरोसेमंद नाम के रूप में उभर रहा है, जो हर साल डिजिटल और क्लासरूम दोनों वातावरणों में लगातार परिणाम दे रहा है और छात्रों की सफलता की कहानियाँ बना रहा है।

## आइस मेक का चौथी तिमाही का राजस्व रिकॉर्ड 256 करोड़ पर पहुंचा

**लखनऊ।** आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही और पूरे वर्ष के लिए मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज करते हुए अब तक का सर्वाधिक तिमाही राजस्व हासिल किया है। कंपनी ने औद्योगिक एवं वाणिज्यिक रेफ्रिजरेशन क्षेत्र में बढ़ती मांग, कोल्ड चेन अवसंरचना के विस्तार तथा नए उत्पादों की मजबूत स्वीकार्यता के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। पूरे वित्तीय वर्ष 2026 (FY 26) में कंपनी का समेकित राजस्व बढ़कर 668.20 करोड़ हो गया, जो वित्तीय वर्ष 25 के 479.52 करोड़ की तुलना में 39.3% अधिक है। यह वृद्धि कंपनी के पारंपरिक रेफ्रिजरेशन व्यवसाय के साथ-साथ नए उत्पाद वर्गों–कंटीन्यूअस पैनल, चेस्ट फ्रीजर और विजी कूलर–में मिली मजबूत मांग के कारण संभव हुई।

इस अवसर पर कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर चंद्रकांत पी. पटेल ने कहा कि ' वित्तीय वर्ष 2026 आइस मेक के लिए परिवर्तन और भविष्य की तैयारी का वर्ष रहा। उन्होंने कहा कि कंपनी ने विनिर्माण क्षमता, उत्पाद पोर्टफोलियो, वितरण नेटवर्क और नेतृत्व विकास में





महत्वपूर्ण निवेश किए हैं, जो आने वाले वर्षों में विकास और लाभप्रदता को गति देंगे।'

वहीं, कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि ' वर्ष के दौरान सभी व्यवसायिक खंडों में मजबूत वृद्धि देखने को मिली। उन्होंने कहा कि चेस्ट फ्रीजर, विजी कूलर और कंटीन्यूअस पैनल जैसे नए उत्पाद भविष्य में कंपनी के प्रमुख विकास इंजन बनने की क्षमता रखते हैं।' कंपनी का समेकित परिचालन राजस्व वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 255.85 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 180.35 करोड़ की तुलना में 41.8% अधिक है। वहीं, वित्त वर्ष 2025-26 की तृतीय तिमाही के ?153.36 करोड़ के मुकाबले राजस्व में लगभग 67% की तिमाही-दर-तिमाही वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी के अनुसार यह वृद्धि मजबूत ऑर्डर निष्पादन तथा व्यवसाय की मौसमी प्रकृति को दर्शाती है। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2026 (FY 26 ) के लिए 2.25 प्रति इक्विटी शेयर (?10 अंकित मूल्य पर 22.5%) के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है, जिसे आगामी वार्षिक आम सभा में शेयरधारकों की स्वीकृति के लिए रखा जाएगा।

हालांकि राजस्व के स्तर पर कंपनी ने रिकॉर्ड प्रदर्शन किया, लेकिन लाभप्रदता पर रणनीतिक निवेशों का प्रभाव देखने को मिला।

वित्तीय वर्ष 26 में कंपनी का ईबीआईटीडीए ?46.04 करोड़ रहा, जबकि ईबीआईटीडीए मार्जिन वित्तीय वर्ष 25 के 9.1% से घटकर 6.9% रहा। वहीं, समेकित शुद्ध लाभ वित्तीय वर्ष 2025 के 22.90 करोड़ के मुकाबले वित्तीय वर्ष 26 में 12.13 करोड़ रहा। कंपनी के अनुसार, लाभप्रदता पर दबाव का प्रमुख कारण विनिर्माण क्षमता विस्तार, नेतृत्व एवं मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण, वेयरहाउस नेटवर्क विस्तार, ब्रांड निर्माण गतिविधियां, नई श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन से जुड़े प्रावधान, ऊर्जा लेबल परिवर्तन तथा बीआईएस अनुपालन से संबंधित खर्च रहे।

भारत में कोल्ड चेन, खाद्य प्रसंस्करण, फार्मास्यूटिकल, रिटेल और औद्योगिक रेफ्रिजरेशन क्षेत्रों में बढ़ती मांग को देखते हुए कंपनी को आगामी वर्षों में मजबूत विकास की उम्मीद है।

## रीजेंसी हेल्थ कानपुर के डॉक्टरों ने तंबाकू से हुए एडवांस्ड ओरल कैंसर का किया इलाज़



**कानपुर।** रीजेंसी हेल्थ कानपुर ने बताया है कि तंबाकू से होने वाले मुंह के कैंसर यानी ओरल कैंसर से पीड़ित 51 साल के एक मरीज़ की जीवन की गुणवत्ता में यहां के डॉक्टरों द्वारा काफ़ी सुधार किया गया है। कैंसर दुबारा होने के बाद मरीज का ऑपरेशन करना संभव नहीं था, लेकिन एडवांस्ड इलाज से उसे काफ़ी राहत मिली। यह मामला तंबाकू के लंबे समय के सेवन से होने वाले गंभीर खतरों और जटिल कैंसर मामलों में नई थेरेपी की बढ़ती अहमियत को दिखाता है। मरीज करीब 14 साल तक धूम्रपान और तंबाकू चबाने का आदी था। 44 साल की उम्र में उसके मुंह में ल्यूकोप्लाकिया नाम का सफेद धब्बा दिखाई दिया। यह सफ़ेद धब्बा ओरल कैंसर की शुरुआती चेतावनी माना जाता है। डॉक्टरों की सलाह और कैंसर के खतरे की जानकारी मिलने के बावजूद उसने तंबाकू छोड़ने और नियमित जांच कराने पर ध्यान नहीं दिया। 46 साल की उम्र में उसे मुंह में दर्दनाक छाले, खाना चबाने में दिक्कत और लगातार दर्द रहने लगा। जांच और बायोप्सी में बुक्कल म्यूकोसा का स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा पाया गया। ओरल कैंसर का यह प्रकार भारत में तंबाकू से जुड़ा सबसे प्रचलित कैंसर है। मरीज़ की इससे पहले अप्रैल 2021 में मॉडिफाइड नेक डाइसेक्शन और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी के साथ वाइड लोकल एक्सिशन हुआ था। इसके बाद एडजुवेंट रेडिएशन थेरेपी हुई। हालांकि शुरु में थोड़ा सुधार दिखा, लेकिन 2022 में बीमारी फिर से हो गई। इस बार बुक्कल म्यूकोसा और सर्वाइकल लिम्फ नोड्स भी प्रभावित थे। इसलिए इसमें सर्जरी करना सुरक्षित नहीं माना गया। दुबारा कैंसर होने पर मरीज़ को मुंह में बहुत दर्द, मुंह खोलने में दिक्कत, ठोस खाना न खा पाना, लिक्विड पीने में भी दिक्कत, और पोषण में काफी कमी महसूस हुई।

# नेपाल से कुशीनगर तक फैला ठगी का जाल, पुलिस-एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में बड़ा खुलासा

- 453 नेपाली नागरिकों को बनाए थे शिकार, अंतरराष्ट्रीय ठगी गिरोह का भंडाफोड़
- नौकरी, पढ़ाई और नेटवर्क मार्केटिंग में मोटी कमाई का सपना दिखाकर वसूलते थे लाखों रुपये, 10 गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में आरोपी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** सीमावर्ती जिले कुशीनगर में संचालित एक अंतरराष्ट्रीय ठगी गिरोह का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। नेपाल के नागरिकों को नौकरी, पढ़ाई और नेटवर्क मार्केटिंग के नाम पर सुनहरे सपने दिखाकर ठगी करने वाले गिरोह के 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह के चंगुल में फंसे 453 नेपाली नागरिकों को सकुशल उनके देश वापस भेजा गया है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह नेपाल के आर्थिक रूप से कमजोर और कम पढ़े-लिखे लोगों को निशाना बनाता था। उन्हें बेहतर रोजगार और अधिक आय का लालच देकर कुशीनगर बुलाया जाता था। यहां फर्जी दस्तावेजों और कूटरचित बॉन्ड पेपरों के सहारे विश्वास में लेकर उनसे विभिन्न मदों में मोटी रकम वसूली जाती थी। संयुक्त छापेमारी में पुलिस ने नौ फर्जी आधार कार्ड, 60 बॉन्ड पेपर, लैपटॉप, आभूषण, भारतीय और नेपाली मुद्रा समेत कई महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि ठगी से प्राप्त धन को गिरोह के सदस्य आपस में बांट लेते थे।

पुलिस का मानना है कि यह नेटवर्क नेपाल के कई जिलों तक फैला हुआ है और इसके तार अन्य राज्यों व देशों से भी जुड़े हो सकते हैं। मामले की गहन जांच जारी है। इस कार्रवाई में थाना कसया पुलिस, स्वाट टीम, सर्विलांस सेल तथा एसटीएफ गोरखपुर यूनिट की टीमों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरोह के नेटवर्क और आर्थिक लेन-देन की भी जांच की जा रही है तथा मामले में अन्य संलिप्त व्यक्तियों की तलाश जारी है।

## फर्जी आधार और बॉन्ड पेपर बनते थे ठगी का हथियार

**कुशीनगर।** पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि गिरोह पहले से तैयार फर्जी आधार कार्ड और बॉन्ड पेपर का इस्तेमाल कर पीड़ितों को विश्वास में लेता था। नौकरी या पढ़ाई दिलाने के नाम पर उनसे दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए जाते थे और विभिन्न शुल्कों के नाम पर रकम वसूली जाती थी। बरामद नौ फर्जी आधार कार्ड और 60 बॉन्ड पेपर इस बात की पुष्टि करते हैं कि गिरोह लंबे समय से योजनाबद्ध तरीके से लोगों को जाल में फंसा रहा था। जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि फर्जी दस्तावेज तैयार करने के पीछे कौन लोग शामिल हैं। अभियुक्तों के पास से 09 फर्जी आधार कार्ड, 60 बॉन्ड पेपर, 01 लैपटॉप, भारतीय मुद्रा 60,320, नेपाली मुद्रा 14,290, सोने-चांदी जैसी धातु की कई अंगूठियां, जॉर्डन का एक दीनार, नेटवर्क संचालन से जुड़े दस्तावेज और डायग्राम बरामद हुई है।

## संसाधन नहीं तो कार्य नहीं पंचायत सहायकों ने किया आंदोलन, सौंपा मांगपत्र

**कुशीनगर।** पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन के बैनर तले जिले के पंचायत सहायकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। पंचायत सहायकों ने सोमवार को अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव तथा जिला पंचायतराज अधिकारी आलोक कुमार प्रियदर्शी को 15 सूत्रीय मांगपत्र सौंपते हुए कार्य बहिष्कार की घोषणा कर दी।

पदाधिकारियों के अनुसार संसाधनों की उपलब्धता न होने के कारण 1 जून से पंचायत सहायकों ने मोबाइल आधारित सभी कार्यों और ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया का बहिष्कार शुरू कर दिया है। आंदोलन का मुख्य नारा 'संसाधन नहीं, तो कार्य नहीं' रखा गया है। पंचायत सहायकों की प्रमुख मांगों में मानदेय बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रतिमाह करना, मानदेय का भुगतान डीबीटी के माध्यम से सुनिश्चित करना, स्थायी सेवा नियमावली लागू करना, महिला पंचायत सहायकों के लिए स्थानांतरण नीति बनाना तथा रिक्त पदों पर भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना शामिल है।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल से सटा सार्वजनिक शौचालय बदहाल, स्वच्छता दावों की खुली पोल

अशोक द्विवेदी




**तमकुहीराज, कुशीनगर (अवधनामा संवाददाता)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंगलवार सुबह प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासनिक अमला युद्धस्तर पर तैयारियों में जुटा है। सड़क, सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है, लेकिन कार्यक्रम स्थल के ठीक बगल में स्थित एनएचएआई का सार्वजनिक शौचालय बदहाली और उपेक्षा का शिकार बना हुआ है।

हजारों लोगों की संभावित मौजूदगी वाले स्थल के समीप स्थित इस शौचालय के मुख्य द्वार पर ताला लटका है। भवन जर्जर हालत में है और आसपास सफाई व सुंदरीकरण का भी अभाव है। ऐसे में करोड़ों रुपये के स्वच्छता अभियान और जनसुविधाओं के सरकारी दावों पर सवाल उठना स्वाभाविक है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री के आगमन से पहले भी यदि इस सार्वजनिक सुविधा की सुध नहीं ली गई तो सामान्य दिनों में यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

लोगों ने एनएचएआई और कार्यदायी संस्था की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं। जानकारी के अनुसार कसया से बिहार सीमा स्थित बहादुरपुर चौकी तक हाईवे के रखरखाव की जिम्मेदारी गणेश बिल्डर्स के पास है। इसके बावजूद कार्यक्रम स्थल के निकट स्थित शौचालय की दुर्दशा निगरानी व्यवस्था की पोल खोल रही है। मामले में गोरखपुर स्थित परियोजना निदेशक (पीडी) से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र से बाहर होने के कारण उनका पक्ष समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सका। अब देखना यह है कि मुख्यमंत्री के आगमन से पहले संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारी इस बदहाल सार्वजनिक सुविधा की सुध लेते हैं या नहीं। फिलहाल यह शौचालय सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर का प्रतीक बनकर खड़ा है।

# कुशीनगर में मुख्यमंत्री योगी का दौरा आज, करोड़ों रुपए की परियोजनाओं का देंगे सौगात

- मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर डीएम-एसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री के आज 02 जून को प्रस्तावित जनपद आगमन के मद्देनजर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने रविवार को तमकुहीराज क्षेत्र के हरिहरपुर स्थित कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने हेलीपैड निर्माण, पार्किंग व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, मंच, टेंट, बैरिकेडिंग तथा सुरक्षा व्यवस्था सहित विभिन्न तैयारियों का गहन अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि कार्यक्रम में आने वाले जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमजन की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए तथा यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था सुचारु एवं व्यवस्थित बनी रहे। निरीक्षण के उपरांत कार्यक्रम स्थल पर ही संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां तय की गईं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने तथा सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम से संबंधित प्रत्येक व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## दिशा वेलफेयर सोसायटी ने चलाया जन-जागरूकता अभियान, तंबाकू मुक्त समाज का संकल्प

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर दिशा वेलफेयर सोसायटी द्वारा हल्लौर में एक वृहद जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान सोसायटी के स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों को तंबाकू और धूम्रपान से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी खतरों के प्रति सचेत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसायटी के अध्यक्ष राहिब रिज़वी ने की। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित दंत चिकित्सक डॉ. साजिद हुसैन ने बताया कि प्रतिवर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य तंबाकू सेवन से होने वाले वैश्विक स्वास्थ्य संकट को नियंत्रित करना है। उन्होंने बताया कि विश्व स्तर पर हर साल 70 लाख से अधिक लोग तंबाकू के सेवन से असमय काल के गाल में समा जाते हैं, जिनमें लगभग 8,90,000 लोग वे हैं जो स्वयं धूम्रपान नहीं करते।

# सिधुआ पीठ के उत्तराधिकारी बने राजनाथ, आज वार्षिकोत्सव में जुटेंगे हजारों श्रद्धालु

- वैदिक मंत्रों के बीच और संतों के सानिध्य में सिधुआ स्थान को मिला नया उत्तराधिकारी



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पडरौना नगर सीमा से सटे प्राचीन एवं आस्था के केंद्र सिधुआ स्थान मे सोमवार को आध्यात्मिक परंपरा, श्रद्धा और सनातन संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और संत-महात्माओं के जयघोष के बीच महंत राजनाथ जी को सिधुआ स्थान का उत्तराधिकारी महंत घोषित कर विधिवत गद्दी पर आसीन कराया गया। इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने के लिए क्षेत्र सहित दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

समारोह में विभिन्न मठों एवं मंदिरों से आए महंतों, साधु-संतों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में वैदिक रीति-रिवाजों के साथ उत्तराधिकार की रस्म पूरी की गई। सिधुआ स्थान के वर्तमान महंत योगेश्वरनाथ ने अपने पुत्र राजनाथ को चादर ओढ़ाकर एवं आशीर्वाद देकर गद्दी पर विराजमान कराया। उपस्थित संत-महात्माओं ने तिलक लगाकर अंगवस्त्र भेंट किया और उनके उज्ज्वल आध्यात्मिक नेतृत्व की कामना की। बतादे कि सिधुआ स्थान लंबे समय से क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां प्रतिवर्ष 2 जून को बाबा सिद्धनाथ का वार्षिकोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। परंपरा के अनुसार एक दिन पूर्व अखंड भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। महंत योगेश्वरनाथ ने बताया कि 2 जून को बाबा सिद्धनाथ जी का वार्षिकोत्सव एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इस दौरान बगही कुटी के विशम्भर दास महाराज, अयोध्या के बालकदास महाराज, पत्थलेश्वरनाथ स्थान के महंत सतेंद्रगिरी, राम जानकी मंदिर कसया के रामनयन दास रामायणी के महंत रामबालक दास त्यागी, महंत दीपकनाथ सहित अनेक संत-महात्मा ने नये महंथ को आशीर्वाद दिया।

## सोमवार को शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अमेठी।** अधिकमास के सोमवार को जनपद स्थित शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।भोर से ही हर हर महादेव और ओम नमः शिवाय के जयकारे के साथ श्रद्धालुओं का ताता शिवालयों पर लग गया। जलाभिषेक के लिए लोगों को घंटों कतार में इंतजार करना पड़ा।यह क्रम दिन भर जारी रहा। बिल्वपत्र और शिव जी के प्रिय पदार्थो के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने जलाभिषेक और रुद्राभिषेक किया। जगह-जगह शिव पुराण और श्री रामचरितमानस के पाठ का आयोजन हो रहा है।

जनपद के बाबा मुकुट नाथ धाम जगेश्वर नाथ धाम दुखहरण नाथ धाम नागेश्वर नाथ धाम महादेवन गोसाईगंज श्रीदेवीपाटन कालिकन आदि स्थलों पर प्रतिष्ठित शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। यहां पर कथावाचक जगह-जगह पांडाल लगाकर शिव पुराण का पाठ कर रहे हैं। घुइश्मेश्वर नाथ धाम के लिए भी जिले से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए गए।

## जुआ खेल रहे दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**टाडा (अंबेडकरनगर)।** अलीगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने जुआ खेल रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर कश्मीरिया तिराहे से मोजनपुर रेलवे क्रॉसिंग जाने वाले मार्ग के किनारे एक पेड़ के नीचे कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कार्रवाई की।पुलिस को देखते ही कुछ लोग मौके से भाग निकले, जबकि दो आरोपियों को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से कुल 580 रुपये नकद तथा 52 ताश के पत्ते बरामद किए गए।

साथ ही जामा तलाशी में दोनों आरोपियों के पास से 180 रुपये भी मिले।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विनीत कुमार तिवारी निवासी छोटी बाजार थाना अलीगंज तथा अनुज कपूर निवासी छज्जापुर, थाना कोतवाली टांडा के रूप में हुई है। उपनिरीक्षक हरिकेश बहादुर यादव ने बताया कि दोनों के खिलाफ उत्तर प्रदेश सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।

# जनगणना से पहले ही बदल गया गांवों का भूगोल! एचएलबी सीमांकन में भारी गड़बड़ी का आरोप

- एक गांव के मकान दूसरे गांव के हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में दर्ज, सर्वे कर्मी परेशान
- फील्ड सत्यापन किए बिना सीमांकन करने का आरोप, ग्रामीणों ने मांगी जांच





अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक कवायद मानी जाने वाली राष्ट्रीय जनगणना की तैयारियों के बीच पडरौना तहसील से हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) सीमांकन में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आरोप है कि सीमांकन के दौरान की गई लापरवाही से कई गांवों की वास्तविक सीमाएं कागजों पर बदल गई हैं, जिसके चलते एक गांव के मकान दूसरे गांव के एचएलबी में दर्ज हो गए हैं।

सूत्रों के अनुसार गोपालपुर-धीरपट्ट, हरका घूरमल-सिधुआ, हरका घूरमल-मोतीलहा, हिरनाहा-सिधवा तथा सुखपुरा-बनवीरपुर समेत कई गांवों में एचएलबी ओवरलैप की शिकायतें मिली हैं। वहीं जंगल बनवीरपुर क्षेत्र को भी बसहिया के हिस्से में दर्शाए जाने का आरोप लगाया जा रहा है।

**कागजों पर हुआ सीमांकन :** ग्रामीणों और जनगणना कार्य में लगे कर्मियों का आरोप है कि कई स्थानों पर सीमांकन केवल नक्शों और अभिलेखों के आधार पर कर दिया गया। यदि मौके पर जाकर सत्यापन किया गया होता तो गांवों की सीमाएं एक-दूसरे में नहीं समातीं। जनगणना कर्मियों का कहना है कि वास्तविक क्षेत्र और कागजी सीमाओं में अंतर होने से घर-घर सर्वेक्षण के दौरान भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार यह तय करने में घंटों लग जाते हैं कि संबंधित मकान किस एचएलबी में दर्ज है।

**भविष्य की योजनाओं पर पड़ सकता है असर :** विशेषज्ञों के अनुसार जनगणना के आंकड़े ही मतदाता सूची, पंचायत योजनाओं, सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षणों तथा सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी विकास योजनाओं का आधार बनते हैं। ऐसे में सीमांकन की त्रुटियां भविष्य में प्रशासनिक विवादों और योजनाओं के असंतुलित क्रियान्वयन का कारण बन सकती हैं।

**निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल :** जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सीमांकन की इतनी बड़ी गड़बड़ियों ने अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि पूरा कार्य कागजों में पूरा दिखा दिया गया, जबकि जमीनी स्थिति इससे बिल्कुल अलग है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि जनगणना की बुनियाद ही त्रुटिपूर्ण होगी तो भविष्य के सरकारी आंकड़ों और प्रशासनिक निर्णयों की विश्वसनीयता कैसे सुनिश्चित होगी।

### उच्चस्तरीय जांच की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से एचएलबी सीमांकन की उच्चस्तरीय जांच कराने, सभी विवादित क्षेत्रों का पुनः स्थलीय सत्यापन कराने तथा लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार कर्मचारियों और अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। जनगणना की तैयारी के बीच सामने आई यह गड़बड़ी अब केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल बनकर उभरी है।

## नवजात बेटियों को वितरित किया गया बेबी किट



**अमेठी।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने रविवार को मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम उप जिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जन्मी तीन नवजात कन्याओं को कन्या सुमंगला योजना से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराते हुए पंपलेट एवं बेबी किट वितरित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना तथा सरकार द्वारा संचालित महिला एवं बाल कल्याण योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। महिला कल्याण विभाग की ओर से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव की टीम के सदस्य एवं सुपरवाइजर रोशन लाल ने उपस्थित परिजनों को कन्या सुमंगला योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्टाफ नर्स सुधा श्रीवास्तव तथा चिकित्सालय की टीम के सदस्य भी मौजूद रहे।

## जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने डीएम को सौंपा 7 सूत्रीय ज्ञापन



**अवधनामा संवाददाता, बस्ती ।** सोमवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों और व्यापारियों के प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को 7 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। मांग किया कि गांधीनगर जलकल स्थित बंद शौचालय एवं वाटर एटीएम के संचालन तथा जनपद के सभी वाटर एटीएम को शुरू कराया जाय। ज्ञापन सौंपने के बाद जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा कि जिला उद्योग एवं व्यापार बंधु की बैठक में नगर पालिका परिषद, बस्ती के अधिशासी अधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि गांधीनगर जलकल परिसर में ''वाटर एटीएम एवं पिंक टॉयलेट संचालित हैं जबकि गांधीनगर जलकल परिसर में कोई पिंक टॉयलेट संचालित नहीं है, बल्कि वहां केवल महिला एवं पुरुष शौचालय निर्मित हैं। उक्त शौचालयों के अंदर एवं बाहर ताला लगा हुआ मिला तथा परिसर में व्यापक गंदगी फैली हुई पाई गई। स्थानीय नागरिकों एवं आसपास के लोगों से जानकारी प्राप्त करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त शौचालय का नियमित संचालन नहीं किया जाता है और अधिकांश समय यह बंद ही रहता है। कहा कि जनहित में इसे शीघ्र सही कराया जाय।उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के मण्डल अध्यक्ष हरिमूर्ति सिंह 'मनोज' कोषाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे समय में जनपद में स्थापित लगभग 15 वाटर एटीएम बंद पड़े हैं, जिससे आम जनता, राहगीरों, व्यापारियों एवं अन्य नागरिकों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की सुविधा प्राप्त नहीं हो पा रही है। इसे सही कराया जाय।

# मनवर नदी सफाई अभियान को पीएम मोदी ने सराहा, विधायक अजय सिंह की पहल का असर

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** जनपद की मनवर नदी को पुनर्जीवित करने के लिए चलाया गया सफाई एवं संरक्षण अभियान एक बार फिर चर्चा में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस जनभागीदारी आधारित प्रयास की सराहना रविवार को मन की बात कार्यक्रम में किए जाने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और जल स्रोतों के पुनर्जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।

मनवर नदी सफाई अभियान की शुरुआत वर्ष 2018 में विधायक अजय सिंह की पहल पर हुई थी। उनके प्रयासों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभियान का शुभारंभ किया था। इसके बाद प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों के सहयोग से नदी की सफाई का व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान से जुड़कर विधायक के गांव लजघटा के सात लड़कों ने टीम बनाकर 300 मीटर नदी की सफाई किया जिसकी प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मन की बात में जिक्र किया। लड़कों ने बताया कि उनके इस अभियान में इंस्टाग्राम पर साठ हजार फेसबुक पर पचास हजार और यूट्यूब पर बीस हजार फॉलोअर हैं। लड़कों ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अभियान के दौरान नदी से कचरा और अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। वर्षों से उपेक्षा का शिकार रही नदी में सुधार के प्रयासों का सकारात्मक असर भी देखने को मिला है। प्रधानमंत्री की सराहना को इस अभियान की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इससे नदी संरक्षण के प्रयासों को नई ऊर्जा मिलेगी और भविष्य में भी जनसहयोग से ऐसे अभियान आगे बढ़ते रहेंगे। विधायक ने कहा कि मनवर नदी क्षेत्र की आस्था, संस्कृति और जीवन का आधार है। 2018 में शुरू हुआ अभियान जनसहभागिता की ताकत का उदाहरण बन गया है। प्रधानमंत्री द्वारा की गई सराहना से लोगों का उत्साह बढ़ा है।

## पिकअप से टकराई कार हुई जलकर खाक, माँ बेटा घायल

**अमेठी।** थाना कोतवाली क्षेत्र मुसाफिरखाना अंतर्गत तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे पिकअप से टकरा गई।जिससे कार में आग लग गई।हादसे में कार सवार मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। पास में मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें बाहर निकाल लिया। कार आग लगने के कुछ ही मिनटों में पूरी जलकर खाक हो गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायलों को इलाज के लिए पहले मुसाफिरखाना सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित धरौली गांव के पास लखनऊ से सुल्तानपुर जा रही कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे पिकअप से जा टकराई। हादसे में नीता शुक्ला पत्नी अजय शुक्ला और उनके पुत्र प्रथम शुक्ला गंभीर रूप से घायल हुए। थाना प्रभारी ने बताया कि कार में आग लगने के बाद पास के ढाबे पर मौजूद लोगों ने घायलों को बाहर निकाला।

# यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** यूपी बोर्ड की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद स्तर पर मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को जीजीआईसी सभागार गौरीगंज में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह जिलाधिकारी संजय चौहान मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर लखनऊ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल के 11 एवं इंटरमीडिएट के 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को रुपए 21000 का चेक प्रशस्ति पत्र एवं मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में हाई स्कूल में विकास श्रेया मौर्या मधुलिका शुक्ला सेजल कीर्ति आयुष पाण्डेय साक्षी यादव कृष्णा मौर्या लक्ष्मी अंजलि मौर्या शिखा तथा इंटरमीडिएट में रुकसार आस्था मौर्या सक्षम पाण्डेय आरजू शर्मा अदिति सिंह श्रद्धा गुप्ता शिवांशी शुक्ला काजल अंशी सिंह प्रिंशी के नाम शामिल हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी सहित मेधावी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रत्येक ग्राम पंचायत में सोलर पैनल संयंत्र की स्थापना की जाय : डीएम

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक अद्द संयंत्र स्थापित किया जाय। डीएम ने कहा कि ग्राम पंचायतों में संयंत्रों की स्थापना से दूसरे ग्रामवासियों में सोलर पैनल को लेकर प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने डीपीआरओ को यह भी निर्देश दिया कि ग्राम प्रधानों को प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कम से कम 05 पैनल स्थापित करने का लक्ष्य आवंटित किया जाय।

डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि उचित दर विक्रेताओं को भी सोलर पैनल लगवाने के लिए जागरूक किया जाये तथा कार्डधारकों को भी सुविधा हो। नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नगरीय क्षेत्रों के सभी वार्डों में सभासदों व वेंडर्स के सहयोग से शिविर आयोजित कर लोगों को योजना की जानकारी देकर अधिक से अधिक सोलर पैनल की स्थापना करायें। डीएम ने प्रभारी अधिकारी नेडा को निर्देश दिया कि योजना के अन्तर्गत अधिकाधिक आवेदन प्राप्त कर वेंडर चयन की प्रक्रिया में प्रगति लायी जाय। डीएम ने वेंडर्स को निर्देश दिया कि प्रतिदिन कैम्प आयोजित कर लोगों को योजना की जानकारी दें ताकि लोग स्वेच्छा से सोलर पैनल की स्थापना के लिए आगे आयें।

डीएम ने कहा कि जनपद बहराइच में कार्यरत समस्त सरकारी विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची तैयार कर कार्मिकों को भी योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाय। उन्होंने वेंडर्स की समस्याओं के समाधान हेतु विद्युत विभाग, बैंक एवं यूपीनेडा के अधिकारियों की संयुक्त समिति गठित करने के साथ-साथ प्रत्येक शुक्रवार को बैठक आयोजित कर विद्युत एवं बैंक से सम्बन्धित समस्याओं को निराकरण कराया जाये ताकि योजना को अपेक्षित गति मिले सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, जिला विकास अधिकारी, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी यूपी नेडा, जिला अग्रणी प्रबन्धक, अधिषासी अभियन्ता विद्युत बहराइच, सहायक अभियन्ता विद्युत मीटर, जिला समन्वयक सहित वेंडर्स व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# उन्नत मशीनों से लैस होगा मेडिकल कॉलेज का इमरजेंसी ऑपरेशन थिएटर

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद के राजकीय मेडिकल कॉलेज में पुराने ट्रॉमा सेंटर व इमरजेंसी के विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण का कार्य चल रहा है प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार की माने तो यहां न्यूरो व प्लास्टिक सर्जरी के लिए अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर बनाया जाएगा, ताकि यहां आने वाले गंभीर मरीजों का तत्काल इलाज हो सके शाहजहांपुर जनपद का राजकीय मेडिकल कॉलेज एक ऐसा स्थान है जहां लखीमपुर खीरी, हरदोई जनपद से भी काफी संख्या में मरीज आते हैं जिसमें तमाम मरीज इतने गंभीर होते हैं जिन्हें सुविधा के अभाव में लखनऊ रेफर करना पड़ता है लेकिन अब न्यूरो व प्लास्टिक सर्जरी के लिए ऑपरेशन थिएटर और न्यूरो-माइक्रोस्कोप जैसी उन्नत मशीनों के सहारे गंभीर मरीजों को इधर-उधर



कम दौड़ना पड़ेगा प्राचार्य राजेश कुमार ने बताया आपरेशन थिएटर को संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए मॉड्यूलर बनाया जाएगा। यहां ऑटोमेटिक सर्जिकल टेबल, कैमरे और न्यूरो-माइक्रोस्कोप जैसी उन्नत मशीनें लगाई जाएंगी। साथ ही यह काम तीन से चार महीने में पूर्ण कराने पर पूरा जोर दिया जा रहा है इसके लिए पुराने भवन के गेट को तोड़ कर दोबारा बनाया जा रहा है जिसमें करीब तीन करोड़ लागत आएगी इसकी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड को दी गई है जिसने अपना कार्य शुरू कर दिया है।

# मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

■ बेटियों की शानदार प्रदर्शन उनकी निष्ठा और समर्पण का परिणाम है : डीएम

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** विकास भवन सभागार कक्ष में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं इंटर परीक्षा-2026 के जनपद स्तरीय मेधावी छात्राओं के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, इस गौरवमयी कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन की शीर्ष अधिकारियों और शिक्षा विभाग के समन्वय से मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी अभूतपुर्व सफलता पर सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक मनीष असीजा, मेयर कामिनी राठौर, ब्लॉक प्रमुख डॉ0 लक्ष्मी नारायण यादव ने शिरकत की, वहीं प्रशासनिक स्तर पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता ने प्रतिभाग कर विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर उन्हें बधाई दी, साथ ही उनका मार्गदर्शन भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय सदस्य विधायक मनीष असीजा ने कहा कि आज जनपद में शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार देखने को मिल रहा है, हमारे छात्र-छात्राओं का उनकी कड़ी परिश्रम का उचित मुकाम हासिल हो रहा है, उन्होंने जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों से अपील की है कि वह समय-समय पर इन मेधावी विद्यार्थियों की काउंसलिंग करें, ताकि यह प्रतिभाशाली बच्चे सही मार्गदर्शन पाकर अपने जीवन में एक बेहतर और स्वर्णिम करियर का चुनाव कर सकें। मेयर कामिनी राठौर और ब्लॉक प्रमुख डॉ0 लक्ष्मी नारायण यादव ने भी मंच से सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को मन से बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इन बच्चों ने न सिर्फ अपने माता-पिता का बल्कि पूरे फिरोजाबाद जनपद का नाम रोशन किया है। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि हाई स्कूल की मेरिट में जनपद में 15वां पायदान (67वें से 52वें स्थान पर) की छलांग लगाई है, वही इंटरमीडिएट पर भी 7वां पायदान का सुधार दर्ज किया गया है, इसके लिए उन्होंने शिक्षकों को बधाई दी, इन परीक्षाओं में बेटियों की शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए, जिलाधिकारी ने कहा कि यह उनकी निष्ठा और समर्पण का परिणाम है, जो यह ब्यां कर रहा है, कि अब बेटियों को शिक्षा का अनुकूल माहौल मिल रहा है, इसी कारण उनके अंदर की छिपी प्रतिभा निकलकर सामने आ रही है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन, समर्पण और निरंतरता का मूल मंत्र दिया और उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। जिलाधिकारी ने बच्चों को सचेत भी किया कि वह सोशल मीडिया के भंवर जाल में न फंसें, इसकी बजाय अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में अपने ज्ञानवर्धक हेतु करें।

# पूर्व प्रधान प्रत्याशी के घर जीएसटी विभाग का छापा



■ 8 घंटे बाद भी जांच जारी, ग्रामीण कारोबार से अनजान

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद में एक पूर्व प्रधान प्रत्याशी के घर पर जीएसटी टीम ने छापा मारा है। सोमवार सुबह करीब सात बजे टीम अतिबरा गांव स्थित प्रत्याशी के आवास पर पहुंची। आठ घंटे से अधिक समय से जांच जारी है। सुरक्षा के मद्देनजर मकान के बाहर जलालाबाद थाने की पुलिस तैनात की गई है गांव में अफरातफरी मच गई जब लखनऊ नंबर की दो कारों से आई जीएसटी टीम ने सबसे पहले जलालाबाद थाने को सूचना दी। इसके बाद टीम ने मकान के अंदर प्रवेश किया और गेट अंदर से बंद कर लिए। सुबह से ही घर के भीतर पूछताछ और छानबीन चल रही है। यह मामला जलालाबाद थाना क्षेत्र के अतिबरा गांव का है। ग्रामीणों को पूर्व प्रधान प्रत्याशी के कारोबार के बारे में कोई जानकारी नहीं है। ग्रामीण बताते हैं कि वह कभी बाहर तो कभी घर आते थे, लेकिन उनका व्यापार स्पष्ट नहीं है। बताया जा रहा है कि पूर्व प्रधान प्रत्याशी पिछले एक साल से अतिबरा गांव स्थित अपने मकान पर रह रहे थे। जलालाबाद थाना प्रभारी ने बताया कि, जीएसटी टीम ने छापामारी की है। जिनके घर छापामारी की गई है उनका कारोबार क्या है, अभी इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस तैनात की गयी है पूरी बात जीएसटी टीम ही बता सकती है उधर जीएसटी टीम के अधिकारी अभी कुछ बोलने को तैयार नहीं है।

# मानव वन्य जीव संघर्ष पर प्रभावी अंकुश के लिए जनजागरूकता मददगार: डीएम

■ अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** मानव वन्य जीव संघर्ष पर प्रभावी अंकुश के लिए जनपद स्तर पर गठित अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने विषय की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए निर्देश दिया कि उप जिलाधिकारी महसी व कैसरगंज को निर्देश दिया कि वन्य जीव प्रभावित क्षेत्रों में गन्ने के खेतों के निकट रहने वाले ग्रामवासियों के घरों को चिन्हित कर आगामी बैठक से पूर्व प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच को सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करें। डीएम ने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि हिंसक वन्य जीवों के हमलों की संभावना वाले क्षेत्रों में रहने वाले किसानों को गन्ने की खेती के स्थान पर दूसरी खेती करने के लिए प्रेरित किया जाय। डीएम ने कहा कि इसके लिए सम्बन्धित किसानों को आवश्यकतानुसार तकनीकी सहयोग एवं प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाये जिससे उन्हें दूसरी फसल उगाने में किसी प्रकार का आर्थिक नुकसान न होने पाये।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि प्रभावित क्षेत्र के लोगों को हिंसक वन्यजीव के हमलों से बचाव के लिए क्या करें और क्या न करें से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की जाय। विशेषकर बच्चों की सुरक्षा को लेकर घर के जिम्मेदार लोगों को अनिवार्य रूप से जागरूक करें कि छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखा जाय। डीएम ने कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष पर प्रभावी अंकुश के लिए जनजागरूकता बहुत ज़रूरी है। प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच सुंदरेशा द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि वन विभाग द्वारा 12 वर्ष से नीचे के बच्चों का सर्वे कराया जा रहा है जिससे संबंधित डाटा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सर्वे कार्य विश्व प्रकृति निधि (डब्लू.डब्लू.एफ.) एवं टी.एस.ए. का सहयोग प्राप्त किया जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, उप जिलाधिकारी नानपारा अमिता यादव, मिहींपुरवा के राम दयाल तथा उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मो. शकील, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ल मौजूद रहे जबकि एसडीएम महसी व कैसरगंज द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में प्रतिभाग किया गया।

# फेसबुक पर दोस्त बनकर ठगों ने उड़ाए 1.61 लाख

■ सऊदी में फंसे होने का बनाया बहाना

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** साइबर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक अपने ही दोस्त की फर्जी फेसबुक आईडी के झांसे में आकर 1 लाख 61 हजार रुपये गंवा बैठा। जालसाजों ने युवक के परिचित बनकर सऊदी अरब में फंसे होने और भारत लौटने के लिए पैसों की जरूरत बताकर उससे किश्तों में रकम ऐंठ ली। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला सोनरा गांव निवासी अफजल खां से जुड़ा है। बताया गया कि अफजल के फेसबुक अकाउंट पर सलमान जी नाम की आईडी से संदेश आया। मैसेज करने वाले ने खुद को उनका परिचित सलमान बताते हुए कहा कि वह सऊदी अरब में फंस गया है और वीजा वापस पाने तथा भारत लौटने के लिए तत्काल पैसों की जरूरत है। उसने घर में शादी होने की बात कहकर भावनात्मक दबाव भी बनाया। दोस्त को मुसीबत में समझकर अफजल ने मदद के लिए हामी भर दी। इसके बाद जालसाजों ने अलग-अलग बहानों से विभिन्न बैंक खातों, यूपीआई आईडी और क्यूआर कोड भेजकर पैसे मंगवाने शुरू कर दिए। अफजल ने पे जेड ऐप समेत अन्य माध्यमों से कुल 1 लाख 33 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में और पैसों की मांग होने पर उन्होंने अपनी भाभी रुसदा बानो के बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से भी 28 हजार रुपये आरोपियों के बताए खातों में भेज दिए। इस तरह कुल 1 लाख 61 हजार रुपये ठग लिए गए।

लगातार पैसों की मांग होने पर अफजल को संदेह हुआ। उन्होंने दूसरे माध्यम से अपने असली दोस्त सलमान से संपर्क किया तो पता चला कि वह पूरी तरह सुरक्षित है और उसने किसी प्रकार की मदद नहीं मांगी है। तब अफजल को एहसास हुआ कि वह साइबर ठगी का शिकार हो चुके हैं। घटना के बाद पीड़ित ने तत्काल ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर स्थानीय पुलिस से संपर्क किया। आरोप है कि शुरुआत में मामले की जांच में लापरवाही बरती गई। बाद में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देने के बाद साइबर क्राइम थाने में अज्ञात जालसाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए डीएम की अपील

अवधनामा संवाददाता

■ 5 जून को अवश्य लगाएं 'एक पेड़ माँ के नाम'

**फिरोजाबाद।** शासन के निर्देशों के अनुक्रम में जिलाधिकारी द्वारा जनपदवासियों, जनप्रतिनिधियों और सभी अधिकारियों से आगामी विश्व पर्यावरण दिवस (05 जून, 2026) के विशेष अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' महा-अभियान को पूरी भव्यता और जन-भागीदारी के साथ सफल बनाने की भावपूर्ण अपील की गई है।

वर्ष 2026-27 के अंतर्गत प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण का विशाल लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक के निर्णय के अनुसार, इस बार पर्यावरण दिवस को पूरी तरह से पर्यावरण संरक्षण और अपनी जननी (माँ) के प्रति समर्पित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा जनपद में सुचारू पौधरोपण और जन-जागरूकता हेतु निम्नलिखित निर्देश व दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड (ब्लॉक) स्तर, नगर निगम, नगरपालिका और नगर पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम का वृहद स्तर पर आयोजन किया जाएगा।

इस वर्ष पर्यावरण दिवस की थीम प्रकृति से प्रेरित। जलवायु के लिए। हमारे भविष्य के लिए रखी गई है। इस भावना को धरातल पर उतारने के लिए व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। अभियान के तहत की जाने वाली समस्त गतिविधियों और पौधरोपण की तस्वीरों को Portal (https://merilife-nic-in/) पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाएगा तथा वन एवं वन्यजीव विभाग के मुख्यालय स्थित कमाण्ड सेंटर को भी इसकी सूचना भेजी जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे रोपे गए पौधों की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर हैशटैग।

plant4mother और EkPedMaaKeNaam के साथ साझा कर इस मुहिम का हिस्सा बनें। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। आइए, इस 5 जून को हम सब मिलकर अपनी माँ के सम्मान में और धरती माँ के संरक्षण के लिए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखरेख का संकल्प लें।

# पत्रकार को फर्जी बताने और छवि धूमिल करने पर मानहानि नोटिस

अवधनामा संवाददाता

**अखण्डनगर/सुल्तानपुर।** स्थानीय पत्रकार अनुराग त्रिपाठी को सोशल मीडिया पर कथित रूप से फर्जी पत्रकार और चोर कहकर उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल करने के मामले में एक व्यक्ति को तीन लाख रुपये की मानहानि का कानूनी नोटिस भेजा गया है। नोटिस में सार्वजनिक माफी न मांगने पर सक्षम न्यायालय में वाद दायर करने की चेतावनी दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्रकार अनुराग त्रिपाठी द्वारा जारी नोटिस में आरोप लगाया गया है कि 27 मई 2026 को सुबह लगभग 11.22 बजे ऋषि तिवारी पुत्र लालमणि, निवासी ग्राम बड़गांव, थाना अखण्डनगर जनपद सुल्तानपुर ने व्हाट्सएप ग्रुप अहिलर बाबा ट्रस्ट में उनके मोबाइल नंबर से आपत्तिजनक और भ्रामक संदेश प्रसारित किया। बताया गया कि उक्त संदेश में अनुराग त्रिपाठी को चोर' एवं फर्जी पत्रकार कहा गया, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा और पत्रकारिता की छवि को गंभीर क्षति पहुँची है। नोटिस में कहा गया है कि इस कृत्य से पत्रकार को मानसिक तनाव, सामाजिक अपमान तथा पेशेवर नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित पक्ष का दावा है कि इस घटना से उनकी प्रतिष्ठा को गहरी ठेस पहुँची तथा आर्थिक एवं मानसिक रूप से भारी क्षति हुई है। कानूनी नोटिस के माध्यम से विपक्षी पक्ष को 15 दिनों के भीतर 3 लाख की क्षतिपूर्ति राशि अदा करने, अपनी गलती स्वीकार करते हुए लिखित अथवा सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का निर्देश दिया गया है।

## शुद्धि पत्र

हिंदी दैनिक अवधनामा के दिनांक 25.05.2026 के अंक में पृष्ठ संख्या तीन पर प्रकाशित कार्यालय ग्राम पंचायत मुड़ाडीहा वि0ख0 बस्ती सदर, बस्ती के निविदा प्रकाशन में निविदा बॉक्स में डालने की तिथि 03.06.2026 के बजाय त्रुटिवश 30.06.2026 छप गया है, जिसे 03.06.2026 पढ़ा व समझा जाए।

-संपादक

# हल्द्वानी में सुल्तानपुर के खिलाड़ियों का जलवा




अवधनामा संवाददाता

■ ओपन नेशनल ताइक्वांडो चौंपियनशिप में जीते 6 पदक

**सुल्तानपुर।** खिलाड़ियों ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में आयोजित 13वीं ओपन नेशनल ताइक्वांडो चौंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। 29 से 31 मई तक इंदिरा गांधी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अमीना ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण और चार कांस्य पदक सहित कुल छह पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में देशभर से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। 44 किलोग्राम भार वर्ग में प्रज्वल यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं 38 किलोग्राम सब जूनियर वर्ग में मान्यता ने स्वर्ण पदक हासिल कर अकादमी और जिले का गौरव बढ़ाया। कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में प्रियांशु तिवारी (78 किलोग्राम जूनियर वर्ग), सत्यांश आर. श्रीवास्तव (41 किलोग्राम सब जूनियर वर्ग), साक्षी (63 किलोग्राम जूनियर वर्ग) और यथार्थ मौर्य (41 किलोग्राम सब जूनियर वर्ग) शामिल रहे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर अकादमी की प्रशिक्षिका अमीना बानो और अभिभावकों ने खुशी जताई। उन्होंने इसे खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम, अनुशासन और नियमित प्रशिक्षण का परिणाम बताया। अमीना ताइक्वांडो अकादमी के अध्यक्ष शिवकुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. सुधाकर सिंह, कोषाध्यक्ष एडवोकेट मदन सिंह तथा सदस्य कांति सिंह सहित खेल जगत से जुड़े लोगों ने विजेता खिलाड़ियों और प्रशिक्षिका अमीना बानो को बधाई दी।


**आदर्श कालेज ऑफ एजूकेशन**
**देवा-फतेहपुर रोड, सलारपुर, बाराबंकी**

**आवश्यकता है**

महाविद्यालय में प्रवक्ता बी.एस.सी. (जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित) प्रत्येक में एक-एक पद। इच्छुक अभ्यर्थी अपने अर्हता सम्बन्धी प्रपत्र, बायोडाटा एवं दो पासपोर्ट फोटो विज्ञापन के 15 कार्य दिवस के अन्दर डाक/ईमेल/वाट्सअप अथवा स्वयं उपस्थित होकर उपलब्ध करायें। साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने पर किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।

**प्रबन्धक**
मो. नं. 6386904374


# साइबर ठगी शातिर अभियुक्त पुलिस गिरफत में, सामान बरामद

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे के निर्देशन में साइबर क्राइम सैल व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश गुनावत के पर्यवेक्षण में थाना उत्तर द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर वाट्सएप्प ग्रुपो में फत् कोड भेजकर साइबर ठगी करने वाले शातिर अभियुक्त को 01 लैपटॉप, 03 मोबाइल फोन, 03 पासबुक, 04 एटीएम कार्ड व भारी मात्रा में डिजिटल साक्ष्य सहित गिरफ्तार किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद में साइबर क्राइम एवं ठगी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश गुनावत के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध सुश्री चंचल त्यागी के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम सेल व थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त आशु पाठक पुत्र पदम पाठक निवासी 11/216 कुआं वाली गली जैन नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभियुक्त के कब्जे से 01 लैपटाप, 03 मोबाइल फोन, 04 एटीएम कार्ड विभिन्न बैंको के, 03 बैंक पासबुक विभिन्न बैंको व 01 मोटर साइकिल की आरसी पेपर बरामद हुए जिसके आधार पर थाना उत्तर पर मु.अ.सं. 292/2026 धारा 318(4) बीएनएस 66क् आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक अन्जीश कुमार सिंह, उ.नि. शुभम कुमार थाना उत्तर, जनपद फिरोजाबाद, निरीक्षक मनोज यादव प्रभारी साइबर सैल, उ.नि. दिवेश कुमार साइबर सैल, आरक्षी 1014 अंशुल बालियान साइबर सैल, उ.नि. रितिक शर्मा साइबर हैल्प डैस्क, आरक्षी 1168 रोहन दीक्षित साइबर हैल्प डैस्क थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# सनसनीखेज आरोप शादी का झांसा

■ चार साल शोषण फिर हड़प लिया मकान

■ विरोध किया तो जान से मारने की धमकी

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जनपद में एक युवती ने युवक पर प्यार, शादी और भरोसे के नाम पर जिंदगी बर्बाद करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। पीड़िता का दावा है कि आरोपी ने पहले शादी का सपना दिखाया, फिर चार साल तक उसका शोषण किया और आखिर में धोखे से उसका मकान तक अपने नाम करा लिया। अब विरोध करने पर हत्या और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां दी जा रही हैं। पीड़िता मोहिनी पुत्री उमेशचंद्र निवासी रसूलपुर कनैटा ने जिलाधिकारी और थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि गांव ईबरी निवासी संदीप कुशवाह ने उससे शादी करने का वादा किया था। इसी भरोसे में वह उसके करीब आया और लगातार संबंध बनाता रहा। आरोप है कि आरोपी उसे तहसील ले गया और कोर्ट मैरिज सर्टिफिकेट बनवाने का झांसा देकर कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करा लिए। बाद में पता



चला कि करीब 600 वर्ग फीट का मकान ही आरोपी के नाम करा लिया गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है और वह खुद को प्रभावशाली बताकर लगातार धमका रहा है। महिला का कहना है कि यदि उसने कानूनी कार्रवाई की तो उसे झूठे मुकदमों में फंसा दिया जाएगा या उसकी हत्या करा दी जाएगी।

एक अन्य शिकायत में महिला ने दो अन्य लोगों पर भी धोखाधड़ी से बैनामा कराने में शामिल होने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि उसने पुलिस चौकी से लेकर अधिकारियों तक गुहार लगाई, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं थाना प्रभारी मटसेना ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मामले की जांच की जा रही है। जांच उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी जब आरोपी से इस संबंध में उसका पक्ष जानने की कोशिश की गई, तो वह सवालों से बचता नजर आया। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर एक महिला अगर लगातार न्याय की गुहार लगा रही है तो जिम्मेदार विभाग कब जागेगा? क्या पीड़िता को इंसाफ मिलेगा या शिकायतें सिर्फ फाइलों में दबकर रह जाएंगी?


# कार्यालय-नगर पंचायत मथौली जनपद- कुशीनगर

पत्रांक- 1755/न.प.म/बन्दन यो./2026-2027 दिनांक- 01-06-2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि बन्दन योजना अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत मथौली में विभिन्न निर्माण कार्य कराया जाना है, जिसके लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध निविदा नोटिस में धरोहर धनराशि, निविदा डालने की तिथि, समय, श्रेणी, कार्य करने की अवधि एवं निविदा लागत तथा निविदा के विस्तृत नियम एवं शर्तों का उल्लेख है।

| 1 | बेवसाइट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा प्रकाशित किये जाने की तिथि एवं समय | 01-06-2026 | 05:00 बजे अपरान्ह |
| 2 | ई-निविदा डाउनलोड किये जाने की प्रारम्भ तिथि एवं समय | 01-06-2026 | 05:00 बजे अपरान्ह |
| 3 | ई-निविदा अपलोड किये जाने की अन्तिम तिथि एवं समय | 22-06-2026 | 12:00 बजे मध्याहन |
| 4 | ई-निविदा खोलने की तिथि व समय | 22-06-2026 | 02:00 बजे अपरान्ह |

**(सर्वेश कुमार श्रीवास्तव)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मथौली, कुशीनगर**

**(नवरंग सिंह)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मथौली, कुशीनगर**

# सम्मान पाकर सब हुए निहाल

वहाज अली 'निहाल'

- सही को सही और ग़लत को गलत लिखने वाला ही पत्रकार है: सरिता भदौरिया
- हिंदी पत्रकारिता दिवस की 200 वीं वर्षगांठ पर संयुक्त प्रेस क्लब इटावा ने किया अस्सी से अधिक पत्रकारों का सम्मान



**इटावा।** हिंदी पत्रकारिता दिवस की 200 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संयुक्त प्रेस क्लब इटावा के तत्वावधान में रविवार को आयोजित पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में जनपद के अस्सी से अधिक वरिष्ठ एवं नवोदित पत्रकारों का सम्मान कर उन्हें दुर्घटना बीमा पॉलिसी तथा पहचान पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सदर श्रीमती सरिता भदौरिया ने कहा कि आजादी के समय से ही पत्रकारों ने इस देश और समाज की भलाई के लिए बहुत कुछ सहा है। पत्रकारिता तब भी बहुत कठिन थी और आज भी कठिन है, पत्रकारिता सच की आवाज़ है। सही को सही और गलत को गलत लिखना ही सच्ची पत्रकारिता है। लेकिन सच लिखने वाला वही पत्रकार आज जब सच लिखने की सज़ा पाता है तो बहुत चिंता होती है। इसलिए सच्चे पत्रकारों को सम्मान और संरक्षण दिए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता दिवस पर आयोजित इस सम्मेलन में जनपद के वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान करके वास्तव में मैं स्वयं को बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी एडवोकेट ने कहा कि पत्रकार और अधिवक्ता का परस्पर अभिन्न नाता है, क्योंकि ये दोनों ही पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए तत्पर रहते हैं। अधिवक्ता और पत्रकार न हों तो अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ कोई लड़ाई नहीं लड़ सकता। वरिष्ठ पत्रकार गणेश ज्ञानार्थी ने हिंदी पत्रकारिता के इतिहास और वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र की आत्मा है। सच्चे पत्रकार हमेशा से सत्य और न्याय के लिए संघर्ष करते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार नरेश भदौरिया, करुणाशंकर दुबे, स्वामीशरण श्रीवास्तव, खादिम अब्बास, गणेश ज्ञानार्थी, महेंद्र सिंह चौहान, महाराज सिंह भदौरिया, धर्मलाल चतुर्वेदी, रणवीर सिंह भदौरिया, त्रिलोकी सिंह चौहान, गौरव डुडेजा, संतोष पाठक, वहाज अली ख़ान निहाल के अलावा अस्सी से अधिक अन्य पत्रकारों का अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह तथा सभी को दुर्घटना बीमा पॉलिसी तथा संगठन का पहचान पत्र देकर सम्मान किया गया। इसके अलावा समाजसेवा के लिए समर्पित शहर की विशिष्ट शख्सियत के रूप में संगठन की ओर से सभासद श्रीमती पूनम पाण्डेय, गुरुद्वारा कमेटी एवं लायंस क्लब के अध्यक्ष तरनपाल सिंह कालरा तथा सैफई मेडिकल कॉलेज के सीनियर सर्जन डा.अनिल शर्मा के अलावा पत्रकारों की बीमा पॉलिसी के लिए विशेष सहयोग करने वाली बेटी भव्या भसीन को भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संयुक्त प्रेस क्लब इटावा के अध्यक्ष राजेन्द्र भसीन ने कहा कि मेरे जीवन का हमेशा से ये ध्येय रहा है कि दूसरों की सेवा के लिए जितना अधिक से अधिक कर सकूं, उसी रास्ते पर चलता आया हूं और आगे भी पत्रकार हित में अपना सारा जीवन लगा दूंगा। इस अवसर पर उन्होंने एक सुंदर भजन भी गाया और सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का शानदार संचालन संगठन के महामंत्री सुधीर मिश्र ने किया। कार्यक्रम में भरथना, बकेवर, लखना, जसवंतनगर, इकदिल, महेवा, बसरेहर, उदी आदि पूरे जनपद से बड़ी संख्या में आए पत्रकारों ने भाग लिया। संगठन के संरक्षक राजेंद्र यादव, इलेक्ट्रानिक मीडिया अध्यक्ष अन्नू चौरसिया, उपाध्यक्ष ओम रतन कश्यप, मसूद तैमूरी, संगठन मंत्री रघुवीर यादव कमल मिश्रा, प्रचार मंत्री नितेश प्रताप सिंह, शाकिर अली, डॉ.सुशील सम्राट, डॉ.हरी शंकर पटेल, वहाज अली खान निहाल, विपिन भदौरिया, दामोदर पाठक, संजीव राजपूत, भगवान दास शर्मा प्रशांत, मु.इदरीस आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में डीबीए के कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्रिपाठी, एडवोकेट काशिफा नाज़, डीबीए कार्यालय प्रभारी तुलाराम राजपूत भी मौजूद रहे।

## जनपद की समस्त नगर पंचायतों एवं नगर पालिका परिषद में चला स्वच्छता अभियान

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशों के क्रम में जनपद की समस्त नगर पंचायतों एवं नगर पालिका परिषद में स्वच्छता अभियान के द्वितीय दिवस व्यापक स्तर पर नालों एवं नालियों की सफाई कराई गई। अभियान का उद्देश्य बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से राहत दिलाना तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना है। अभियान के दौरान सफाई कर्मियों द्वारा प्रमुख नालों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों की विशेष साफ-सफाई की गई। कार्यों की नियमित निगरानी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जा रही है, जिससे अभियान की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके। संबंधित अधिशासी अधिकारियों को सफाई कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतने तथा अभियान को निरंतर गति प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता जनस्वास्थ्य से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। सभी नगर निकायों को साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयास करने होंगे।

# मंत्री की पहल पर तूफान पीड़ित परिवार को मिली राहत



अवधनामा संवाददाता

- क्षतिग्रस्त मकान के बाद खाद्यान्न और गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया गया

**हमीरपुर।** बीते दिनों आए तेज तूफान से सरीला तहसील क्षेत्र के भेड़ी डांडा गांव निवासी जितेंद्र द्विवेदी का मकान क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे परिवार के सामने रहने और भोजन की समस्या उत्पन्न हो गई थी। मामले की जानकारी मिलने पर प्रदेश के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय के निर्देश पर पीड़ित परिवार को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई।

जानकारी के अनुसार पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुदामा दीक्षित ने पीड़ित परिवार की स्थिति से मंत्री को अवगत कराया। इसके बाद मंत्री ने जिला पूर्ति अधिकारी को आवश्यक सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही आपूर्ति विभाग की टीम गांव पहुंची और परिवार को 50 किलो चावल, 50 किलो गेहूं, 10 किलो चीनी, 10 किलो अरहर दाल, 2 किलो नमक, 1 किलो हल्दी समेत आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई। इसके अलावा एक निशुल्क गैस सिलेंडर भी दिया गया।

जिला पूर्ति अधिकारी बी.के. शुक्ला ने बताया कि मंत्री के निर्देश पर राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई है। साथ ही संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर पीड़ित परिवार को अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। राहत सामग्री मिलने पर पीड़ित परिवार ने प्रशासन और सरकार का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने भी समय पर सहायता पहुंचने पर संतोष जताया है। क्षेत्र में इस त्वरित राहत कार्य की चर्चा हो रही है।

## जनभागीदारी से दिया स्वच्छता का संदेश

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा महात्मा गांधी के स्वच्छ एवं सतत भारत के सपने को साकार करने की दिशा में स्वच्छता पखवाड़ा 2026 का आयोजन 16 मई 2026 से 31 मई 2026 तक किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रभावी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अभियान की शुरुआत 16 मई 2026 को विंध्या क्लब से सर्वेश्वर मंदिर परिसर तक आयोजित स्वच्छता रैली एवं स्वच्छता शपथ समारोह से हुई,

जिसमें कर्मचारियों, परिवारजनों, सीआईएसएफ कर्मियों एवं सहयोगियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में स्वच्छता शपथ दिलाई।

इस अभियान के तहत कर्मचारियों, परिवारजनों, सीआईएसएफ कर्मियों, यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधियों द्वारा संविदा हाउस कीपिंग कर्मचारियों के साथ मिलकर सर्वेश्वर मंदिर परिसर एवं स्टेशन केविभिन्न स्थलों पर श्रमदान और स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके साथ ही बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता, नागरिक जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

# सिटी मजिस्ट्रेट ने नवनिर्वाचित सभासद शफी अहमद बालक को दिलाई शपथ

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** नगर पालिका परिषद सभागार में आयोजित समारोह में सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर ने सोमवार को उर्दू मोहल्ला वार्ड के उपचुनाव में निर्विरोध निर्वाचित सभासद शफी अहमद बालक को शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर ने कहा कि मुझे आशा और विश्वास है कि शफी अहमद चेयरमैन, ईओ, सभासदों व कर्मचारियों के साथ मिलकर विकास कार्यों में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। ईओ सन्तोष कुमार मिश्रा ने पालिका परिवार की ओर से शफी अहमद को बधाई देते हुए आशा जताई कि शफी अहमद नगर पालिका के विकास कार्यों में पूरा सहयोग करेंगे। अध्यक्ष ज्योति संटू गुप्ता ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि शफी अहमद सबके साथ मिलकर पालिका को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। हम वादा करते हैं कि उर्दू मोहल्ला वार्ड में जो भी जनहित की समस्या होगी उसका वरीयता से समाधान करेंगे। निर्विरोध नवनिर्वाचित सभासद शफी अहमद बालक ने कहा शहर के विकास में वह चेयरमैन, ईओ व सभासदों के साथ मिलकर काम करेंगे। उर्दू मोहल्ला वार्ड में दो वर्ष से कोई काम नही हुआ है अब हम चेयरमैन व ईओ के सहयोग से वार्ड की समस्याओं का समाधान कराने का पूरा प्रयास करेंगे। नगर पालिका की चेयरमैन ज्योति गुप्ता, ईओ सन्तोष कुमार मिश्रा, सभासदो सहित शहर के गणमान्य लोगों ने सभासद शफी अहमद का गर्मजोशी से स्वागत कर उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन अवनीश पांडेय ने किया। विदित हो कि शफी अहमद बालक ने 31 वर्ष बाद दूसरी बार सभासद की शपथ ली। उन्हें सभासदी का काफी पुराना अनुभव भी है। इस अवसर पर सभासद लीलावती राजपूत, मो.इकबाल, अरविंद यादव, पूर्व सभासद शफीक मस्त खां, यदुवीर सिंह यादव, राजेश कुमार, हाजी गुडडू मंसूरी, मोहम्मद अलताफ, हाजी नईम मंसूरी, हाजी लड्डुन मंसूरी, हाजी जमीर उल्ला, अनीस मंसूरी, अब्दुल जब्बार राइन, हाजी हबीब मंसूरी, तनवीर अहमद, परवेज अख्तर, समी कुरैशी, जफर हुसैन, अंसार अहमद अंसारी, इंतजार अहमद, अनवार अहमद, शाहनवाज आलम, शावेज़ नक़वी सहित शहर व वार्ड के प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।

# बिजली-पानी संकट से गुस्साए लोगों ने हाईवे किया जाम



अवधनामा संवाददाता

- पांच दिन से ठप आपूर्ति, आश्वासन के बाद खुला जाम

**मौदहा।** कस्बे में बिजली और पेयजल आपूर्ति बाधित होने से नाराज लोगों ने सोमवार को नेशनल हाईवे-34 पर जाम लगा दिया। वार्ड संख्या 19 के मोहल्ला सिचौली पुरवा के निवासियों ने रश्मि पेट्रोल पंप के पीछे सड़क अवरुद्ध कर प्रदर्शन किया, जिससे हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात प्रभावित हो गया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि पिछले पांच दिनों से मोहल्ले में बिजली और पानी की आपूर्ति ठप है। भीषण गर्मी के बीच लोग गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा समस्या के समाधान के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। मोहल्लावासी बीडी श्रीवास ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने अधिकारियों पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया। जाम की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडे और कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद लोगों ने जाम समाप्त कर दिया। प्रशासन ने संबंधित विभाग को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## अवधनामा के ब्यूरों चीफ वहाज अली 'निहाल' को किया गया सम्मानित



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** हिंदी पत्रकारिता दिवस के 200 वें वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को डीबीए हाल में संयुक्त प्रेस क्लब इटावा के तत्वाधान में मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया, विशिष्ट अतिथि डीबीए अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी व समाजसेविका पूनम पांडेय ने दैनिक अवधनामा जनपद इटावा के ब्यूरो चीफ वहाज अली ख़ान 'निहाल' को इस विशेष अवसर पर प्रतीक चिन्ह, आई कार्ड व बीमा पॉलिसी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र भसीन, महामंत्री सुधीर मिश्रा, जनपद के पत्रकार, समाजसेवी, चिकित्सक आदि मौजूद रहे।

## मेधा का महापर्व मुख्यमंत्री ने बढ़ाया विद्यार्थियों का उत्साह, सम्मान समारोह में गूंजा शिक्षा, संस्कार और सफलता का संदेश



**सोनभद्र (अवधनामा ब्यूरो)** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष-2026 के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण आज कलेक्ट्रेट सभागार में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण के बीच देखा व सुना गया। प्रदेश स्तर पर लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्हें प्रदेश और देश के उज्ज्वल भविष्य का आधार बताया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा। समारोह के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह और गर्व का भाव दिखाई दिया। मुख्यमंत्री ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि सफलता का मूल मंत्र कठिन परिश्रम, अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच है। उन्होंने कहा कि आज सम्मानित हो रहे छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है तथा उनकी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञान, संस्कार और नवाचार को अपनाते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# कलम के सिपाही अगर सो गए तो, वतन के मसीहा वतन बेच देंगे: कवि कमलेश

अवधनामा संवाददाता



- हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने पर वक्ताओं ने कहा न्याय और पत्रकारिता यदि झूठ का साथ देने लगे तो तो देश का लोकतांत्रिक अस्तित्व संकट में पड़ सकता

**अनपरा/सोनभद्र।** हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर होटल श्री राम इंटरनेशनल में आयोजित संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर ऊर्जांचल प्रेस क्लब के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार आर पी सिंह, महासचिव चंद्रमौली मिश्र, कोषाध्यक्ष रंग बहादुर यादव द्वारा अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय कवि साहित्यकार कमलेश राजहंस ने अपने संबोधन में कहा कि न्याय और पत्रकारिता जिस दिन झूठ बोलना शुरू कर देगी उस दिन से राष्ट्र की आत्मा और नींव कमजोर होने लगेगी। हिंदी पत्रकारिता ने पिछले 200 वर्षों में समाज को दिशा देने, लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने और जनसरोकारों को आवाज देने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।मीडिया की अंधी सियासी चाटुकारिता लोकतंत्र को कमजोर और समाज को विचारहीन बना सकती है। विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी दिलीप मिश्र ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में पत्रकारिता की जिम्मेदारियां और अधिक बढ़ गई हैं तथा मीडिया को निष्पक्षता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ कार्य करना चाहिए।पत्रकार चंद्रमौली मिश्र ने पत्रकारिता की जन्म व भूमिका को सराहनीय बताया। कहा कि हिंदी पत्रकारिता ने देश के सामाजिक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में ऐतिहासिक योगदान दिया है। उन्होंने पत्रकारिता को समाज का दर्पण बताते हुए निष्पक्ष एवं जनहितकारी पत्रकारिता की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर पत्रकार अजय दुबेदी, विक्रम सिंह सोढ़ी, रग बहादुर यादव, उमेश सिंह, गजेंद्र गुप्ता, मीडिया प्रभारी रोशन शर्मा, बबलू पांडेय, अरमान खान, अशोक गोयल, विजय विश्वकर्मा, स्नेहा जायसवाल, रोहित विश्वकर्मा, जगरनाथ वैश्य आदि लोग मौजूद रहे।संचालन आर पी सिंह ने किया।

# स्वच्छ, हरित और स्वस्थ भविष्य के संकल्प के साथ स्वच्छता पखवाड़ा समापन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद में 16 से 31 मई 2026 तक स्वच्छता पखवाड़ा का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान परियोजना के सभी विभागों, अनुभागों तथा कल्याण निकायों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान का उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों के अनुरूप स्वच्छता, अभिलेख प्रबंधन और कार्यस्थल सुधार को बढ़ावा देना रहा। अभियान की शुरुआत दिनांक 16 मई, 2026 को प्रभात फेरी और स्वच्छता शपथ के साथ हुई, जिसमें परियोजना प्रमुख सहित अधिकारियों, कर्मचारियों, परिसर स्थित विद्यालय, सीआईएसएफ़ तथा अन्य सहयोगी संस्थाओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। पखवाड़े के दौरान प्रत्येक दिन की निर्धारित गतिविधियों के अनुसार आवासीय परिसर स्थित विद्यालयों, सब्जी मंडी, परियोजना के आस-पास के गावों में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ेदान रखवाए गए। स्वच्छता जागरूकता, स्वच्छता वार्ता, सिंगल यूज प्लास्टिक, के संबंध में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया। बालिका सशक्तिकरण अभियान में प्रतिभाग कर रहीं बालिकाओं के लिए जहां स्वच्छता जागरूकता पर व्याख्यान आयोजित किया गया वहीं दूसरी ओर वृहद वृक्षारोपण का भी आयोजन किया गया। अपशिष्ट से समृद्धि थीम के अंतर्गत सब्जी मंडी में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। लोगों के बीच स्वच्छता की अलख जगाने की दिशा में निबंध, नारा, ड्राइंग, पेंटिंग जैसे प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। आवासीय परिसर के साथ-साथ आस-पास के जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए। पखवाड़े भर चली गतिविधियों की परियोजना प्रमुख संजय असाटी ने सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण का संरक्षण और साफ-सफाई हम सभी की समूहिक ज़िम्मेदारी है। आप सभी ने आयोजित गतिविधियों में प्रतिभागिता करके स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया है।

# मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतक के परिजनों को मिली आर्थिक सहायता

- प्रभारी मंत्री ने सौंपा 05 लाख रुपये का चेक
- पीड़ित परिवार से मिलकर जताई संवेदना, दोषियों पर सख्त कार्रवाई का दिया भरोसा



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जनपद के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने सोमवार को विकास खण्ड नगवां के ग्राम पंचायत पडरी पहुंचकर मृतक राजेश जायसवाल के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया तथा मुख्यमंत्री राहत कोष से स्वीकृत 05 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया।

प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री जी के निर्देश के क्रम में वे स्वयं पीड़ित परिवार से मिलने और शासन की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यहां आए हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता और मजबूती के साथ खड़ी है।

उन्होंने कहा कि घटना में जो भी व्यक्ति संलिप्त पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मामले की जांच पुलिस विभाग द्वारा गंभीरता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ की जा रही है तथा किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने प्रभारी मंत्री को प्रकरण से संबंधित अद्यतन जानकारी से अवगत कराया। साथ ही परिजनों को प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सहायता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री नन्दलाल गुप्ता, जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

अवधनामा ब्यूरो



- विकास योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**सोनभद्र।** जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की कमी का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने तथा व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्राम सचिवालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर वॉल पेंटिंग के माध्यम से प्रदर्शित की जाए, ताकि आमजन को योजनाओं की सही जानकारी मिल सके और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में शिक्षकों की कमी का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र के प्रारम्भ होने पर बीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं की सेवाएं नियमानुसार लगभग दो माह के लिए प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापन कार्य हेतु ली जाएं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो। प्रभारी मंत्री ने वृक्षारोपण अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे स्थानों का चयन किया जाए जहां पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल सुनिश्चित हो सके। उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों में सीड बॉल के माध्यम से वृक्षारोपण कराने तथा छायादार एवं फलदार पौधों को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना के लाभ से वंचित न रहने दिया जाए। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने पुलिस अधीक्षक को कहा कि अनुसूचित जनजाति वर्ग की युवतियों से विवाह कर भूमि हड़पने संबंधी प्राप्त शिकायतों की गंभीरता से जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि प्रभारी मंत्री द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का समयबद्ध एवं प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। बैठक में विधायक घोरावल डॉ. अनिल कुमार मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) वागीश कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

- मेधावियों को सीएम योगी का सफलता मंत्र
- मेहनत और सही दिशा से मिलेगी सफलता : योगी
- 'बेटी पढ़ेगी तो देश आगे बढ़ेगा' : योगी आदित्यनाथ
- परिश्रम ही सफलता का सबसे बड़ा आधार : सीएम
- मेधावी छात्र-छात्राओं को एक लाख रुपये, टैबलेट और प्रशस्ति पत्र



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीवन एक विस्तृत क्षेत्र है। आप सभी विद्यार्थी अच्छे प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सक, इंजीनियर, आर्मी ऑफिसर तथा समाजसेवी बन सकते हैं। यदि आप जीवन के किसी भी क्षेत्र में शुद्ध नीयत के साथ अनवरत रूप से परिश्रम करेंगे, तो आपको सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचने से कोई ताकत रोक नहीं सकती। यह सीखने की सबसे अच्छी उम्र है। अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में सार्थक प्रयास प्रारम्भ कर दें। इसके लिए औपचारिकता नहीं होनी चाहिए। जिस फील्ड में आप जाएं, पूरी जानकारी प्राप्त करें।

मुख्यमंत्री लोक भवन में आयोजित 'मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह' के अवसर पर विभिन्न बोर्डों की वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के उपरान्त अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने राज्य स्तरीय मेधावी छात्र-छात्राओं को 01 लाख रुपये का प्रतीकात्मक चेक, टैबलेट, साफा और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया तथा उनके अभिभावकों व विद्यालय के प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा विभाग की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश भर में एक साथ 1,682 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जा रहा हैं। इसके अन्तर्गत लखनऊ में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, काउंसिल फॉर दि इण्डियन स्कूल सर्टिफिकेट्स इक्जामिनेशंस, नई दिल्ली, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली की बोर्ड परीक्षाओं में प्रदेश स्तर पर प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले 223 विद्यार्थी, उनके अभिभावक, विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा जनपद स्तर पर टॉप-10 स्थान प्राप्त करने वाले 1,459 विद्यार्थी सम्मिलित है। यह छात्र-छात्राओं के लिये एक उपलब्धि और आगे बढ़ने के लिये जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सार्थक दिशा मे किये जाने वाले परिश्रम का परिणाम हमेशा सुखद होता है। 223 मेधावियों में छात्रों की संख्या 85 और छात्राओं की संख्या 138 है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद में प्रदेश स्तर पर हाईस्कूल में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले 115 मेधावियों में 34 छात्र और 81 छात्राएं हैं। इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों में 09 छात्र और 14 छात्राएं हैं। दोनों को मिलाकर माध्यमिक शिक्षा परिषद में प्रदेश स्तर पर छात्रों की संख्या 43 तथा छात्राओं की 95 है। यह संख्या बताती है कि छात्राएं अधिक मेहनत कर अधिक अंक प्राप्त करने की सामर्थ्य रखती हैं। यह छात्रों के लिये भी एक प्रेरणा होनी चाहिए कि छात्राएं घर में परिवार का सहयोग करते हुये भी अच्छे अंक प्राप्त करती हैं। बेटी पढ़ेगी, तो आगे बढ़ेगी तथा देश व समाज को भी आगे बढ़ायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्कृष्ट परिणाम मेधावियों के माता-पिता व उनके अभिभावकों के परिश्रम तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। यदि माता-पिता अपने बच्चां का सही मार्गदर्शन करें, तो उनका भविष्य उज्ज्वल होगा तथा सपने साकार हांगे। इस दिशा में माता-पिता का प्रयास, शिक्षकों का मार्गदर्शन और प्रधानाचार्य का अनुशासन महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है। छात्र-छात्राओं के अभिभावक उनके पहले गुरु होते हैं। अभिभावक बच्चों को ऐसे कार्यों के साथ जोड़े, जो उनका रचनात्मक विकास कर सकें। छोटे बच्चों को स्मार्ट फोन देने के कई बार घातक परिणाम भी देखने को मिलते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में ज्ञान की एक समृद्ध परम्परा रही है। हमने विद्या को केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित नहीं रखा, बल्कि विद्या को विस्तृत माना है। 'सा विद्या या विमुक्तये', अर्थात विद्या वह है जो हमारे जीवन में मुक्ति का मार्ग प्रशस्त कर सके और उन चुनौतियों से जूझने के लिये प्रेरणा प्रदान कर सके, जो समाज व राष्ट्र के समक्ष उत्पन्न हुई है। भारत की परम्परा ने कभी पलायनवादी रूख नहीं अपनाया। भगवान श्रीराम तब भगवान श्रीराम बने, जब उन्हें गुरु वशिष्ठ मिले। भगवान श्रीराम के पास दिव्य अस्त्र तब आए, जब गुरु विश्वामित्र मिले। भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में तब प्रस्तुत हुये, जब उन्हें गुरु के रूप में महर्षि वाल्मीकि मिले। उत्तर से दक्षिण तक भारत की एकता तब आगे बढ़ी, जब महर्षि अगस्त्य जैसे ऋषि सामने आये।

# शाही ज़री के सम्मानजनक जुलूस और दफन की मांग



**अवधनामा ब्यूरो**

- 10 मोहर्रम की शाही ज़री को लेकर राजभवन पहुंचा प्रतिनिधिमंडल
- अफहाम-ए-जमा सोसाइटी ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** 10 मोहर्रम की शाही ज़री को लेकर अफहाम-ए-जमा सोसाइटी का प्रतिनिधिमंडल राजभवन पहुंचा विशेष सचिव राज्यपाल श्रीप्रकाश गुप्ता को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में 10 मोहर्रम को शाही ज़री का जुलूस सम्मानपूर्वक उठवाने की मांग की गई शाही ज़री को परंपरा के अनुसार विधिवत दफन कराने की भी अपील की गई प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि देशभर में ताजिया और ज़री 10 मोहर्रम को दफन किए जाते हैं।

हुसैनाबाद ट्रस्ट की शाही ज़री के संबंध में राज्यपाल से हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई की मांग की गई प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से नवाब मसूद अब्दुल्लाह (संरक्षक), सैय्यद मोहम्मद हसनैन (पूर्व आई0 जी0, सी0आर0पी0एफ0), प्रोफेसर आग़ा परवेज़ मसीह, सैय्यद मीसम नक़वी एडवोकेट, श्रीमती मिथलेश सिंह, यूवा आबिद एडवोकेट थे।

# सौर ऊर्जा क्षेत्र में उ.प्र. को राष्ट्रीय सम्मान

- अक्षय ऊर्जा विकास में देश का अग्रणी मॉडल बना उत्तर प्रदेश



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने सौर एवं अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अग्रणी पहचान स्थापित की है। भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम 'पीएम सूर्य घर के दो वर्षः एक करोड़ रूफटॉप तक सौर ऊर्जा का विस्तार' में उत्तर प्रदेश को पीएम सूर्य घर उत्कृष्टता पुरस्कार (च्ड ैनतलं ळींत म्गबमससमदबम ।ूतक) प्रदान किए जाने के लिए चयनित किया गया है।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा किए गए सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश में अक्षय ऊर्जा विकास का अग्रणी मॉडल बनकर उभरा है और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेसे आगे बढ़ रहा है। मंत्री शर्मा ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्रदेश में अब तक 9.91 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनके सापेक्ष 5.57 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इन संयंत्रों से 5.64 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित हुए हैं तथा प्रदेश में 1,888 मेगावाट से अधिक रूफटॉप सौर क्षमता विकसित की जा चुकी है। लाभार्थियों को अब तक 3,602 करोड़ से अधिक की केंद्रीय सब्सिडी तथा 1,200 करोड़ से अधिक की राज्य सरकार की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने च्ड ैनतलं ळींत ैजांमीवसकमत डवदपजवतपदह ैलेजमउ विकसित कर योजना की रियल-टाइम मॉनिटरिंग और पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया है। वर्तमान में प्रदेश में प्रतिदिन लगभग 2,000 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन किए जा रहे हैं तथा 6,000 से अधिक पंजीकृत वेंडरों के साथ उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में देश में अग्रणी स्थान पर है।

## समाज कल्याण विभाग की शैक्षिक पहल से मिली नई उड़ान

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने श्रम्म् मेंस व एडवांस्ड और बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक जे. राम ने बताया कि मिर्जापुर (मड़िहान) स्थित सर्वोदय विद्यालय को डॉ. अरुण कुमार तिवारी ट्रस्टी एक्स नवोदयन फाउंडेशन और टाटा एआईलाइफ इंश्योरेंस कंपनी के बैत् सहयोग से जेईई/नीट की निःशुल्क तैयारी हेतु 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया गया है। इस वर्ष कुल 11 विद्यार्थी श्रम्म् मेंस में सफल रहे। इनमें मड़िहान की छात्राओं दामिनी पटेल, अंवाला वर्मा, सृष्टि, शिवानी और रागनी ने श्रम्म् मेंस में सफलता प्राप्त की, जबकि प्रीति ने श्रम्म् एडवांस्ड के लिए भी क्वॉलीफाई किया।

# हमीरपुर पुल हादसे पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**अवधनामा ब्यूरो**



- बेतवा नदी पर निर्माणाधीन पुल गिरने की निष्पक्ष जांच हो : अजय राय
- पुल हादसे में भ्रष्टाचार और लापरवाही की आशंका : कांग्रेस
- मृतकों के परिजनों को मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने हमीरपुर में बेतवा नदी पर निर्माणाधीन पुल के ध्वस्त होने की दुखद और गंभीर घटना को सरकार की निर्माण व्यवस्था, प्रशासनिक जवाबदेही और श्रमिक सुरक्षा पर बड़ा सवाल बताया है। श्री राय ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच करा वास्तविक तथ्यों को जनता के सामने लाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि घटना में प्रशासनिक अकर्मण्यता और संभावित भ्रष्टाचार से इंकार नहीं किया जा सकता। श्री राय ने मृतकों के आश्रितों को पर्याप्त आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने घटनास्थल का दौरा कर उठाए गंभीर सवाल निर्माणाधीन पुल के ध्वस्त होने पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने घटनास्थल का दौरा किया और प्रभावित परिवारों व स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में अनेक गंभीर प्रश्न अनुत्तरित हैं। स्थानीय लोगों ने आशंका व्यक्त की है कि दुर्घटना में प्रभावित व्यक्तियों की वास्तविक संख्या और मृतकों का सही आंकड़ा अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया। कुछ मजदूरों के मोबाइल फोन घटना के बाद से बंद बताए जा रहे हैं, जिससे उनके परिजन चिंतित व असमंजस की स्थिति में हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि स्थानीय लोगों को आशंका है कि मलबे के नीचे अभी कुछ श्रमिक दबे हो सकते हैं। इस संबंध में व्यापक तकनीक सर्वेक्षण व स्वतंत्र सत्यापन कराना जरूरी है ताकि किसी तरह की मानवीय क्षति को छुपाया न जा सके। लगभग 92.5 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन पुल के अचानक ध्वस्त होने को एक सामान्य दुर्घटना नहीं मान सकते। अगर निर्माणाधीन पुल अपना ही वजन बर्दाश्त नहीं कर सका तो निर्माण की गुणवत्ता तकनीकी मानकों के अनुपालन और कार्यदायी संस्था की जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। प्रदेश कांग्रेस ने पूरे प्रकरण की जांच उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश या किसी स्वतंत्र उच्चस्तरीय आयोग से कराने, निर्माण संबंधित तकनीकी अभिलेख, गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट, भुगतान विवरण और अनुबंध सार्वजनिक करने, दुर्घटना के वक्त कार्यस्थल पर मौजूद सभी मजदूरों, कर्मचारियों व अधिकारियों की नामावली सार्वजनिक कर सत्यापन कराने और मृतकों व लापता व्यक्तियों की संख्या का स्वतंत्र रूप से दोबारा सत्यापन कराने की मांग की।

## पेट्रोल-डीजल की जमाखोरी पर सख्त हुए मंत्री

**लखनऊ।** खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने पेट्रोलियम कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों, खाद्य एवं रसद विभाग के प्रमुख सचिव तथा विभागीय अधिकारियों के साथ बापू भवन कार्यालय कक्ष में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर प्रदेश में पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता, पारदर्शी वितरण व्यवस्था एवं उपभोक्ता हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े निर्देश दिए। बैठक में मंत्री ने विशेष रूप से नेपाल एवं बिहार की सीमाओं से जुड़े जनपदों में पेट्रोल और डीजल की जमाखोरी तथा कालाबाजारी की प्राप्त शिकायतों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर वास्तविक उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम उत्पाद उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं तथा अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से तेल को अन्य राज्यों अथवा सीमावर्ती क्षेत्रों में ऊंचे दामों पर बेचे जाने की शिकायतें सामने आई हैं, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं। मंत्री ने पेट्रोलियम कंपनियों के अधिकारियों एवं जिला पूर्ति अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों की तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# महिला दुग्ध उत्पादकों को किया जाएगा सम्मानित : धर्मपाल सिंह

- डेयरी गतिविधियों से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि आज विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर प्रदेश में 1 से 7 जून तक सभी गौशालाओं में विशेष जागरुकता अभियान संचालित किया जाएगा।

अभियान के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला दुग्ध उत्पादकों को सम्मानित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक महिलाएं डेयरी गतिविधियों से जुड़ कर आत्मनिर्भर बन सकें। इसी के साथ प्रदेश की सभी गौशालाओं में स्वच्छता, पशु कल्याण, गोसंवर्धन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए श्री सिंह ने कहा कि देसी गाय पालने के लिए लोगों को जागरुक करें और प्रोत्साहन देने की व्यवस्था करें। प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत प्रतिमाह प्रति गोवंश 1500 रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है।

इसी के साथ 4 निराश्रित गोवंश लेने वाले किसानों और पशुपालकों को 72 हजार रुपये की सहायता 4 किस्तों में प्रदान करने के साथ गोवंशों की सुरक्षा के लिए पशुशेड निर्माण की व्यवस्था जिलाधिकारी के माध्यम से मनरेगा से की जाएगी। उन्होंने गौशालाओं व उनके आस-पास वृक्षारोपण कार्यक्रम कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देन और पशुओं के बेहतर व अनुकूल वातावरण विकसित करने को कहा। साथ ही माइक्रोप्लान तैयार कर पशुओं के टीकाकरण को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिये। बैठक में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने विभाग की अद्यतन स्थिति से अवगत कराते हुए आश्वस्त किया कि दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में विशेष सचिव पशुधन देवेन्द्र पाण्डेय, पीसीडीएफ के प्रबंध निदेशक वैभव श्रीवास्तव, दुग्ध विकास विभाग के विशेष सचिव रामसहाय यादव, डॉ. मेमपाल सिंह, निदेशक प्रशासन एवं विकास पशुपालन डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, अपर निदेशक डॉ. सगीता तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## विश्व दुग्ध दिवस पर पराग दुग्ध संघ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**लखनऊ।** दुग्ध संघ लखनऊ में सोमवार को विश्व दुग्ध दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुग्ध संघ की अध्यक्ष शिखा सिंह तोमर, दुग्ध संघ के महाप्रबंधक इन्द्रभूषण सिंह, दुग्धशाला विकास अधिकारी भानू प्रताप सिंह व उपदुग्धशाला विकास आकिारी अरविन्द्र कुमार यादव मौजूद थे। कार्यक्रम का आरम्भ श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वी. कुरियन, दुग्ध संघ लखनऊ के संस्थापक राय बहादुर गोपाल पाण्डया व सहसंस्थापक रणजीत सिंह की फोटो पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में इनोवेशन फॉर चेंज एनजीओ राजाजीपुरम के 60 बच्चे मौजूद थे। बच्चों को पराग दुग्ध के संबंध में अवगत कराया गया कि पराग दुग्ध बाजार में मिलने वाले अन्य ब्राण्डों के दुग्ध से क्यों अधिक शुद्ध और फ्रेश है।

कार्यक्रम में दुग्ध संघ पराग के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में बच्चों व दुग्ध उत्पादकों को पराग दुग्ध उत्पाद गिफ्ट के तौर पर दिये गये। बच्चों को दुग्ध सेवन के प्रति जागरुक भी किया गया।

# जनता दर्शन में केशव मौर्य ने सुनीं जनसमस्याएं

- शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश
- जनता दर्शन बना शासन और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय, 7-कालिदास मार्ग, लखनऊ में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा उनके त्वरित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुषों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं युवाओं ने सहभागिता की। फरियादियों ने भूमि विवाद, राजस्व संबंधी प्रकरणों, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, विद्युत, पेयजल, पुलिस कार्रवाई, शिक्षा एवं रोजगार सहित विभिन्न विषयों से जुड़ी समस्याएं उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत कीं। मौर्य ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण करें तथा पात्र व्यक्तियों को समयबद्ध राहत उपलब्ध कराएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता दर्शन शासन और जनता के बीच सीधे संवाद का एक सशक्त माध्यम है, जिसके माध्यम से लोगों की वास्तविक समस्याओं की जानकारी प्राप्त होती है तथा उनके समाधान की प्रक्रिया को गति मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मौर्य ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि ऐसा समाधान सुनिश्चित किया जाए जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक राहत मिले और उसे बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों एवं समाज के कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। भूमि विवाद एवं अवैध कब्जों से संबंधित मामलों को गंभीरता से लेते हुए उप मुख्यमंत्री ने संबंधित जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय जांच कर निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# भाषा विश्वविद्यालय ने दिया छात्रों को एक और मौका

**अवधनामा ब्यूरो**

- अब 11 जून तक कर सकेंगे एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ ने छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रवेश प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पहले 31 मई 2026 को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया समाप्त कर दी गई थी तथा 1 और 2 जून को करेक्शन विंडो खोली गई थी। छात्रों की लगातार आ रही मांग और सुविधा को देखते हुए विश्वविद्यालय ने रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 11 जून 2026 कर दिया है। इसके साथ ही, रजिस्ट्रेशन फॉर्म में सुधार (Correction Window) की सुविधा भी अब 10 जून 2026 तक उपलब्ध रहेगी, ताकि छात्र अपनी त्रुटियों को समय रहते ठीक कर सकें। विश्वविद्यालय द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, जिन पाठ्यक्रमों में लिखित परीक्षा आवश्यक नहीं है, उनकी मेरिट सूची 13 जून 2026 को जारी की जाएगी। वहीं बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.टेक, एम.टेक, एम.बी.ए., एम.सी.ए., बी.फार्मा एवं डी.फार्मा पाठ्यक्रमों के लिए लिखित परीक्षा 14 जून 2026 को आयोजित की जाएगी तथा इनकी मेरिट सूची 15 जून 2026 को घोषित की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे इस अतिरिक्त अवसर का लाभ उठाते हुए जल्द से जल्द अपना रजिस्ट्रेशन पूर्ण करें और अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं। कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने कहा 'छात्रों की सुविधा और उनके उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी योग्य अभ्यर्थी अवसर से वंचित न रहे। वहीं प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर सोबान सईद ने कहा 'छात्र निर्धारित तिथियों का ध्यान रखते हुए समय पर रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक सुधार अवश्य कर लें। यदि किसी अभ्यर्थी को किसी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ता है, तो वे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं या प्रशासनिक भवन स्थित हेल्पलाइन डेस्क से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं की हुई समीक्षा

**अवधनामा ब्यूरो**

- विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर मंत्री नरेन्द्र कश्यप का जोर
- विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष विद्यालयों में होगा वृक्षारोपण
- 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को विशेष विद्यालयों से जोड़ा जाएगा



**लखनऊ।** उ0प्र0 सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेन्द्र कश्यप (स्वतंत्र प्रभार) की अध्यक्षता में आज विधान सभा स्थित कार्यालय में विभागीय योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। कश्यप ने कहा कि पिछड़े वर्गों तथा दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु सरकार के पास पर्याप्त धन उपलब्ध और उसके उचित प्रयोग के लिए शासन स्तर पर कार्यवाही प्रगति पर। उन्होंने कहा कि आगामी 05 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर प्रत्येक ज़िला विभागीय स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाए और इसमें सभी की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए।

मंत्री ने शासकीय विशेष विद्यालयों में अध्यापकों की कमी को गंभीरता से लेते हुऐ कहा कि अध्यापकों के आभाव में विद्यालय का अस्तित्व अर्थविहीन है और शासकीय धन की बर्बादी है। अध्यापकों की स्थायी नियुक्ति तक संविदा के आधार पर अध्यापकों को रखा जाए और पढ़ाई-लिखाई शुरू की जाए।

'एक पेड़ माँ के नाम' से उ0प्र0 के शासकीय विशेष विद्यालयों यथाः संकेत, स्पर्श, ममता एवं प्रयास में भी योजनाबद्ध ढंग से वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाए और इस कार्य हेतु किसी को नोडल अधिकारी नामित किया जाए। इसी के साथ विश्व योग दिवस को भी वृहद रूप से मनाने की बात कही।

समस्त विभागीय योजनाओं की अद्यतन् प्रगति से मंत्री को अवगत कराते हुऐ पिछड़ा वर्ग कल्याण के प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह ने दोनों विभागों पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण को आपस में विलय करने की बात कही और विभाग की अपनी अलग वेबसाइट भी बनवाने पर बल दिया ताकि विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों को ससमय योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा सके। वर्तमान में यह दोनों विभाग, समाज कल्याण के अन्तर्गत कार्य करते हैं, जिस पर मंत्री ने विचारोपरान्त निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

मंत्री ने कहा कि आधुनिक युग के दौर में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग नाम से ही पिछड़ा और दिव्यांग है लेकिन हमारे प्रयासों से विभाग की अधिकतर योजनाओं की प्रगति शत-प्रतिशत हुई है। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति की धनराशि 2250/- से बढ़ा कर 3000/- करने के साथ ही वार्षिक आय 01 लाख से बढ़ाकर 2.5 लाख करने पर सरकार विचार कर रही है।

नरेन्द्र कश्यप ने राष्ट्रीय स्तर के समारोह द्वारा समाज में जागरूकता एवं विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार हेतु एक अभिनव पहल करने की बात कही। इस समारोह में बुकलेट, वर्क शॉप, कृत्रिम अंगों की प्रदर्शनी के साथ ही ऑनलाईन पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध करायी जायेगी। उ0प्र0 की सरकार समाज के पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है ताकि वह विकास की मुख्यधारा में सम्मिलित हो सकें।